इसके बाद पचायत ने सुनील को फिर पुकारा, दूसरे अभियोग की सफाई के लिए । बयान देते हुए सुनील ने वह सारा किस्सा पचो और

गाव वालो के सामने व्यक्त कर दिया कि किस प्रकार तार मिलने पर वह अनिल की तलाश करता लखनऊ के कोठे पर पहुचा और वहा शराब के नशे म धुत्त अनिल को शब्बो के साथ हमबिस्तर पर पाया।

सरपच न फिर उसने सबूत पश करने को कहा। सुनील ने अपनी जेब म एक दूसरा चित्र निकालकर सरपच की ओर बढाते हुए कहा—"यह रहा दूसरा सबूत, जिस मरे ही एक साथी ने कैमरे म चित्रबद्ध कर लिया था।'

पचो के अलावा गाव के लोग और विशाखा देवी न भी उस चित्र को देखा। उस चित्र म अनिल एक रूपवती वेश्या के हमबिस्तर हो गलबद्ध पडा था। पचायत ने सबूत के तौर पर इस चित्र को भी पजीबद्ध कर लिया।

दोनो तसवीरो के साक्ष्य ने सुनील के आचरण पर पवित्रता की मुहर लगा दी। बिना किसी लाग-लपेट के पचायत ने उसे और उसके साथी वसत को निर्दोष करार दिया। साथ ही यह आदेश भी हुआ कि "सुनील यदि इस गाव म रहना चाहे तो सम्मान के साथ रह सकता है और नहीं, तो उसे कहीं भी जाने की पूरी छूट है।'

फिर गाव की आवाज पर पचों न विशाखा देवी, रजनी, रतन और रतन के मा-बाप को पचायत के सामने हाजिर होने का आदेश दिया।

सबके हाजिर हो जाने पर पचो न रतन के मा-बाप को सलाह दी कि वे रजनी को अपनी बहू स्वीकार कर अपने घर ले जाए।

रतन के पिता रामलाल ने पचायत के सामने हाथ जोडकर कहा—"पचो, हमारे बाप-दादो से लेकर आज तक की पीढी इस गाव की मिट्टी मे पलती ढलती और सीखती आई है। यह गाव ब्राह्मण ठाकुर घरानो की बस्ती है। हम लोग उनकी प्रजा हैं। सदा से हिल मिलकर रहते और बाँट-बाटकर खाते आए हैं। आज तक हमारे बीच कभी विद्वेष की आग नहीं

लगी, लेकिन इस नालायक छोकरे और इस छोकरी के कारण स्थिति आज यहां तक भी पहुंच गई है। इसे मैं कभी बरदाश्त नहीं कर सकता! इसलिए पंचों से हमारी अर्ज है कि व ठाकुर खानदान की इस लड़की को अपनी पुत्रवधू बनाने के लिए हम मंजूर न करें, जो लड़की जवानी के जोश में अंधी होकर अपनी इज्जत लुटा सकती है, उस पर कैसे विश्वास किया जाए कि कुलवधू बनकर आने पर वह हमारे घर को तबाह नहीं करेगी? सुनील जैसा लड़का यह गांव तो क्या इलाके में भी खोजने से न मिलेगा। पता कितनी नसीब लेकर आई थी यह लड़की, जो इस सुनील जैसा हीरा भाई मिला था। लेकिन इस बदनसीब ने उसे भी कहीं का न छोड़ा। रही रतन की बात तो इस जैसे पतित पुत्र का आज से हमने त्याग किया। पंचायत उसे जो भी सजा देना चाहे दे सकती है।"

इसके बाद पंच कुछ देर के लिए उठकर एकांत में चल गए। वहां से परस्पर विचार विमर्श के बाद उन्होंने अपना फैसला सुनाया—रजनी के भ्रष्ट आचरण के कारण पंचायत उसे समाज से बहिष्कृत करती है और अनिल को आदेश देती है कि वह चौबीस घंटे के भीतर यह गांव हमेशा के लिए छोड़ दे, क्योंकि यदि वह इस गांव में रहता है तो उसकी दुश्चरित्रता का प्रभाव यहां के दूसरे बच्चों पर पड़ेगा और उनका जीवन बरबाद होगा। और रजनी— हालांकि उसका अपराध भी अक्षम्य है, लेकिन वह एक नारी है, इस गांव की इज्जत है इसलिए पंचायत उसे क्षमा दान देती है। साथ ही यह हिदायत भी करती है कि भविष्य में ऐसा आचरण बरते, जिससे कि किसी को उंगली उठाने का मौका न मिले।'

पंचायत के इस फैसले पर गांव वालों ने संतोष व्यक्त किया। मजमा बरखास्त होने ही वाला था कि इसी समय सुनील ने आकर पंचों के सामने प्रार्थना की— स्व० कैप्टेन साहब ने अपनी वसीयत के अनुसार मुझे अपनी

जायदाद के एक हिस्से का वारिस करार दिया था, उस जायदाद का सदुपयोग हो, इसलिए मैंने उस गाव की पाठशाला को दान म द दिया है। मेरी इच्छा है कि आज स उस जायदाद की देख रेख पचायत अपन हाथ मे ले और उसस मिलने वाली आय को स्कूल के विकास म खच करे।' और उसने अपना लिखित दानपत्र एव कप्टेन साहब का वसीयतनामा दोना ही कागजात पचायत को सौप दिए।

पचायत म पचो से लेकर गाव के आबाल वृद्ध वनिता सभी न उसकी भूरि भूरि प्रशसा की और उससे आग्रह किया कि वह उस गाव का ही होकर रह जाए, लेकिन सुनील इसके लिए राजी न हुआ।

पचो और गाव वालो से विदा ले वह भीड भाड से दूर एकात म बठी विशाखा के पास आया और झुककर चरण स्पश करत हुए बोला—"मुझे माफ कर दो, मा! मैं जा रहा हू।

उदास मुख गुमसुम बैठी विशाखा भविष्य की चिता म इतना खो गई थी कि उस सुनील के आकर चरण स्पश करने का आभास तक न मिला। वह तो चौंकी तब, जब सुनील ने उससे क्षमा मागते हुए जाने की इजाजत मागी।

सुनील के चेहरे पर पडते लालटेन के झिलमिल प्रकाश म विशाखा ने देखा—उसकी आखो म आसू की अविरल धारा बह रही है और वह अपने दोनो हाथ जोड अपराध भावना स ग्रस्त उसके आगे खडा है।

विशाखा ने निरतर सोलह वर्षों तक उसे अपनी औलाद के समान पाला-पोसा था। उसने अपने मन म कभी यह विचार पनपने न दिया कि सुनील उसका अपना बेटा नही है। लेकिन आज एक अदना-सी बात पर अपनी नालायक सतानो के बहकावे म आकर अपने इस हीरा बेटे पर आवेश म आकर क्या-क्या जुल्म नही ढाया? उसे लाछित कर घर से निकाल बाहर किया। उसे अपन

पश्चात्ताप हो रहा था। वह यही सोच रही थी—सुनार को किस प्रकार घर वापस लौटाया जाए ?

और एकाएक सुशील को सामने खड़ा देखकर वह अपने को रोक न सकी। उसके भीतर की मां जाग उठी—और, 'बेटा' कहती झपट पड़ी उसकी ओर। अपनी दोनों बाहों में समेट छाती से चिपकाये कभी देर तक आंसू बहाती रही।

उसकी सिसकती आवाज पंचायत का नजारा देखने आई गांव की स्त्रियों के कानों तक पहुंची। वे उठ उठकर उसके पास आईं और काफी प्रयत्नों के बाद उसे समझा-बुझाकर चुप कराया।

उसके स्वस्थ चित्त होने पर सुशील ने फिर कहा— मुझे आशीर्वाद नहीं दोगी मां! क्या, मुझसे अब भी नाराज हो!'

विशाखा आखिर थी तो उसकी मां। बेटे के दयनीय स्वर में माफी मांगने पर उसका हृदय विकल विह्वल चीत्कार उठा और उसे अपने अंक में समेटती हुई बोली—'नहीं बेटा नहीं, मैं तुझ पर नाराज नहीं हूं। मुझे खुद तेरी महानता के आगे टिके रहने में लज्जा आती है। मैं कितनी अंधी हो गई थी जो तुझे समझ न पाई और जाने कितना जुल्म किया। मुझे माफ कर दे, बेटा! मां की भूल को यदि उसका बेटा नहीं क्षमा करेगा, तो दूसरे उसे कभी क्षमा नहीं करेंगे।'

'ऐसा न कहो मां! मां—मां होती है, वह महान होती है। बेटे से उसका दर्जा बहुत ऊंचा है—पूजनीय है। मुझसे क्षमा मांगकर मुझे नरक का भागी न बनाओ! बेटा, बेटा ही रहेगा और मां—मां!'

'तो तूने मुझे माफ कर दिया, बेटा!

'माफी तो मुझे मांगनी चाहिए मां, जिसके कारण आज तुम्हें इतना दुख पहुंचा!'

'नहीं बेटा! आज जो कुछ हुआ अच्छा ही हुआ। इसमें कम से कम

अरधान (कविता संग्रह 1984)

सी 50 गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

हीरे और कोयले की पहचान तो मिल गई। आज यदि यह घटना न घटती तो मैं जाने कब तक अंधकार में डूबी रहती? ईश्वर जो करता है सब ठीक ही करता है। अच्छा, अब चल घर चलें।"

'नही मां! मुझे जाने दो! देर हो रही है।

"फिर मैं कैसे मान लू, तूने मुझे माफ कर दिया।'

"मुझे गलत न समझो, मां! समय पर यदि पहुचा नही तो परीक्षा कैसे दे सकूगा?"

"तू परीक्षा देगा—और जरूर देगा! लेकिन इस रात में समय नही जाने दूगी। कल एकदम भोर के समय यहां से रवाना हो जाना।' और उसकी बाह पकड़ खींच ले गई घर की ओर।

तीन

जयपुर भारत का राजभवन—बनारसी वक्र और दिल्ली भी फीकी पड़ गई है आज इसके सामने। स्टेशन से बाहर आते ही इसकी लंबी-चौड़ी सपाट सड़कें यात्रियों पर अपने प्रभाव का द्विगुण छाप पहले ही छोड़ती हैं। अपूर्व आकर्षण का केंद्र बिंदु 'अशोक नगर'—जिसके निर्माण में सृष्टि के आधुनिक विश्वकर्मा श्री एम० विश्वेश्वरया ने अपने जीवन की संपूर्ण कला उड़ेल दी। राजपथ प्रतीक 'चौड़ा रास्ता' महानगर के अतीतकालीन उत्कर्ष वैभव का स्मरण आज भी कराता है। 'रामगंज' का चकला—सामने ही अवस्थित जयपुर नरेश के हवा महल से कुछ कम चित्ताकर्षक नहीं ?

बी० ए० फाइनल परीक्षा देकर इलाहाबाद छोड़ने के बाद आठ वर्षों से इसी नगर में निवास कर रहा था सुनील। दैनिक 'राजस्थान समाचार' के विशेष प्रतिनिधि के रूप में उसने अच्छी ख्याति अर्जित कर ली थी। गौरा गांव से उसने अपने संबंध विच्छेद कर लिए हों, ऐसी बात न थी। वेतन मिलते ही वह मां के खर्च के लिए पैसे हर महीने भेज दिया करता था। तब यह बात जरूर थी कि वह जिस दिन से वहां से आया, भेंट मुलाकात के लिए एक दिन को भी न गया। ऐसा उसने जान बूझकर नहीं किया बल्कि उसका काम काज इतना विस्तृत हो चुका था कि कभी अवसर ही न मिला गौरा गांव जाने का। इस बारे में मां विशाखा का जब कभी शिकायत भरा पत्र आता तो अपने व्यस्त जीवन

का उल्लेख करते हुए विनम्र भाव में उत्तर भेज देता। आज मां का पत्र फिर आया था। पत्र के मजमून बहुत ही गंभीर थे, पर अस्पष्ट! आठ वर्षों के अन्तराल में विशाखा ने इतना गंभीर पत्र कभी नहीं भेजा था। लिखा था—'भोजन यहीं करना, हाथ यहीं धोना!'

वह सोच रहा था—"मां ने ऐसा क्या लिखा? उसने आज तक ऐसा पत्र कभी नहीं भेजा। लगता है मां किसी गंभीर संकट में है, अन्यथा ऐसा कभी न लिखतीं—मुझे जाना ही चाहिए—जरूर जाऊंगा! जीवन में प्राण फूंकने वाली जननी की पुकार तो सुननी ही होगी।" और दूसरे ही क्षण वह बिस्तर बांध चल पड़ा गौरा गांव की ओर!

दो दिन की लंबी ट्रेन-यात्रा के बाद वह घर पहुंचा। दिन डूब चुका था। विशाखा को पूरा विश्वास था कि सुनील आएगा जरूर। इसीलिए वह उसका इंतजार करती दरवाजे पर ही बैठी थी। बेटे के आने की प्रतीक्षा वह तीन रोज से कर रही थी। दरवाजे पर तांगा रुकते ही वह झपटकर उसके पास आई। देखा, उसका बेटा नांच से नीचे उतर रहा है। आनंद विभोर मां की ममता नाच उठी। अपना सारा वात्सल्य न्योछावर करने लगी बेटे पर।

सुनील उसका चरण-स्पर्श करने को नीचे की ओर झुका तो मां ने दोनों भुजाएं पसार उसे अपने में समाहित कर लिया। अद्भुत मिलन था मां और बेटे का। दरवाजे पर पास पड़ोस का काफी मजमा जमा हो गया। गुरुजनों ने उसकी मंगल-कामना में अपने आशीर्वचनों की झड़ी लगा दी। यह दृश्य काफी समय तक बना रहा। देर रात गए तक कुशल-क्षेम की बातें होती रहीं।

भीड़ छंट जाने के बाद सुनील की निगाह हवेली की ओर गई। ऊंचा-पूरा मकान अनेक स्थानों से खंडहर बन चुका था। दरवाजे के ढोर डांगर बिक चुके थे। बाग-बगीचा, खेती-बारी महाजनों के हाथ

बेनामी हो चुके थे या रहन। हवेली के बाहर के सिर्फ दो कमरे कुछ अच्छे हालात में थे, जिनमें रजनी के साथ जीवन बिता रही थी विशाखा। गृहस्थी की इस बरबादी का ब्यौरा सुनीत को पता और उसके साथ राह दिखावा।

उद्विग्न और खिन्न मन कुछ शांत होने पर सुनीत ने कहा—"मां यह सब बरबादी आप अपनी आंखों से देखती रहीं और रोकने का जरा भी प्रयत्न न किया ?"

मैं असहाय विधवा नारी कर भी क्या सकती थी, बेटा !'

और यह नौबत आई कैसे ?

"यह सब कुछ अनिल ने किया। उसने बाग-बगीचा, जमीन जायदाद सब कुछ बेच दिया। उसका बस चलता तो यह मकान भी बेच दिया होता, लेकिन मौके पर बंबई से बसंत आ पहुंचा और गांव के कुछ लोगों को साथ लेकर अपनी टांग अड़ा दी। लेकिन दो दिन बाद जब बसंत वापस चला गया तो अनिल ने रात के समय मजदूरों को साथ लेकर इस हवेली का खंडहर बना गया। ये दोनों कमरे भी नहीं बचे होते—संयोग से मेरी आंख खुल गई और मैंने शोर मचा दिया। देखते देखते गांव में जागरण पड़ गया और लोग-बाग दौड़ पड़े इस हवेली की ओर। उमड़ती भीड़ को देखकर अनिल मजदूरों को साथ ले डरकर भागा। तब फिर नहीं आया। पता चला है कि वह आज भी इलाहाबाद में शब्बो नाम की किसी तवायफ के घर रहता है और जायदाद की बिक्री की रकम मुट्ठी खोलकर लुटा रहा है।

लेकिन अनिल को तो पंचों ने गांव से निकाल दिया था।'

हां, जरूर निकाल दिया था। लेकिन इसके खिलाफ अनिल ने कोर्ट में मुकदमा दायर किया। कई महीनों की भागमभाग के बाद अदालत ने उसका निष्कासन रद्द कर दिया।

"इतनी बड़ी घटना घट गई और आपने मुझे भी खबर न दी।"

"पिछला दृश्य मेरी नजरों के सामने था। अनिल अब वह अनिल नहीं रह गया है। वह नामी गुंडा बन चुका है। तुम्हें बुलाने का मतलब होता, अनिल के साथ तुम्हारा युद्ध। इतनी सारी बरबादी के बाद, सिर्फ तुम्हीं बच रहे हो मेरे बुढ़ापे का सहारा। अब मैं कोई ऐसा काम नहीं होने देना चाहती, जिससे मेरा यह सहारा भी छिन जाए। इसीलिए इस बरबादी की भनक तुम्हें न मिलने दी बेटा! लेकिन पानी जब नाक तक आ गया और बांध टूटने से रोक सकना मेरे बूते के बाहर हो गया तो तुम्हें खबर देनी पड़ी।"

"ऐसी क्या बात हो गई, मां जी!" सुनील ने गंभीर मुद्रा में पूछा।

"गोरा गांव छोड़कर तुम्हें गए लगभग आठ साल पूरे होने जा रहे हैं। इन आठ सालों में रतन तीन बार जेल गया और आया। पहली बार यहां की पंचायत ने तुम्हारे ही सामने उसे भिजवाया। दूसरी बार चोरी डकैती और जुआ शराब के धंधे में और तीसरी बार अपने ही चाचा की हत्या के सिलसिले में। अब करीब दो महीना पहले ही वह जेल से छूटकर आया है। आने के तीन-तीन रोज बाद ही वह रजनी को लेकर फरार हो गया। काफी तलाश के बाद इसी हफ्ते में पुलिस की मदद से उसे घर लाने में सफल हुई। बेटा, यदि जल्दी ही इसको, कोई सुपात्र लड़का देखकर ठिकाने न लगाया गया तो इसका जीवन बरबाद हो जाएगा।"

"मुझे क्षमा करेंगी, मां जी! आज जमाना काफी बदल चुका है। जात-पात का भेद भाव आज के आधुनिक समय में कोई नहीं पूछ रहा है। इस रूढ़ परंपरा को दकियानूस खयालों की उपज माना जा रहा है। मेरे विचार में, रजनी यदि रतन के साथ ही घर बसाना चाहती है तो आप इसमें बाधा न डालिए।" सुनील की आवाज पूर्ववत गंभीर थी।

विशाखा ने उसकी सलाह का विरोध तो न किया, लेकिन उसने जो तर्क पेश किया वह सचमुच घोर चिंता की बात थी। उसने कहा—' बेटा, मैं तुम्हारी बात का विरोध नहीं करती क्योंकि कुल खानदान के नाम पर जो धब्बा लगना था वह तो लग चुका। उसे अब कोई मिटाना भी चाहे तो कभी नहीं मिटा सकता। नारी जब एक बार बदनाम हो जाती है तो वह दुनिया की निगाह में जीवन भर उपेक्षा और घृणा की पात्री बनी रहती है। रजनी अब कितनी भी नेक चाल चले, समाज अब उसे कभी आदर-मान नहीं देगा—वह लांछित ही रहेगी। सवाल तो यह है कि तुम्हारे कहने से आधुनिकता के नाम पर यदि मैं इस संबंध को स्वीकार भी कर लूं तो इससे क्या रतन के गंदे संस्कार मिट जाएंगे? रतन का एक पांव जेल के सीखचों के बाहर और एक भीतर रहता है। इससे क्या रजनी का जीवन सुखी हो सकेगा? रतन के संस्कार यदि अच्छे होते तो अपनी ही गली मोहल्ले की किसी बेटी-बहन को लेकर क्यों भागता? ओछे संस्कारों के लोग ऊंचे संस्कार वालों में घुल मिल जाने का सपना तो देखते हैं, लेकिन वे परस्पर में ही छुआछूत का बीज बोए हुए हैं। नाई, धोबी, दरजी, बढ़ई, कुनबी, कुम्हार आदि छोटे तबके के पहले अपने ही बीच के छुआछूत मिटाकर अपने संस्कारों में परिवर्तन क्यों नहीं लाते? क्यों नहीं आपस में रोटी-बेटी का संबंध कायम करते? पहले ये लोग अपने में सुधार लाएं पीछे बड़ी जातियों में मिलने का सपना देखें तो कोई बात भी बने।

'लेकिन रजनी तो इतनी दूर की नहीं सोचती, मां जी!" सुनील ने प्रतिवाद किया।

'हां रजनी इतनी दूर की नहीं सोचती? इसीलिए तो आज उसके माथे पर बदनामी और कलंक का सेहरा बंधा है और आगे का भविष्य भी घोर अंधेरे का शिकार है। इस कुलबोरन बेटी ने अपने को तो नरक

म ढकेला हो, साथ ही हम भी ले डूबो, आर उससे निपटना मुश्किल हो रहा है। अब कौन थामेगा इसका हाथ ? घर म इतनी दौलत जायदाद नही कि धन के बूते पर किसी सुपात्र या गरीब्वर इसके हाथ पीले कर दू।" बोलकर विशाखा गभीर दृष्टि स सुनील की ओर देखने लगा।

सुनील ने गभीर स्वर म जवाब दिया—"माजी, आपने दुनिया देखी है, सामाजिक दुनियादारी को अच्छी तरह समझती हैं। इस सबध म जितना आपका सोचना वाजयाव रहगा, मरा नहो। फिर भी आपने पूछा है तो कुछ जवाब तो देना ही है—रजनी यदि यह समझती है कि रतन के साथ उसका जीवन सुखी-सानद और मर्यादित रह सकेगा तो मैं बार-बार यही सलाह दूगा कि रतन चाहे जसा भी हो, उसके साथ रजनी का घर बसा लेने दीजिए। रही कुल-परपरा की बातें—तो ये सब मनुष्य के रचे भ्रमजाल हैं। कौन कह सकता है, जिस समय इस प्रकार की लोक-मयादा की बुनियाद रखी गई, उस समय देश काल और सामाजिक परिस्थितिया का रूप रखा कैसी थी ? आज हम अनजाने म न तो पिछले रीति रिवाजो की प्रशसा कर सकते हैं और न ही आज की विद्रोही परपरा की निंदा। यदि सूक्ष्म रूप म विचार करें तो परपराए चाहे पुरातन हो या आधुनिक सब एक-दूसरे की पूरक हैं। हम किसका पालन करें किसका नहीं—कुल-परिपाटी और रीति रिवाज परिस्थितियो के अनुरूप बनते बिगडते रहते हैं। आज बहुत जरूरी है कि हम बदली परिस्थितियो के अनुरूप अपनी परपरा की नई बुनियाद रखें। यदि हम पुरातन पुरुषो के आदर्शों को ही लेकर चलें, तो उस हिसाब से भी रजनी और रतन को अपना ससार बसाने का अधिकार मिलना चाहिए।"

यद्यपि विशाखा को मनु का तक कुछ जचा नहा, लेकिन इसके अलावा और कोई उपाय भी नही था। इसलिए मजबूर होकर उसने भी हामी

भर ली। दूसरे दिन उसने रजनी से कहा कि वह रतन को बुला लाए इस सबंध में बातचीत करने के लिए।

रतन के घर जाकर रजनी ने उसे मां का संदेश सुनाया। जवाब में रतन ने कहा—'सुनो, रजनी! पिताजी ने मेरी शादी कहीं और जगह पक्की कर दी है। इसलिए इस संबंध में तुम्हारे घर जाकर बातचीत करने का अब सवाल ही नहीं उठता!

'और आज तक तुम इतना लंबा चौड़ा जो सब्जबाग दिखाते आए उसका क्या होगा रतन?' रजनी ने आहत होकर कहा।

रतन भी कुछ कम न था। उसने तुरंत जवाब दिया—'मैंने तुमको सब्जबाग दिखाया? क्या कहती हो? इतना सफेद झूठ नहीं बोला करते, रजनी!'

"सफेद झूठ, मैं बोल रही हूं?

'और नहीं तो क्या? याद करो अपनी पिछली बातों को, जब तुम अक्सर कहा करती थीं—जवानी है ही हंस-खेलकर बिता लेने के लिए रतन! जो मजा—जो आनन्द इस मुक्त मिलन में है, वह शादी में कहां? शादी—कठोर सामाजिक बंधन का दूसरा नाम है इसमें मनुष्य के उन्मुक्त विचरण पर पाबंदी लग जाती है।'

"परिहास को सचाई में बदलने की कोशिश मत करो, रतन! मैं पके आम की वह गुठली नहीं, जिसका सत्व निचोड़कर लोग फेंक देते हैं कूड़े के ढेर पर।

'सत्व की बात न करो, रजनी! वह तो कबका निचुड़ गया। अब तो तुम प्लास्टिक की बेजान गुड़िया मात्र रह गई हो जिससे मौके-बेमौके सिर्फ मन बहलाया जा सकता है और, तुम्हारा यह अधिकार मेरे पास

उस जनपद का ...
अरघान (कविता संग्रह 1984)
सी 50 गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

आज भी सुरक्षित है।"

"रतन ।'

"चीखो नहीं, रजनी ! यह तो जानती ही हो कि शादी का मंडप पूजा-स्थल होता है और पूजा में देवता पर ताजा फूल चढ़ता है बासी नहीं।'

"रतन, सोच-समझकर बातें करो ? ऐसा न हो कि जो काटा आज तुम बो रहे हो कल बड़ा होकर तुम्हें ही दंश कर जाए।"

"इसका भी ख्याल तुम्हीं रखो, रजनी ! मैं तो पुरुष हूं—नीलकंठ महादेव ! हर जहर पचा जाने की मुझमें क्षमता है। लेकिन अब तुम्हारा क्या होगा ? कोई भलामानुस अब तैयार भी होगा या नहीं तुम्हें अपनाने को। वह तो सिर्फ मैं एक था—जिसने गले का हार बनाकर अपने हृदय आसन पर बिठा तुम्हें मान-सम्मान के साथ अपनी रानी बनाना चाहा। लेकिन अब ?"

"लेकिन अब क्या ?'

"सारा खेल खतम हो गया, रजनी ! न तो तुम हार बन सकी और न ही रानी।"

'खेल खतम नहीं हुआ, रतन ! सच पूछो तो अब शुरू हुआ है।"

"मतलब ?'

"तुमने अब तक नारी को पुरुष के गले का हार बनते देखा है, नागिन बनते नहीं ? तुमने मेरा एक रूप तो देख लिया, अब दूसरा भी जल्दी ही देखोगे ?'

"उस दिन का भी इंतजार करूंगा।"

"जरूर करना !" बोलकर रजनी तेजी से मुड़ी और घर की ओर चल दी।

रतन ने रजनी से शादी करने से इनकार कर दिया इसकी खबर विशाखा और सुनील दोनो को मिल चुकी थी। दोनो ही उसके भविष्य को लेकर चिंतित थे। रात के भोजन के बाद सुनील जब अपने बिस्तर पर विश्राम के लिए गया तो विशाखा भी आकर उसके पास बैठ गई। काफी देर तक गुमसुम बैठी रही, शायद सुनील कोई चर्चा छेड़े। लेकिन जब उसने देखा कि वह कुछ नही बोल रहा है तो खुद ही बोली—'बेटा सुनील अब क्या होगा रजनी का ?'

'मेरी भी समझ मे कुछ नही आ रहा है, मा जी !" सुनील दुखी स्वर मे बोला।

बेटा अब आशा की सिर्फ एक किरण शेष बची है। यदि वह स्वीकार ले तो रजनी का जीवन बरबाद होने से बच जाएगा।"

'आप किसी लड़के की बात कर रही हैं क्या ?' सुनील ने पूछा।

विशाखा ने गभीर होकर कहा—'हा, रजनी के योग्य एक बहुत अच्छा लडका है और नजदीक ही मे। लेकिन जाने क्यो मेरा ध्यान उस ओर नही गया और ऊल जुलूल के पचडो मे पडकर इधर उधर तैरती परेशान रही।'

'कौन है वह ? कहा रहता है ? क्या करता है ? चौककर सुनील ने एक पर एक कई सवाल जड डाले।

'लेकिन डरती हू कही उसने इनकार कर दिया तो ?"

'इनकार क्या करेगा ? यदि आप लोगो का उस पर थोडा सा भी एहसान है तो इनकार करने का सवाल ही नही उठता।

'एहसान तो उस पर बहुत हैं, बेटे ! लेकिन आज किस पर भरोसा किया जाए—किस पर नही यह कहना बडा कठिन है। अब पहले जैसा समय नही रहा, आज एहसानो को भूल जाते तनिक भी देर नही लगती।'

लेकिन वह लडका कौन है ? उससे एक बार चर्चा चलाकर तो

प्रस्थान (कविता सग्रह 1984)

सी-50 गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

देखिए ? बातचीत करके देखने मे हज भी क्या है ?"

"हज तो कुछ भी नही है, तभी तो तुमसे बातें कर रही हू। फिर कभी-कभी यह भी विचार उठता है कि यदि रतन जैसे गिरे हुए इसान के पीछे हम भाग सकते हैं तो तुम क्या बुरे हो जो रजनी का हाथ नही थाम सकते ?"

"मा जी ! " चौंककर बिस्तर से उठ बठा सुनील—"मा जी, आपने यह क्या कह दिया।"

"घबराओ नही, सुनील ! मैंने कुछ बुरा नही कहा। तुमसे बढकर अच्छा और योग्य लडका दूसरा कौन हो सकता है, रजनी के लिए ?'

"बिना समझे-बूझे आपने यह क्या कह दिया, मा जी ! आपने मुझे बेटे की तरह पाला पोसा और जवान बनाया। मेरे शरीर के बूद-बूद रक्त मे प्रवाहित है इस घर का नमक। इस घर के मेरे ऊपर इतने एहसान हैं कि मैं उन्हें कभी चुका नही सकता ? लेकिन इतना सब होते हुए जहा रिश्ते नातो का प्रश्न उठता है, उस खयाल से, आप चाहे जो कुछ समझें, लेकिन मेरी दृष्टि मे रजनी मेरी बहिन है और बहिन के साथ विवाह-सबध नामुमकिन है मा जी ! यह कदम उठाकर मैं पाप का भागी कभी नही बनूगा, मा जी ! पास पडोस और समाज के लोग क्या कहेंगे ? यही न कि इस नमक हराम ने जिस थाली मे खाया उसी म छेद किया।"

"तुम्हारा तर्क अपनी जगह पर किसी सीमा तक ठीक है, बेटा ! लेकिन फिर भी यदि तुम रजनी का हाथ थाम लो तो पाप के भागी कभी नही होगे। रजनी और तुमने सहोदर भाई बहन के रूप म एक कोख स तो जन्म नही लिया ? तुमम और रजनी मे खून के रिश्ते का कोई मेल नही ? यह ठीक है कि तुम दानो पले एक ही घर मे, एक ही अन्न वस्त्र पर। जब कप्तेन साहब तुम्हें इस घर मे लेकर आए तब दुनिया जहान, मैंने या खुद कैप्टेन साहब ने भले ही यह समझा हो कि तुम अनाथ हो, असहाय हो

लेकिन कौन जानता है ईश्वरीय विधान को ? शायद इसी बहाने इस घर का दामाद बनाकर तुम्हें समय से पहले ही यहां भेज दिया गया ! कप्टेन साहब ने अपने जीवन में कभी किसी का दिल नहीं दुखाया, बेटा ! औलाद का घर बसाने से पहले ही उन्हें बुला लिया जाएगा यह बात हम तुम्हें तो नहीं, लेकिन जन्म देने वाले परमपिता को यह बात मालूम थी। इसीलिए उसने तुमको यहां पहले ही भेज दिया, ताकि उस देवता समान कैप्टेन साहब की कन्या अविवाहित न रह जाए। रजनी के साथ तुम्हारा पाणिग्रहण संस्कार दैवी योगायोग है, बेटा ! इसके लिए न तुम पाप के भागी होगे न रजनी और न ही हम या और कोई !'

सुनील ने दीर्घ उसांस ली। उसका अंतर फुसफुसाया— अच्छा पुण्य कमा रही हो मां ! जिसने इस घर का नमक खाया, रजनी को अपनी बहिन माना और तदनुसार ही उसके साथ आचरण-व्यवहार किया उसी के साथ जबरन ब्याह रचा रही हो ! खुद तो घोर पाप में डूब ही रही हो, साथ ही मुझे भी डूबो रही हो ! स्वार्थवश पराभूत व्यक्ति को कौन समझाये कि पाप-पुण्य मनुष्य की सूझ-बूझ से उपजे उसके दुष्कर्म और सत्कर्म के फल हैं।'

एक ओर उसका कर्तव्य पुकार रहा था—'इस घर का नमक खाकर इतने कृतघ्न न बनो कि उसके प्रति अपने फर्ज भी भूल जाओ !'

दूसरी ओर यह स्वर रह-रहकर कानों में झनझना उठते— यह ठीक है कि तूने इस घर का नमक खाया लेकिन फर्ज के नाम पर, अपने माथ पर क्या कलंक का टीका लगवाएगा ? जो कभी धुल न सके ! जिसको तूने आज तक बहिन के रूप में देखा, अब उसी के साथ ब्याह रचायेगा ? छि छि, यह घोर पाप है। अरे कुछ सोच तो सही—यदि तूने ऐसा कर लिया तो तेरे और उन सफेदपोशों में फर्क ही क्या रहा ? सफेदपोश जो दिन के उजाले में जिसको बहिन कहता है—रात के अंधेरे में उसी का

परदा टूटा, आबरू लूटता है।'

विफर उठा मनोद्वेग—'कहा जाए ? ससार मे ऐसा कोई स्थान बचा भी है, जहा पाप-पुण्य, धर्म-कर्म की ओट लेकर इतन जघन्य, क्लीव निंदित दुष्कर्म नही होते हैं। अरे, घर घर की यही कहानी है। लुक छिपकर भाग जाने मे लोग पलायनवादी कहेंगे। कहेंगे—कायर था, कापुरुष था—भाग गया डरकर जीवन सग्राम स।'

भयकर टकराव हुआ कत्तव्य की पुकार और आत्मा के स्वरा म। दोना न एक दूसरे की शक्ति आजमाई। लेकिन हार जीत का फसला अनिर्णीत ही रहा। उसन विशाखा पर अपने मनोभाव प्रकट न कर सिफ इतना ही कहा—"जाने क्या मन इस रिश्ते को स्वीकारने स बिन्ध रहा है।"

'बेटा, अब तुम जवान हो चुके हो। मैं कितना भी चाहू तो तुम्हें बाधकर जबरन्स्ती कोई काम तुमसे नही करा सकती। सिफ इतना जानती हू कि रजनी को समाज पतित घोषित कर चुका है। जिस रतन ने उसे तबाह किया, उसने भी उसका हाथ थामने से इनकार कर दिया। अब यदि तुम भी इनकार करते हो तो रजनी के लिए सिफ आत्महत्या के और कोई रास्ता नही बचा है। इसलिए तुम अपने पर इस खानदान का यदि थोडा भी एहसान मानते हो ता मैं बार-बार यही निवेदन करती हू कि रजनी को बरबाद हाने से बचा लो। इस नेक काम स न केवल एक असहाय नारी बरबाद होने से बच जाएगी, बल्कि इसी बहाने तुम्हे अवसर मिला है इस खानदान के एहसानो का बदला चुका देने का।"

विशाखा की बाता का जवाब देने के लिए सुनील ने अपनी जबान खोली ही थी कि इसी समय वसत ने आकर उस सूचना दी—'भाई सुनील, जल्दी करो।"

'क्या, क्या बात हो गई ?" सुनील ने अकुलाहट के स्वर म पूछा।

"यह सब बाद म पूछना ? अभी तो जल्दी चलो, मेरे साथ।"

सुनील जल्दी से अपने बिस्तर से उठा। पांवों म चप्पलें डालीं और चल पडा वसंत के साथ गाव के बाहर अमराई की ओर।

वहां पहुचने पर उसने जो दृश्य देखा शरीर पसीने-पसीने हो गया। खून से लथपथ रतन औंधा हो जमीन पर पडा था और लंबे फाल वाला एक रक्तरंजित छुरा हाथ मे लिये रजनी उसके पास खडी थी। उसके मुख से बार बार एक ही वाक्य प्रस्फुटित हो रहा था—"कामी, कुत्ते, उठ और बहला ले अपना मन प्लास्टिक की इस बेजान गुडिया से। "

बोलकर वह पुन और दूसरा वार करने ही जा रही थी कि तभी लपककर सुनील ने उसके छुरे वाले हाथ की कलाई मजबूती से पकड ली। रजनी ने पलटकर उसकी ओर देखा और उसकी पकड से अपनी कलाई छुडाने का प्रयत्न करती हुई बोली—"बडे मौके से आए हो तुम दोनों भी। मेरा जीवन बरबाद करने म तुम दोनों ने कोई कसर नही छोडी। लेकिन तुम लोग भी जाओगे कहां बचकर।"

बाग म कोई हादसा हो चुका है, इसकी भनक गाव वालो के कानों तक भी जा पहुची। लोग लाठी, भाला, लालटेन और टार्च आदि से सुसज्जित हो उमड पडे अमराई की ओर। रजनी ने रतन को छुरा मारा, इसका प्रत्यक्ष गवाह वसंत और सुनील को छोडकर कोई न था। इसीलिए दोनों मित्रों ने भरसक चाहा कि रजनी रात के अंधेरे का फायदा उठा खेतों मे चक्कर काटती सुरक्षित घर चली जाए। लेकिन उसके सिर पर तो खून सवार था। उलटा प्रतिशोध युद्ध छेड दिया सुनील और वसंत से। कप्टेन साहब के साथ कुछ दिनों तक बबई म रहकर उसने जूडो और कराटे के जितने भी दाव पेंच सीख रखे थे, तकरीबन सबका उपयोग किया सुनील को मारने मे। लेकिन सुनील भी कुछ कम न था। आखिर उसी घर के अन्न से उसका भी खून तैयार हुआ था। शक्ति और

—उस जनपद का [illegible]
प्रस्थान (कविता संग्रह 1984)
सी 50 गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

साहस म वह रजनी मे वही बढ चढकर था। चाहता ता रजनी का कभी का धून चटा देता। लेकिन छोटी बहिन के नाते रजनी के प्रत्येक वार पर उसन बचाव की लडाई लडी। इसी कारण रजनी के छुरे के वार मे वह कुछ घायल भी हो गया। बीच-बचाव करन म बसन को भी कुछ चोटें आइ। बसत के घायल होन पर सुनील का क्रोध जाग्रत हो उठा। अब उसने जरूरी समझा कि रजनी को कुछ नसीहत दी जाए। पतरा बदल उसने एक हाथ से रजनी की एक कलाई थामी और दूसर हाथ स दूसरी। दोनो कलाइया गिरफ्त मे आते ही रजनी कुछ ढीली पड गई। सुनील ने उसे और शक्तिहीन बना देने के खयाल से एक साथ ही दोना कलाइयो को मरोड दिया। दद से रजनी के मुख से चीख निकल गई और उसके हाथ का छुरा जमीन पर गिर पडा। इसके बाद सुनील ने एक पर एक दनादन कई चाट उसके गाल पर जड दिए। भयकर पीडा स रजनी बिल बिला उठी और सिर थामकर जमीन पर बैठ गई।

उसके बेकाबू होते ही सुनील ने बसत की ओर देखकर कहा—"मित्र, किसी के यहा पहुचने से पहल इसे ले जाओ ? गाव वालो को शायद इस घटना की भनक मिल चुकी है, वे पहुचन ही वाले हैं।"

'लेकिन जानते हो तुम क्या करने जा रहे हो ? " और विस्मित हो बसन उसका मुख निहारन लगा।

"हा, सब कुछ जानता हू और जान-बूझकर खतरा माल ले रहा हू। किसी के एहसानो का बदला चुकाने का मौका बार-बार हाथ नही आता ?"

"नहा, मैं तुम्हें इतना बडा खतरा मोल नही लेन दूगा, सुनील !"

'अगर तुम मुझको अपना दोस्त मानते हो तो मैं तुम्हें उसी दोस्ती का वास्ता दिला रहा हू—तुम रजनी का यहा स लेकर जाओ और खयाल रहे किसी को इसकी भनक न मिलने पाए।'

विवश हो बसत को वहा स रजनी को लकर जाना ही पडा।

चार

गौरा गाव की अमराई म खून म लथपथ पडी थी एक लाश ! पुलिस तहकीकात म लगी थी और गाव वालो से इस हत्या के बारे म पूछताछ कर रही थी। पुलिस के दो जवानो के घेरे म खडा था एक युवक, जिसके एक हाथ म रक्तरजित लबे फाल का एक चाकू था और वह अपने बयान म इस खून की जिम्मेदारी अपने ऊपर ले रहा था। लेकिन गाव वालो के बयान के अनुसार इस हत्या स सुनील का कोई सबध नही था। वह लाश इलाके के मशहूर गुडे रतन की थी, जिसकी हत्यारिणी थी रजनी। लेकिन मौके पर हत्या करते या हत्या क बाद रजनी को वहा किसी ने नही देखा। गाव वाले और पुलिस के लोग जिस समय वहा पहुचे —घटना-स्थल पर खून-सने चाकू के साथ सिर्फ सुनील का खडे देखा। हालात के मुताबिक मौके की तहकीकात और शिनाख्त से इस हत्या के लिए पुलिस सुनील को जिम्मेदार ठहरा रही थी और सुनील भी इस बात को अपने बयान म स्वीकार कर रहा था। लेकिन गाव वाले रत्ती भर भी यह मानने को तैयार न थे कि हत्यारा सुनील है। और तो और—जब पुलिस को इस बात की जानकारी मिली कि रजनी मिलिट्री के रिटायर कैप्टेन स्व० विभूति नारायण सिंह की बेटी है तो उसने इस बारे मे उनकी विधवा पत्नी विशाखा देवी से पूछताछ की। वह यह सुनकर हैरान हो गई विशाखा देवी के इस बयान पर—' भले ही किसी ने हत्या की वार- के समय या बाद म रजनी को यहा नही देखा, लेकिन मेरा पूरा

जनपद [illegible]
प्रस्थान (कविता सग्रह 1984)
सी 50 गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

विश्वास है कि यह हत्या सुनील ने नहीं, रजनी ने की है।'

फिर वह सुनील के पास जाकर बोली—"बेटा सुनील, अभी अभी तो तू मेरे पास से उठकर आया था। फिर यह हत्या तू ने कब की ? मैं कभी यह मान नहीं सकती! निस्सन्देह रतन की हत्या रजनी ने की है। तू उसे बचाने की खातिर झूठ बोल रहा है। उस नालायक लड़की के लिए तू अपनी जिंदगी क्यों बरबाद कर रहा है ? तनिक सोच तो सही बेटा, तेरे न रहने पर तेरी इस विधवा मां का क्या होगा ? किसके सहारे जिंदा रहूंगी ? कौन करेगा मेरी परवरिश इस बुढ़ौती में ?' और वह फूट फूटकर रो पड़ी।

"रोओ नहीं, मां! आपको किसी के आगे हाथ फैलाने की जरूरत नहीं है। मेरे पास इतना पैसा है कि मेरे छूटकर आने तक आप आराम से अपना जीवन बिता सकें। फिर मेरा दोस्त बसंत आपके करीब है। उसे भी आप अपना ही बेटा समझें। मेरे न रहने पर वह आपकी देखभाल करता रहेगा। और हां, रजनी को इस बारे में कुछ न कहेंगी। वह मानसिक रूप से एकदम विक्षिप्त है। उसे किसी बात की तकलीफ न होने पाए, ऐसा ही प्रयत्न कीजिएगा!"

इसके बाद पुलिस ने लाश को एम्बुलेंस में रखवाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए शहर भिजवा दिया और हत्या के जुर्म में सुनील को बंदी बनाकर वह थाने में लाई।

गांव के सबसे वयोवृद्ध और प्रतिष्ठित व्यक्ति थे बसंत के दादा अवधेश नारायण सिंह। वे अपने समय के दबंग व्यक्ति थे। इलाके के सभी तबके के लोग उन्हें आदर-मान से देखते थे। एक जमाना था जब पुलिस महकमे में उनकी तूती बोलती थी। थे तो डी० एस० पी० ही, लेकिन अपनी कर्त्तव्यपरायणता के कारण आई० जी० आदि बड़े बड़े अधिकारियों में अपना दखल रखते थे। जिस दिन इस पद से रिटायर हुए,

उनकी विदाई समारोह म पुलिस महकमे के अलावा अन्य प्रशासनिक विभागो के बडे बडे अधिकारी भी उपस्थित थे और उन्होंने ठाकुर अवधेश नारायण सिंह के कार्यों की भूरि भूरि प्रशसा करते हुए उन्हें आदर-मान के साथ विदा किया था।

सुनील जसे युवक के लिए इस वयोवृद्ध ठाकुर के मन म बेहद प्यार और लगाव था। अक्सर गाव क दो चार बड़े-बूढ़े जब उनके पास एकत्र होते तो वह इस होनहार युवक की प्रशसा करते कभी थकते नहीं थे। गाव की युवा पीढ़ी को सबोधित कर वह प्राय कहा करते थे— 'मनुष्य-जीवन की सार्थकता के बारे म यदि कुछ जानना चाहते हो तो सुनील की सगति मे जाओ!"

लेकिन वही सुनील आज जब हत्या के जुर्म म गिरफ्तार होकर थाने ले जाया गया तो यह खबर मिलते ही वह कसमसा उठे। इस गिरफ्तारी के बाद गाव के अनेक लोगो म सुनील के विपरीत प्रतिक्रिया नजर आई। कुछ लोगों ने तो उसके विरुद्ध आग उगलते हुए तरह-तरह की छींटाकशी व ताने भी कसे—"जिसे हम बडा शरीफ समझते थे, वह छुपारुस्तम निकला—पूरा बगुला भगत। कुछ बुजुर्गों ने तो अवधेश नारायण सिंह के सामने भी सुनील के बारे म इसी तरह की कुछ अनुचित बातें कहीं और जेल से निकलने के बाद उस गाव मे न घुसने देने की चर्चा की। सुनकर बुजुर्ग अवधेश नारायण मुसकराने लगे।

उन्हें हसते देख मुखिया ने विस्मित होकर कहा— 'आप हस रहे हैं!"

हा, हस रहा हू तुम लोगो की मूर्खतापूर्ण बातो पर!"

'तो क्या हम कुछ गलत बोल गए?

'सौ फीसदी!

'वह कैसे?

प्रस्थान (कविता सग्रह 1984)

सी 50 गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

"यह तुम अभी नही समझोगे ? समय आने पर तुम लोगो को पता चलेगा कि उस लडके के बारे म तुम लोगो की धारणा कितनी गलत थी !' बुजुर्ग ठाकुर ने गभीर स्वर म कहा।

"अब समझने को बाकी भी क्या रहा ? जिस घर का नमक खाया, उसी घर की बेटी से—जो रिश्ते म उसकी बहिन होती है, शादी के लिए उत्सुक था। कितना घृणित विचार था उस छोकरे का ? इसके अलावा वह कितना खतरनाक है, यह उसके बयान से ही जाहिर हो गया—जब उसने पुलिस के सामने रतन की हत्या का अपराध स्वीकार किया।"

"झूठ, सरासर झूठ बोल रहे हो ! दोनो बातो म से किसी एक म भी सचाई नही है।"

"क्या कह रहे हैं, आप !' मुखिया को आश्चय हुआ उनकी बात पर—"शादी की बात तो रजनी ने ही बतलाई थी कि वह उससे शादी के लिए रजामद हो गया था—और, रतन की हत्या सबने आखो से देखी—खून म सना छुरा उसके हाथ मे था और पुलिस के सामने अपने बयान में उसने यह बात कबूल भी की कि इस हत्या के लिए वही जिम्मेदार है।'

"शादी की रजामदी की बात तुमसे रजनी ने कही—सुनील ने भी कही क्या ?" अवधेश नारायण सिंह ने पूछा।

"नही ! मुखिया ने जवाब दिया—"लेकिन रजनी झूठ तो नही कहेगी ?'

"रजनी यदि इसी लायक होती तो फिर उस लडके को आज जेल क्या जाना पडता ? और हत्या की जिम्मेदारी उसने अपने पर ले ली है यह बात तुमने ही नही, मैंने भी सुनी है ? और आज इस जुर्म की स्वीकारोक्ति के कारण ही उस लडके का चरित्र महान बन गया है। इतनी छोटी उम्र म सिद्धात का इतना बडा धनी मैंने आज तक कही नही देखा। तुम लोगो ने जो कुछ सुना और देखा सब गलत है !"

"तो फिर सचाइ क्या है ?" सरपच ने जिज्ञासा प्रकट की।

"सचाई यह है कि शादी के लिए रजनी की मा उस पर दवाब डाल रही थी और नमक का वास्ता दिलाकर उसे मजबूर कर रही थी। लेकिन सुनील बार-बार यही कहता रहा कि रजनी उसकी बहिन है।"

फिर ' मुखिया ने उत्सुक होकर पूछा।

' फिर क्या विनाखा ने उसे इस सीमा तक मजबूर किया कि वह 'हा' कर द, या नही तो वह गाव का हमेशा के लिए त्यागकर इस परिवार स अपना सबध तोड ले ? लकिन अचानक इश्वर न उसकी मदद की और वह इस कलक स बच गया ? '

सो कसे ? मुखिया का कौतूहल बढा।

"इसी समय रतन बाग के रास्ते अपने घर आ रहा था। जिस दिन उसने रजनी का ठुकराया, उसी दिन से रजनी उसके खून की प्यासी हो गइ। वह प्रतिशोध की आग म जलने लगी। उस रोज रतन जब बाग म पहुचा तो रजनी एक वृक्ष की ओट म वहा पहल से छिपी बठी थी। रात हो जाने के कारण विशाल अमराई का सूनापन धीरे धीरे गहन हो उठता है और उधर से होकर लोगो का आना जाना प्राय बद हो जाता है। रजनी अपने प्रेमी की हर आदत स परिचित थी। वह नियमपूर्वक इस समय वहा स होकर गुजरता था। अमराई का यह सूनापन रजनी के लिए वरदान साबित हुआ और रतन जैसे ही उस वक्ष के नीचे से गुजरा, पीछे स दबे पाव उसके करीब जाकर रजनी ने छुरे स उस पर हमला कर दिया। उसने तावडतोड तीन बार छुरे मारे और रतन के पट से रक्त का फव्वारा फूट पडा।

आप क्या कह रहे है ? कहा रतन जसा हट्टा-कट्टा नौजवान और कहा छरहरे बदन की रजनी ? विश्वास नही होता ? और वैसे भी, आप जानते ही है कि रतन क नाम का इस गाव तो क्या, इलाके म इतना

प्रस्थान (कविता सग्रह 1984)
सी 50, गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

आतक था कि कोई भी उसके नजदीक जाने का साहस नहीं करता था। फिर रजनी ने तीन छुरा मारा और रतन उसका प्रतिरोध न कर सका ? ताज्जुब है।"

"इसमें ताज्जुब करने जैसी कोई बात नहीं ? जाने आप लोगों को याद है या नहीं, लेकिन मुझे अच्छी तरह याद है। जब विभूति नारायण सेना से रिटायर हुए तो उसके दस साल बाद जब चारों ओर युद्ध का-सा वातावरण छा गया, तो आपातकाल घोषित कर उन्हें दो साल के डेपुटेशन पर पुन काम पर बुला लिया गया। इस बार बबई में उनकी नियुक्ति हुई। उनका परिवार भी बबई चला गया। उन्होंने वहीं पर इस लड़की को जूडो और कराटे की ट्रेनिंग दिलवाई। इस जूडो और कराटे के कारण ही रजनी रतन को मारने में सफल रही। यही नहीं, उस पातकी को समाप्त करने के लिए उसमें चंडी रूप भी आ गया।"

"लेकिन रतन की हत्या रजनी ने की यह आपको कैसे मालूम हुआ ?" सरपंच ने पूछा।

"रजनी समझती थी कि वह जो कुछ कर रही है, उसे कोई नहीं देख रहा है। लेकिन उस घटना को मैं अपनी आखों से देख रहा था। मैं लाठी टेकता धीरे धीरे अपने खेतों की ओर से चला आ रहा था, जिस समय बाग में पहुचा, उस समय रतन जमीन पर पड़ा छटपटा रहा था और बार-बार उसके मुख से निकल रहा था—"रजनी, मैंने तेरा क्या बिगाड़ा था, जो तूने इतना घातक प्रतिकार लिया।"

"और रजनी का जवाब था—बड़ी जल्दी भूल गए अपने वे शब्द—मैं तो हम खेलकर समय बिताने वाली एक निर्जीव गुड़िया भर हू। पूजा का वह ताजा फूल नहीं, जो किसी देवता पर चढ़ता है। अब तो तुझे मालूम हुआ कि मैं निर्जीव गुड़िया नहीं, एक सबला नारी हू। तू इस गाव का, इस इलाके का कलक था, उसे मैंने मिटा दिया, ताकि भविष्य में

और कोई बेटी-बहिन तेरी हवस का शिकार न होने पाए।"

"मैं जितनी जल्दी हो सका घर पहुचा और अपने पोते बसत के द्वारा इसकी खबर सुनील तक भिजवाई। लेकिन रजनी सुनील को अपनी बरबादी का कारण मानती है क्योंकि उसने रजनी को उस दिन पचायत के सामने खडा कराकर समाज के सामने बदनाम किया। इसीलिए जब सुनील बाग म पहुचा तो रजनी उसी छुरे से सुनील को मारने के लिए झपटी। लेकिन सुनील पहले से सावधान था। इसीलिए वह रजनी को काबू म लाने म सफल रहा। फिर भी कुछ घायल तो हो ही गया। उसने बसत के द्वारा रजनी को किसी तरह घर भिजवाया और खून का इलजाम अपने सिर पर ले लिया।'

लेकिन सुनील ने यह इलजाम अपने सिर क्यो लिया ?' मुखिया ने पूछा।

'यद्यपि इस बारे म सुनील ने किसी को कुछ बतलाया नही, लेकिन जहा तक मेरा अनुमान है, उसने रजनी को कलकित होने से बचाने के लिए ही ऐसा किया, क्योंकि इतना भयकर काड करने के बाद यदि रजनी समाज की निगाह म आती तो इसका असर उसके शादी विवाह जैसे अहम मसले पर पडता और फिर कोई भी उसे अपनाने को तैयार नही होता। फिर इसी बहाने मौका मिला विशाखा की उस जिद से बचने का, जो वह उस पर दबाव डाल रही थी रजनी के साथ घर बसाने पर। साथ ही सुनील का यह एक सुनहरा मौका हाथ लगा उस खानदान के एहसानो का बदला चुकाने का। ये सब बातें सुनील की महानता ही दर्शाती हैं। आप लोग नाहक उस लडके पर शका न करें। इतने ऊचे विचार और इतने उज्ज्वल चरित्र का उदाहरण शायद ही कही मिलेगा। मैं कल उससे मिलने शहर जा रहा हू आप लोगो म से यदि कोई मेरा साथ देना चाहे तो मेरे साथ चल सकता है।"

प्रस्थान (कविता सग्रह 1984)
सी 50 गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

ये सब बातें सुनते ही 'हम सब चलेंगे' का सामूहिक स्वर गूज उठा। ठाकुर पूववत बोलते रहे—

"सुनील अपन घर का नही, बल्कि वहा जाए तो इस गाव, इस इलाके भर का लडका है। उसे बचाना हम सबका फज है।'

'लेकिन कैसे ?" मरपच ने पूछा।

"मैं तो बूढा हो गया। इतनी दौड धूप मुझसे मुश्किल है। लेकिन आप लोग जवान हैं—इधर-उधर दौड लगाने म समथ हैं। आप लोग पचायत के माध्यम से एक हस्ताक्षर अभियान चलाए। इलाके के छोटे से बडे सभी लोगो के हस्ताक्षर एकत्र करें। प्राथना पत्र पुलिस और अदालत दोना के नाम हो। उसम लिखें—"रतन इस इलाके का नामी गुडा, बदमाश और लुटेरा इमान था। उससे हर किसी के जान माल का खतरा बराबर बना रहता था। घटना के दिन उसने गाव की एक निर्दोष लडकी की इज्जत लूटनी चाही। उस लडकी की अस्मत का बचाव करने मे वह सुनील के हाथा मारा गया। जान बूझकर उसकी हत्या किसी न नही की।"

"मुझे पूरा भरोसा है—इस प्रकार के प्राथना पत्र से सुनील के मुकदम पर असर पडेगा और वह रिहा हो जाएगा।"

बुजुग ठाकुर अवधेश नारायण सिंह की सलाह गाव के लोगो का जच गइ और उन्हाने दूसरे दिन से ही इस प्रकार के प्राथना पत्र पर हस्ताक्षर अभियान आरभ कर दिया।

कहना उचित होगा कि किसी भी अवाछित तत्त्व के विरुद्ध जब इस प्रकार की सामूहिक कायवाही समाज की ओर से होने लगती है तो कानून और पुलिस को भी विवश होकर अपनी राय जनसाधारण "

बनानी पडती है। यह जानते हुए भी कि सुनील के हाथों रतन की हत्या हुई, इलाके की जनता द्वारा रतन के विरुद्ध कदम उठा लेने से उसका पक्ष एकदम कमजोर पड गया। नतीजा वही हुआ जो आमतौर से इस प्रकार के दूसरे मुकदमो म होता है। वादी पक्ष यह सबूत नही दे सका कि रतन अवाछित व्यक्ति नही, बल्कि एक प्रतिष्ठित सामाजिक व्यक्ति था और उसकी हत्या नियोजित षडयन्त्र का परिणाम था। परिणामस्वरूप कुछ महीनो की पेशा-पेशी और बहस मुबाहिसे के बाद सुनील को निर्दोष बरी कर दिया गया।

जेल से छूटने के बाद सुनील गौरा गाव जाने से कतराने लगा। उसने सोचा कि जब कभी वह गौरा गाव जाता है, वातावरण विषाक्त हो जाता है। वह जितने दिन उस नरक से दूर नौकरी पर रहा उसका शरीर और मन मस्तिष्क सब ठीक ही काम करते रहे। सम्मान की नौकरी थी और अच्छा खासा वेतन मिलता था। कुछ ऊपर से भी लिख लिखाकर कमा लेता था। इस प्रकार आठ दस साल म उसने अच्छी-खासी पूजी जमा कर ली थी। पद्रह सोलह हजार की रकम कुछ कम नही होती। इसी रकम म से उसने अब तक दस हजार रुपये विशाखा को दिए, जिससे मा-बेटी अब तक गुजारा करती रही।

अभी भी छह हजार की पूजी बक मे पडी थी। जेल का मदर द्वार पार कर जब वह बाहर आया तो देखा कि बसत उसे ले जाने के लिए वहा खडा था। वसे तो बसत और भी एक-दो बार उससे मिला था। लेकिन तब के और आज के बसत म बडा अतर था। आज उसका ठाट-बाट देखते ही बनता था। कोट-बूट शूट और टाई म आज वह एक आफि-सर-सा जच रहा था। पास ही एक नये माडल की एम्बेसडर गाडी खडी थी, जिसके ऊपर एक ड्राइवर कपडा फेर रहा था। उसका रोब दाब और रग ढग देखकर सुनील दग रह गया। मूक दृष्टि बडी देर तक निहारते

रहने के बाद उसके मुख से शब्द फूटे—"आज तो तुम जच रहे हो। लगता है जस वही में कोई साहब हो।"

"लगता है नहीं पूरा साहब वहो—पूरा !"

'किसी को मजाक करना न आता हो तो तुमसे सीखे !" बोलकर सुनील जोर से हस पड़ा।

'तुम इम मजाक समझ रहे हो। ये बूट-सूट, टाई और यह मर्सीडिस कार, यह ड्राइवर—यह सब तुम्हे मजाक दिख रहा है ?"

'अरे, छोड भी न यार ! पहली अप्रैल आने मे अभी तीन महीने बाकी हैं। जी भरकर मजाक कर लना उस दिन।"

वसत मायूस होकर बोला—"अब तुम्हे कैसे विश्वास दिलाऊ !"

उसकी मायूसी पर सुनील गभीर हो उठा—'तो क्या तू सचमुच साहब हो गया ?"

"यकीन करो, मेरे दोस्त ! मैं सचमुच साहब हो गया बम्बई की एक काटन मिल का मनजर !"

"तो क्या यह गाडी—यह ड्राइवर ?"

"सब मेरे लिए ! मिल की ओर से मिले हैं।"

"ता फिर, यार ! मेरी एक बात मानगा ?" सुनील गभीर हो उठा।

'तेरी नही मानूगा—तो मानूगा किसकी ! बोल क्या कहता है ?" वसत न मुस्कराकर कहा।

सुनील का स्वर पूववत् गभीर रहा—"तू यहा क्या आया है ?'

"तू तो ऐसी बातें कर रहा है, जैसे कुछ जानता ही नही !"

"तू मेरा बात मजाक म न ल, वसत ! मै सचमुच नही जानता !"

"यह कसी बहकी बहकी बातें कर रहा है ?" वसत का चेहरा भी गभीर हो उठा।

'मैं बहकी-बहकी बात नही कर रहा, वसत ! मैं तेरे ही हित की

कह रहा हू ।

'बडा आया हित चाहने वाला अभी तू यही नही जानता कि मैं यहा क्यो आया हू ! मुझे भय है कि कही तू यह न कह दे कि मुझे पहचानता भी नही !"

'इसमे क्या शक ? मैं तुझे सचमुच नही पहचानता !"

'सुनील !' उसकी बात पर चीख पडा बसत—"तू कही पागल तो नही हो गया ?"

'पागल हो गया होता तब तो कोई बात ही नहीं थी दुख है तो इसी बात का कि अभी तक पागल हुआ क्यो नही ?"

"तू ऐसी बातें क्या कर रहा है, मेरे दोस्त ! आज तुझे हो क्या गया है ?" कहते कहते बसत की आखें भर आइ ।

उसके भरे भरे से नेत्र सुनील से छिपे न रहे, तो भी उसने अपनी बातचीत के तौर-तरीके म कोइ अतर न आने दिया—"तू रोता क्यो है ? क्या इसलिए कि मैंने तुझे पहचानने से इनकार कर दिया ? अरे, पगले ! इसम भी तेरा ही हित है !"

"खाक है मेरा हित ! अब आगे कुछ बोला तो कहे देता हू बस अब और !'

'और आगे कुछ सुनना नही चाहता ! वह तो तुझे सुनना पडेगा ! लेकिन जरा धीरे बोल, तेरा ड्राइवर कही कुछ सुन न ले ! मैंने तुझे पहचानने से इनकार किया सो ठीक किया तू एक मिल का मनेजर हो गया है और म ? एक एसी चारदीवारी से बाहर आ रहा हू, जहा सिर्फ अपराधी बसते हैं बातें होती हैं अपराधो की दुनिया की मैं तेरे साथ इस गाडी म बठू तेरा दोस्त बनकर देखने म यह बडी मामूली सी बात है लेकिन कल यह मामूली सी बात तेरे हक मे बडी खतरनाक साबित होगी, जब यह ड्राइवर वहा जाकर यह कहेगा कि

अरघान (कविता सग्रह 1984)
सी 50, गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

साहब की दोस्ती खतरनाक गुडो, वदमाशा मे है उस समय तेरा सिर लोगो के सामने लज्जा और ग्लानि से झुक जाएगा तेरा मान सम्मान सब नष्ट हो जाएगा । और तेरे ऊपर इतना कुछ गुजरे, मैं इसे बरदाश्त नही कर पाऊगा। मेरी बात मान, तू इस समय अकेला घर चला जा । और हा, एक काम और करना—इस समय कुछ रुपये तुम्हारे पास हो तो मुझे दे देना। मेरी छह हजार रुपये आखिरी पूजी बक मे है। उसे निकालने के लिए मैं एक चेक दे देता हू। तुम एक हजार रोककर, पाच हजार मा जी को दे देना । मैं जल्दी ही बबई पहुचने की कोशिश करूगा। हो सके तो मेरे लिए किसी काम की व्यवस्था करके रखना, लेकिन अपने मिन मे नही, कहीं और।"

"तो क्या तुम गौरा नही आ रहे हो ?" वसत ने विस्मित होकर पूछा।

"नहीं, अब मैं वहा कभी नही जाऊगा। मैं जब वहा जाता हू, मुझे घुटन सी होने लगती है।'

'आखिर म मैं भी यही कहने वाला था कि तुम्हारा गौरा जाना अब ठीक नही है।"

'क्या ? क्या हो गया ? कोई विशेष बात ?" बोलकर उसने प्रश्नसूचक दृष्टि डाली वसत के चेहरे पर।

'लगभग दो माह होने को आए, रजनी घर से लापता है।"

"क्या—कहा गई ?" सुनील ने पूछा।

"यह किसी को नही मालूम। सिफ इतनी जानकारी मिली है कि उस रात मा बेटी के बीच किसी बात पर जमकर झगडा हुआ था। दूसरे दिन सवेरे वह गायब थी।"

सुनकर सुनील गभीर हो गया। वह बोले भी तो क्या बोले ? कुछ सुझाई नहा दे रहा था। उसे चुप देख वसत ने ही पूछा—"अभी कहा

जाओगे ?'

"सोच रहा हूं इलाहाबाद होते हुए एक बार दिल्ली जाने की।" सुनील ने जवाब दिया।

'ठीक है। दिल्ली पहुंचकर खबर देना, बंबई के पते पर।' और उसने जेब से अपने नाम का छपा हुआ कार्ड एवं कुछ रुपये उसकी ओर बढ़ाते हुए कहा—"यह रहा मेरा पता। और इस समय मेरे पास कुल पांच सौ रुपये हैं इन्हें रख लो। फिलहाल तो काम चल ही जाएगा। इलाहाबाद या दिल्ली पहुंचने पर खबर कर देना, कुछ और रुपये भेज दूंगा।'

"बस बस, इतना काफी है। वहां पहुंच जाने पर पैसों की कमी नहीं पड़ेगी। सुनील ने कहा।

"फिर यही तय रहा कि हमारी मुलाकात अब बंबई में होगी।" बोलकर वसंत अपनी गाड़ी की ओर बढ़ गया।

पीछे-पीछे पैदल पथ नापता एकाकी सुनील चला जा रहा था स्टेशन की ओर।

जीवन में एक दो झटके लगने पर संभलने की गुंजाइश रहती है। लेकिन झटके जब बार बार लगते हैं तो मन मस्तिष्क विकृतियों के दास हो जाते हैं। इस स्थिति में कोमलता की जगह कठोरता का आ जाना स्वाभाविक है।

जिंदगी में बार बार के उतार चढ़ाव से रजनी का मन मस्तिष्क भी विकृतियों का शिकार हो चला। मन इतना खिन्न रहने लगा कि किसी की भली बातें भी उसे जहर के समान लगने लगीं। अब वह बात-बात में लड़ाई झगड़े पर उतारू हो जाती। रोज रोज की इस किच-किच से विशाखा

प्रस्थान (कविता संग्रह 1984)
सी 50 गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

भी तग आ गई थी । उम दिन वह जेल म सुनील से मुलाकात के लिए जाना चाहती थी। उसन रजनी से सिफ इतना ही कहा—"यदि वह कुछ अच्छा सा भोजन बना दे तो सुनील के लिए भी थोडा बहुत ले जाया जा सकता है।"

विशाखा का इतना कहना था कि रजनी ने आसमान सिर पर उठा लिया—"तो बना क्या नही लेती, किसन रोक रखा है तुम्हारा हाथ। जब देखो तब उस कलमुहे के नाम की माला जपा करती हो। जसे ससार म वही एक सोने का बना है, बाकी सब तो पत्थर के हैं।"

विशाखा के भी तन मन मे आग सुलग उठी। उसे इस प्रकार की उल्टी-सीधी बातो स बहुत चिढ थी। वह रजनी को डाट पिलाती हुई बोली—"नहा बनाना है तो मत बना! लेकिन उस पीठ पीछे गालिया क्यो बक रही है? शम आनी चाहिए तुझे। आज उसी का किया खाकर जिंदा है, उसी के कारण घर की इज्जत ढकी हुई है। बाप के मरने के बाद, यदि वह निर्दोष न रहा होता तो जाने कहा होती तू। आज तरे कुकृत्यो के कारण वह नरक भोग रहा है।"

"हा हा, कर ले उसके नाम का गीता पाठ। उसी के चलाये तो सारी सष्टि चल रही है। किसने कहा उससे कि वह हमारा घर चलाए? हमने तो कभी नहा कहा। तूने ही मागी होगी भीख उसके आग आचल पसार कर। किसन कहा मरे लिए नरक भोगे? अपने आप ही तो कूदा इस आग मे—और जब कूदा तो भोगेगा कौन? यदि कोई जान-बूझकर ऊखल मे अपना मिर द तो इसम मूसल का क्या दोष?" बोलते बोलते रजनी का स्वर रुआसा हो उठा।

पर विशाखा भी कहा थमने वाली थी? वह और भी गरम हो उठी—"मैं कहती हू चुप हो जा पिशाचिनी! हाथ धोकर क्यो पडी है मेरे पीछे? जब कुछ करने धरने का भसोट नही है तो बठी बठी गाल क्यो

बजाती है ?

मा के तीखे व्यग्य स रजना कुछ ज्यादा ही तिलमिला उटी—' हा-हा, बजाऊगी गाल—हिम्मत हा ता राककर दख ल ।"

विशाखा अब और अधिक बरदाश्त न कर सकी । वह कमरे से निकल कर बाहर आ गई और पडोस के एक लडके से बसन्त के पास खबर भिजवाई । उसके आने पर भी रजनी की जबान बस ही चलती रही । उसको सीमा से बाहर जाते दख बसन्त ने भी उस डाटा ।

रजनी को अपने घरेलू मामले म किसी बाहरी व्यक्ति का हस्तक्षेप बिलकुल बरदाश्त नहा था । उसने तुरत जवाब दिया—"यह हमारा घरेलू मामला है, किसी बाहरी व्यक्ति को दखल देने का काई अधिकार नहा है ।"

बसन्त को रजनी का यह व्यवहार एकदम असभ्यतापूर्ण एव बबर लगा । वह भी आवेश मे आ गया—' तेरी निगाह म छोटे-बडे का कोई भेद नही है । तू सिर्फ डण्डे की भाषा समझती है । समझाना-बुझाना तेरे आगे कोई अहमियत नहा रखता । ता सुन, अगर तूने फिर जबान खोली तो जिस भाषा को तू समझती है मैं उसी का प्रयोग करूगा ।'

बसन्त के अतिम वाक्य का अर्थ समझते रजनी को देर न लगी । वह अच्छी तरह जान गई कि आग कुछ भी बोलने का मतलब है बसन्त के हाथा पिट जाना । इस डर से उसने अपनी जबान बन्द ही रखी ।

धीरे-धीरे सध्या घिर आई । विशाखा ने खाना पकाया और रजनी से खाने को कहा । लेकिन रजनी अपनी जगह से नही हिली । उसने हा ना का कोई जवाब भी न दिया और कुछ देर बाद जाकर बिस्तर पर सो गई । विशाखा का मा का हृदय था । अपनी अभागी बेटी पर उसे सचमुच तरस आता था । क्रोध म वह बहुत कुछ कह गई लेकिन बाद म उसकी ममता पछताने लगी । न जाने उसके लालन-पालन म कहा कमी आ गई थी कि सब कुछ बरबाद हो गयी ।

उस जनपद का आम...
प्रस्थान (कविता सग्रह 1984)
सी 50 गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

दूसरे दिन भोर के समय विशाखा की जब आंख खुली तो उसने देखा रजनी अपने बिस्तर पर नहीं है। उसने उसके सामान पर दृष्टि दौड़ाई। सब कुछ ज्यों का त्यों पड़ा था, सिर्फ अटैची गायब थी। विशाखा ने तुरंत ताड़ लिया कि रजनी घर छोड़कर कहीं चली गई। पड़ोसियों ने जब इस बारे में जानकारी चाही तो विशाखा ने तुरंत जवाब दिया, वह लड़ाई-झगड़ा करके अपनी मौसी के घर इंदौर चली गई।

इस संयोग कहें या भविष्यवाणी कि अजाने में रजनी के बारे में विशाखा ने जो कहा वह सच निकला। तीन दिन बाद इंदौर से मौसा जी का पत्र आया—"घबराने की कोई बात नहीं, रजनी सकुशल मेरे पास पहुंच गई है।"

इसके दो चार दिन बाद जब रजनी का चित्त कुछ ठिकाने आया तो मौसा जयराम ने उससे कहा—यदि वह चाहे तो गौरा भिजवा सकते हैं। लेकिन रजनी ने घर जाने से बिलकुल इन्कार कर दिया। उसने मौसा जी से कहा—"वह नौकरी के विचार में इंदौर आई है। वह उसके लिए कोई काम तलाश दें।"

जयराम उसके चिड़चिड़े दिमाग से अच्छी तरह वाकिफ थे। इसलिए उन्होंने दोबारा घर का नाम न लिया। नौकरी के बारे में सिर्फ इतना कहकर चुप हो गए कि—"नौकरी मिल तो जाएगी, लेकिन कुछ समय लगेगा।'

रजनी भी इस बात को अच्छी तरह जानती थी कि नौकरी चाकरी के मामले में बहुत कठिनाई है, इसलिए उस तलाश में कुछ समय तो लगेगा ही। यह सोचकर ही उसने जल्दी नहीं मचाई। लेकिन जब पन्द्रह-बीस दिन बीत गए तो उसके सब्र का बांध टूटने लगा। उसने मौसा जी पर दबाव डालते हुए कहा—"मौसा जी, मुझे इंदौर आए पन्द्रह-बीस दिन बीत गए, लेकिन आप एकदम निश्चिंत हैं।"

"नहीं, मैं निश्चित नहीं हूं। कई एक स्थानों में चर्चा चला दी है। लेकिन अब पहला समय तो रहा नहीं कि जब चाहते थे तभी नौकरियां मिल जाती थीं। आज जनसंख्या बढ़ गई है, लोगों में बेशुमार बेकारी है। कहीं एक जगह खाली होती है तो उसके लिए सैंकड़ों उम्मीदवार मैदान में उतर आते हैं। फिर मैं एक बात और भी सोच रहा हूं, जंचे तो बतला देना—मेरे खयाल में अच्छा होगा यदि तुम नर्स ट्रेनिंग कर लो। दो साल का कोर्स है, जिन्दगी बन जाएगी। लेकिन यदि तुमने ट्रेनिंग पूरी नहीं की, बीच में ही उसे छोड़ दिया, तो याद रहे, ट्रेनिंग काल में जितना तुम पर सरकार खर्च करेगी ब्याज सहित रकम वापस जमा करनी होगी। इस विषय में खूब स्थिरचित्त से विचार करो, फिर मुझे अपना इरादा बतलाओ।"

इसके दो दिन बाद जब मौसाजी ने इस बारे उसका अभिमत जानना चाहा तो उसने ट्रेनिंग कोर्स पूरा करने की हामी भरी। फिर क्या पूछना—इंदौर में ही भरती होनी थी और वहां ट्रेनिंग कोर्स करना था। शर्त सिर्फ एक थी—ट्रेनिंग काल में छात्रावास में रहना आवश्यक था।

घर से वह निकली थी अपने पैरों पर खड़ी होकर शांतिमय स्वावलम्बी जीवन जीने। यों तो शांति और सुख-संतोष की तलाश सभी को रहती है।

रजनी ने भी अपने जीवन में स्थायित्व लाने के लिए एक सोपान का चुनाव तो कर लिया, लेकिन चित्त की स्थिरता उसे यहां भी न मिली। इंदौर जैसा रमणीक स्थान भी उसे शांति न दे सका। वर्ष बीतने पर आए, पहली वार्षिक परीक्षा का समय निकट आ गया, लेकिन चित्त डावांडोल ही रहा। चिकित्सालय के अधिकारियों एवं प्रशिक्षण के लिए आई दूसरी लड़कियों के साथ उसकी खटपट चलती ही रहती थी।

छात्रावास में भोजनालय की ओर से मिलने वाला भोजन बड़ा घटिया

अरघान (कविता संग्रह 1984)
सी 50 गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

किस्म का था। भोजन प्रबंध में सुधार के प्रश्न को लेकर प्रशिक्षणार्थी नर्सों में दो दल हो गए। कुछ नर्सें रजनी के नेतृत्व में सजन पक्ष तक आ धमकीं। वातावरण गरम हो उठा। स्थिति तोड़ फोड़ तक आ पहुंची। सजन ने जिलाधीश और पुलिस कप्तान को सूचना दी। वहां पहुंचने पर दोनों जिलाधिकारी स्थिति देख, सन्नाटे में आ गए। पुलिस-कप्तान की राय थी—उद्दंड, अनुशासनहीन लड़कियों को प्रशिक्षण से वंचित कर दिया जाय। लेकिन जिलाधीश इस मत से एकदम सहमत न हुए। उन्होंने कहा—'केवल अधिकार और बल प्रयोग से किसी समस्या का समाधान नहीं होता। शांति और सुरक्षा के लिए दूसरे पक्ष की शिकायतों और उनकी मांगों पर भी ध्यान देना जरूरी है। विपक्ष को कुचलकर कोई प्रशासन सफल नहीं हुआ है।"

'ऐसा करने से प्रशासनिक क्षेत्र प्रभावित होगा और अनुशासनहीनता को प्रोत्साहन मिलेगा।" पुलिस-कप्तान ने कहा

'नहीं, अनुशासनहीनता को प्रोत्साहन कभी नहीं मिलेगा।" जिलाधीश ने हंसते हुए कहा—"हां, आप यह कह सकते हैं कि वैधानिकता को चुनौतियों से गुजरना पड़ेगा और जब ऐसा होगा तभी प्रशासन एवं प्रशासक में स्वच्छता आएगी। लड़कियों के आरोप के पीछे कुछ रहस्य अवश्य है। विधिवत जांच के बाद ही कोई निर्णय लिया जा सकता है।"

जिलाधीश के इस सशक्त तर्क का पुलिस कप्तान ने विरोध नहीं किया। जिलाधीश ने आरोपों की जांच की। प्रबंधकों पर लगाए गए आरोप सत्य की कसौटी पर खरे मिले। उन्होंने सजन को आदेश दिया कि 'छात्रावास भोजनालय प्रबंध' की सारी जिम्मेदारी प्रशिक्षणार्थी नर्सों को सौंप दी जाए और उन नर्सों को आदेश दिया कि मासिक आय व्यय का ब्योरा वे विधिवत् तैयार कर सजन के सामने प्रस्तुत करें।

जिलाधीश के परामर्श का नर्सों ने स्वागत किया। सजन को विवश

होकर यह निणय मानना पडा। अब तक यह बोझ सभाले हुए था छात्रा-वास सचालिका सुधा मल्होत्रा। लेकिन इस फसले के बाद इसकी जिम्मेदारी आ पडी रजना और उसकी दो सहेलिया पर।

भोजन प्रबध की घटना को सामान्य असतोष कहकर, दबाने म सफलता तो मिल गई लेकिन इससे भयानक असतोष को न दबाया जा सका जो सुधा मल्होत्रा के जघन्य कमीने कर्मो पर प्रकाश डालता था।

शीत सद रात हो वर्षा ऋतु का निविड अधकार अथवा ग्रीष्म का भयानक तूफान—प्रत्येक रात छात्रावास की कोई न कोई लडकी अपने बिस्तर स लापता रहती थी। यह व्यापार वर्षों स चला आ रहा था। नोटो की गड्डिया का लेन-देन और माल सप्लाई करने का माध्यम थी सुधा मल्होत्रा। यह अनतिक व्यापार जाने कब तक चलता रहता, और रहस्य रहस्य ही बना रहता लेकिन उस दिन इस व्यापार क लिए भूल स एक ऐसी लडकी का चुना गया, जिसने सुधा रानी के दुष्कर्मो पर पडी नकाब उलट दी।

सुधा रानी आज भी उजागर न होती, यदि अनजाने म उनम यह भूल न हुई होती। लेकिन इस भूल नही, अति कहना चाहिए। किसी बात की जब अति होती है तो उसका विस्फोट होता ही है।

घटना स एक दिन पहल सुधा रानी ने सेठ गिरधरदास स पाच सौ रुपए का सौदा किया। सौदे के मुताबिक घटना वाले दिन सुधा रानी प्रशिक्षण के लिए दिल्ली स आई एक भद्रकुल की युवती माला को साथ लेकर ठीक समय पर सेठजी क पास पहुची। आगत स्वागत क बाद सेठजी इधर उधर की बातें करते-करते माला की प्रशसा पर उतर आए। सुधा रानी माला से यह कहती हुई उठ खडी हुई कि 'तुम यही बठो मैं दस मिनट म आती हू—' लेकिन दस मिनट तो क्या, जब घटा भर बीत गया तो माला भी अपनी जगह से उठने लगी। लेकिन उससे पहले ही उठकर

प्रयाण (कविता सग्रह 1984)
150 गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

सेठजी द्वार पर पहुंच गए । माला ने सेठजी के खोटे इरादों की थाह लगा ली। वह भी फुरती से दबे पाव उनके पीछे-पीछे ही दरवाजे तक चली गई। सेठजी ने द्वार बन्द करने के इरादे से जैसे ही हाथ आगे को बढाया, माला ने पीछे से अपनी पूरी ताकत से एक जोरदार धक्का दिया। अचानक इस प्रकार की किसी घटना के लिए सेठजी पहले से तैयार न थे। परिणाम स्वरूप वे मुंह के बल दरवाजे से बाहर वाले बरामदे में गिरे। उन्हें चोट इतनी जबरदस्त लगी कि उनकी नाक से खून के फव्वारे फूट पड़े और सामने के दो तीन दांत टूट गए। भयानक दर्द के कारण वे जोर से चीख पड़े। लोग-बाग वहां जब तक एकत्र हों, रास्ता साफ देखकर माला उनसे पहले ही निकल भागी।

उस दिन दिन दौर में जोरदार बारिश हुई थी। वाहनों के प्रबल आवागमन के कारण सड़क जगह-जगह से खराब हो चली थी और उसमें छोटे-बड़े अनगिनत खड्डे निकल आए थे, जिनमें बरसात का गंदा पानी जमा हुआ था।

दुकान से बाहर निकलते ही माला ने छात्रावास की ओर जाने वाली सड़क पर दौड़ लगा दी। वह बतहाशा भागी जा रही थी। बरसात के कारण सड़क के किनारे लगे बिजली के खंभों से जहां-तहां की रोशनी गायब थी। जिन खंभों में प्रकाश था वे भी पावर हाउस और बिजली कर्मचारियों की मौत में मर्सिया गा रहे थे। यदि कहा जाय कि पूरी सड़क ही अंधकार में डूबी हुई थी तो कुछ अनुचित नहीं होगा। दौड़ते में उसके पांव जहां कहीं खड्डे में पड़ते तो बरसात का जमा गंदा जल उछल कर उसकी सलवार और कुरती को रंग डालता। सेठ की दुकान से छात्रावास तक डेढ़ दो किलोमीटर का रास्ता उसने निरंतर दौड़ लगाकर तय किया। छात्रावास के दरवाजे तक आते आते उसका वह दम पूरी तरह निकल चुका था। लड़खड़ाते कदम आकर वह अपने कमरे में खड़ी हुई। उसकी रूम पार्टनर

रजनी अभी तक जगी हुई थी।

माला के कपडो और उसके शरीर का दुदशा देख उसने पूछा—"क्या हुआ ? यह तेरे कपडे कैसे खराब हुए ? तू तो सुधाजी के साथ बाजार गई थी न ?'

"अरे बाबा, जरा धीरज रख ! पहले मुझे कपडे बदलकर सुस्थिर हो लेने दे, फिर पूछ—सब बताऊगी।' माला ने हाफते हुए जवाब दिया और तुरत बाथरूम की ओर चली गई। करीब बीस मिनट बाद जब वह लौटी तो काफी स्वस्थ दिखी। फिर इत्मीनान से अपने बिस्तर पर बैठकर उसने रजनी को आद्योपात सारी दास्तान सुना दी।

यह बात आसानी से उडा दी जाने वाली न थी। उसकी रूम पार्टनर ने अपनी गोष्ठी की सभी लडकियो को एकत्र किया। एक बन्द कमरे मे उनकी लुकी छिपी एक मीटिंग हुई। दूसरे दिन इस घटना की चर्चा जगल के दावानल के समान चारो ओर फैल गई। इस घृणित व्यापार के विरोध मे आवाज बुलन्द करने वाली लडकियो को व्यापक जन समर्थन मिला। विक्षुब्ध वातावरण शात करने के ख्याल से सुधा मल्होत्रा को उच्चस्थ अधिकारियो ने परामर्श दिया कि वह लम्बी छुट्टी पर घर अथवा किसी और दूसरे स्थान मे चली जाए।

इस घटना के लिए छोटे से लेकर मजन तबके तक के सभी अधिकारी समान रूप से जिम्मेदार थे। इसका प्रभाव उन लडकियो पर व्यापक पडा जो सुधा मल्होत्रा के इस घिनौने व्यापार का शिकार बन चुकी थी। सभी ने इस घृणित व्यापार को तरह-तरह की अपमानजनक सज्ञा से विभूषित किया। प्रतिरोध उबल पडा।

इतनी बडी अपमानजनक बात भला सुधा रानी कब बरदाश्त कर सकती थी। उन्होने अपने इर्द गिर्द घूमने वाली कुछ चापलूस लडकियो की गुप्त मीटिंग बुलाई। मीटिंग मे सुधा ने प्रतिशोध भावना से प्रेरित होकर

अरधान (कविता सग्रह 1984)

सी 50 गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

एक भयानक निर्णय लिया। उन्होंने अपनी एक मराठी शिष्या को सिखा-पढ़ाकर तैयार कर लिया कि रात में चुपके से रजनी की आंखों पर तेजाब डालकर वह उसे अंधी बना दे।

योजना की रूपरेखा तैयार हो जाने के तीन दिन बाद सुधा की चमची दो शिष्याओं ने दिन में रजनी के साथ जान-बूझकर विवाद किया और रात में मौन समय उसकी आंख को लक्ष्य कर उस पर एसिड फेंका और उलटे पांव भागकर गायब हो गई। इधर जलन की भीषण पीड़ा से चीत्कार उठी रजनी।

उसका आर्तनाद इतना तीक्ष्ण था कि पास-पड़ोस के कमरे की अन्य छात्राओं की नींद उचट गई। अपने-अपने बिस्तर से उठकर सब रजनी के कमरे की ओर भागीं। तुरंत अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भरती कर जिलाधीश और पुलिस-कप्तान को सूचना दी गई। दोनों अधिकारियों के आ जाने पर रजनी ने अपना बयान देते हुए मांग की—"उसे प्रशिक्षण से मुक्ति दे दी जाय।"

घटना चक्र पर दृष्टिपात करते हुए जिलाधीश ने सजन को सलाह दी—"यदि वह जाना चाहती है तो उसे स्वास्थ्य प्रशासन के प्रतिबंधित कार्य से मुक्ति दे दी जाए। घटना को विकृत होने से बचाने के लिए यह उचित भी है।"

सजन ने इस सुझाव का स्वागत तो किया, लेकिन इस शर्त पर कि वह पुलिस से अपनी रिपोर्ट वापस ले ले।

रजनी ने सजन की मांग को अनुचित कहा। लेकिन जिलाधीश के समझाने-बुझाने पर वह मान गई और अपना बयान वापस ले लिया। जिलाधीश की ही मध्यस्थता में एक संधि पत्र तैयार हुआ, जिस पर रजनी और सजन के हस्ताक्षर हुए। बाद में वह संधि-पत्र मुख्यालय में पंजीबद्ध कर लिया गया और रजनी छात्रावास से निकलकर चली आई अपने मौसा के घर।

पाच

आदिकाल से लेकर विदेशी शासन काल तक जाने कितने के आसन हिले—कितने बने—कितने बिगडे आज तक, लेकिन पत्थरो, ईटो और सीमेण्ट चूना निर्मित दिल्ली का सिर गर्वो नत रहा। झुके भी तो कैसे? झुकानेवाला कोई आज तक न मिला।

इसी दिल्ली मे नित्य की चकाचौंध, तडक भडक और शोर शराबे से दूर यमुना-तट पर स्थित एक 'खेर महल' मे रह रहा था सुनील। झोपडी से कुछ हटकर बनी एक दोमंजिला हवेली थी। उसमे रहता था एक कुलीन ब्राह्मण परिवार। कुटुब के मुखिया नर्मदा पाण्डेय पहले हींगनघाट के निवासी थे। जाने किस कारण से वह स्थान छोड, अपने बीवी बच्चो के साथ आ बसे इसी शहर मे।

वह रात बडी भयावह थी। घनघोर घटाओ के निर्बाध छलकते घट रीतने का नाम न ले रहे थे। यद्यपि रात कुछ अधिक न गुजरी थी, लेकिन अनवरत वर्षा के कारण आसपास के बगलों मे गहरा सन्नाटा छाया हुआ था। सिर्फ नर्मदा बाबू की ही एक ऐसी हवेली थी, जहा से रेडियो पर बजते फिल्मी गीतो के रिकार्ड और उनके बच्चो का कलरव सुनाई पड रहा था। बीच बीच मे उनकी पत्नी तारा की आवाज भी आकर कानो से टकरा जाती थी, जो बच्चो को डाट डपटकर सुलाने की कोशिश कर रही थी। अपने शयन कक्ष मे बिस्तर पर लेटे लेटे ही नर्मदा बाबू किसी उपन्यास के पन्नो मे डूबे हुए थे। आकाश अभी भी फटा पड रहा था और

प्रस्थान (कविता संग्रह 1984)
मो 50 गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

तन बदन कपानेवाली पुरवा के सनसनाते याके अभी तक जारी थे। बडे बडे वक्षा मे डालिया टूट-टूटकर राह बाट पर अवरोध वन विछी पडी थी, जिससे छाटे वडे सभी किस्म के वाहनो का आवागमन ठप्प था। चारो ओर जल ही जल नजर आ रहा था। इसी समय किसी की चीख का ददनाक क्षीण स्वर सुनाई पडा—"नही रजनी नही मुझे मत मारो। मैंने तुम्हारा क्या बिगाडा था!"

और, फिर कुछ ही पल मे यह तडप यह चीख शात हो गई।

चीख इतनी आत्त थी कि पास पडोस की हवेलिया जो अब तक गहरे सन्नाटे म डूबी थी, सब की सब चौंक पडी। सार बगलो की बत्तिया जल उठी। लोग खिडकियो के दरवाजे खोल-खोलकर आहट लेने लग आवाज की ध्वनि दिशा की। मुहल्ले के कुत्ते भौंक भौंक कर जमीन आसमान एक किय जा रहे थे।

चीख की आवाज नमदा बाबू के कानो से भी टकराई। वह उछलकर अपन बिस्तर स जमीन पर आ खडे हुए। पुस्तक हाथ स छूटकर नीचे गिर पडी। खिडकी का दरवाजा खोलते हुए उन्होने आवाज दी—"अजी, सुनती हो तारा यशु निशीथ! जाने कहा मर गए सब के सब!"

"क्यो, रात म भी तुमको चैन नही मिलता!" दरवाजा खोलकर उनके कमरे म प्रवेश करती तारा बोली।

तुमको चैन की पडी है—और यहा जान जा रही है।"

किसकी जान जा रही है, तुम्हारी? क्या हो गया?"

'अरे, भागवान, मेरी नही—पडोस मे ही किसी के चीखने की आवाज आई है। बडी दद भरी आवाज थी, तारा! क्या तुमने कुछ नही सुना?"

रेडियो और बच्चो के शोर से मै कुछ नही सुन सकी।' तारा ने जवाब दिया।

'इस सनसनाती हवा के कारण अधिक तो कुछ नही सुन सका सिर्फ अंतिम आवाज जो बड़ी ही दारुण थी कानो में आई। कोई बड़ी दीनता से कराहते हुए कह रहा था—'ये तूने क्या किया रजनी! मैंने तेरा क्या बिगाड़ा था मुझे मत मार!' और भी जाने क्या-क्या बोला, लेकिन सिर्फ इतना ही और वह भी अस्पष्ट कान में पड़ा।

'तुमने अभी क्या कहा? उसने रजनी नाम लिया? स्वर किसी आदमी का था क्या?"

'हां, आवाज किसी पुरुष-कंठ की थी और उसने 'रजनी' नाम लिया था।'

"तो फिर निश्चय ही यह आवाज भैया की थी। जल्दी करो?'

"कौन भैया? तू किसकी बात कर रही है? तू क्या रजनी' को जानती है?'

"यह सब बाद मे बतलाऊंगी! पहले नीचे चलो! पता नहीं वह जिंदा भी हैं, या ?'

'कहां चलें? किसके यहां चलें? तू बतलाती क्यों नहीं?"नर्मदा ने विह्वल स्वर में कहा।

'हो तुम वाकई बड़े मूर्ख! दिल्ली में तो मेरा सिर्फ एक ही भाई है और तुम जानते हुए भी अनजान बन रहे हो?'

'अरे, तू किसकी बात कर रही है सुनील की?

'तब और किसकी? यहां और कौन है मेरा भाई?'

'मुझे माफ करना तारा! अचानक की इस घटना के कारण सचमुच मेरा दिमाग काम नहीं कर रहा है। उर्मिला को जल्दी जगा दो नहीं तो निशीथ डरेगा। टामी की साकल खोल दो क्योंकि घर सूना रहेगा।

नर्मदा और तारा सीढ़ियां उतर जल्दी से नीचे आए और टाव की

रोशनी फेंकते हुए झापडी के पास आए। दरवाजा खुला हुआ था। नमदा न टाच की रोशनी कमरे मे फेंकी। सुनील का आधा धड कुरसी क नीचे लटक रहा था और पीठ म लम्बे फाल का एक छुरा धसा हुआ था। टेबिल जमीन पर लुढका पडा था और शीशा चूर-चूर हो चुका था। फाउटेन पेन जमीन पर खुला पडा था और टबिल के कागजात जहा-तहा बिखरे पडे थे। मेज पर एक लिफाफाबद एक पत्र भी पडा था, जिसपर सुनील का पता लिखा था। शरीर स काफी खून निकलकर जमीन पर जम गया था और जख्म वाले स्थान से अभी रिसना जारी था। कुरसी से आधे लटकते शरीर को देखकर यह अनुमान लगाना कठिन था कि वह जिदा है या मत।

सुनील की हालत देख तारा जोर स चीत्कार उठी—"भइया!"

बौखलाहट म मुमकिन था कि वह उसके शरीर पर ही गिर पडती, लेकिन नमदा ने उसे नजदीक जाने मे रोक लिया क्योंकि मामला बहुत सगीन नजर आ रहा था। तारा अभी भी चीखती ही जा रही थी—"मुझे छोड दो मुझे जाने दो मया के पास जाने दो!"

और नमदा बाबू उसे समझाने का प्रयत्न कर रहे थे—"तारा! होश म आ तारा शाति से काम ल पुलिस के आने से पहले सुनील के करीब जाना ठीक नही! धीरज रख मुझे पुलिस को खबर करने दे!"

लेकिन सुनील का खून देखकर तारा अपने होश मे न थी। नमदा बाबू पुलिस को तुरत खबर देना चाहते थे, लेकिन पत्नी की विक्षिप्तता के कारण कुछ नही कर पा रहे थे।

तभी तारा की चीख पुकार से पास-पडोस के लोग वहा जमा हो गए। उन्ही म स किसी ने फोन से पुलिस को इस घटना की सूचना दे दी।

खबर मिलते ही पुलिस आई और तहकीकात शुरू हो गई। नमदा और तारा ने सुनील के अभिभावक रूप मे अपना परिचय दिया। सुनील

के नाम टेबिल पर पड़े बंद लिफाफे को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। पत्र खोलकर देखने से पता चला— उसे छुरा किसी औरत ने मारा है। लिखने वाले ने साफ लिखा था—

'सुनील, तुम कहीं जाओ, मेरी नजरों से छिप नहीं रह सकते! मेरी बरबादी के लिए जिम्मेदार तुम हो। बस मेरी लिस्ट में एक नाम और था— रतन! उसे अपने किए का फल मिल गया, यह तुम अच्छी तरह जानते हो! समाज की नजरों में आज मैं जिंदा हूं, चल फिर रही हूं लेकिन एक जिंदा लाश के रूप में। अपनी आत्मा का खात्मा मैंने कब का कर लिया होता, फिर तुम्हारे किये की तुमको सजा कौन देता? इसीलिए मैंने अब तक आत्महत्या नहीं की। जब तक यह पत्र तुम्हारे हाथों में होगा मैं दिल्ली पहुंच जाऊंगी। दुनिया यही जानती है, और मेरी मां यही कहती है तुम मेरे भाई हो! होगे! उनकी निगाह में लेकिन मेरे लिए तो तुम वह जहरीले नाग हो, जिसका जहर मेरे शरीर को धीरे धीरे गलाता जा रहा है। इसका प्रतिशोध जब तक न चुका लूं, मुझे चैन नहीं मिलेगा।"

'रजनी'

सुनील की नाड़ी अभी चल रही थी। उसमें जीवन की अभी पूरी आशा थी। इन्सपेक्टर ने उसे एम्बुलेंस पर रखवाकर तुरंत अस्पताल भिजवाया। कोठी के इर्द गिर्द दो सिपाहियों का पहरा बिठाकर इंस्पेक्टर नमदा बाबू की हवेली में जा पहुंचे। कुरसी पर बैठते हुए उन्होंने नमदा बाबू से पूछा— यह रजनी कौन है? आपको पता है कुछ इसके बारे में?

जवाब में नमदा बाबू ने नकारात्मक रूप से सिर हिलाया। उन्हें चुप देख तारा ने कहा— इंस्पेक्टर साहब रजनी के बारे में इनको कुछ नहीं मालूम। भैया ने उसके बारे में इनको कुछ नहीं बतलाया। लेकिन मुझको

उन्होंने सब कुछ बतला दिया था। वह भैया पर किसी दिन भी प्राणघातक हमला कर सकती है, यह बात उन्होंने मुझसे कई बार कही थी"—और फिर तारा ने रजनी और उसके परिवार की पूरी कहानी इंस्पेक्टर को सुना दी।

सुनकर इंस्पेक्टर हैरान रह गया—"इतने आरोह-अवरोह के बाद भी यह युवक उस परिवार के प्रति वफादार है? ताज्जुब है! और कोई होता तो कब का त्याग देता इस परिवार को? सबसे बड़ी विस्मय की बात तो यह है कि यह पत्र पोस्ट आफिस के द्वारा मिला है, फिर इस युवक ने इसे खोला क्यों नहीं? खोल लेने पर कम से कम इस खतरे से सावधान तो हो जाता।" इंस्पेक्टर ने कुछ रुककर फिर कहा—"मि० पाण्डेय, आप दोनों में से कोई एक यदि अस्पताल चला जाए तो अच्छा ही होगा। आप लोगों के मौजूद रहने से, होश में आने पर वह अपने को कम से कम अकेला तो नहीं महसूस करेगा। और हां, पुलिस को आप लोगों की मदद की जरूरत पड़ सकती है। मुझे उम्मीद है आप उसे पूरा-पूरा सहयोग देंगे।" बोलकर इंस्पेक्टर कमरे से बाहर चला गया।

उसके जाने के बाद पाण्डेय दम्पती ने आपस में विचार विमर्श किया—अस्पताल में सुनील की तीमारदारी में किसे जाना चाहिए। काफी ऊहापोह के बाद नर्मदा बाबू ने कहा—"तुम अस्पताल चली जाओ, तारा! बच्चों की चिंता तुम मत करो। उन्हें मैं सम्भाल लूंगा। मदद के लिए नौकरानी है ही।"

पति की बातों का तारा ने कोई जवाब न दिया। वह दूसरे कमरे में जाकर अस्पताल के लिए तैयारी करने लगी।

डाक्टरों की सतकता और तारा की एकनिष्ठ सेवा से सुनील के प्राणों की रक्षा हुई । लगभग तीन महीने तक उसे अस्पताल मे रहना पडा । इस बीच पुलिस ने उसे अपना बयान देने को कहा और वह पत्र भी उसे दिखलाया गया, जिसे रजनी ने लिखा था । सब कुछ सुन लेने के बाद जब पुलिस ने रजनी के खिलाफ मुकदमा चलाने की बात की तो उसने मामले को वही दबा देने का परामश दिया । सुनकर इस्पेक्टर ने कहा—"इतनी बडी घटना के बाद भी यदि कुछ न किया गया, तो उसे अपराधो की दुनिया की ओर आगे बढने म शह मिलेगी ।'

"अभी बच्ची है जब उसे अपनी भूल का पता चलेगा तो खुद ही संभल जायेगी ।" सुनील ने बात यही समाप्त कर दी ।

इस केस म सुनील की चुप्पी से पुलिस ने मामला दाखिल दफ्तर कर दिया । पुलिस के अलावा नमदा और तारा आदि सबने राय यही दी थी कि उसे रजनी पर केस दायर करना चाहिए, लेकिन सुनील ने सबकी राय की उपेक्षा कर दी ।

शरीर म कमजोरी काफी आ गई थी । घाव भी अभी पूरी तरह नही भर पाए थे । इसलिए उसे अस्पताल से अभी छुट्टी नही मिली थी ।

इसी समय एक दिन अचानक उसे गौरा गाव से लिखा मा विशाखा का पत्र मिला । लिखा था—

बेटा सुनील,

दिल्ली जाने के बाद से तुमने अपनी इस बूढी मा को एक भी पत्र नही लिखा । लगता है—मुझसे, गौरा गाव से तुम्हारा मन बिलकुल ही उचट गया है । बीच म, कुछ दिन पहले बबई से वसत आया था । बातचीत के सिलसिले म उसी ने बतलाया कि अब तुम गौरा कभी नही आओगे । बेटा वसत ने जो कुछ कहा है क्या वह सच है ? जहा तक मुझे याद है मैंने ऐसी-वैसी कोई बात नही की, जिससे तुम्हें इतना कठोर

निणय लेने पर मजबूर होना पडा है। इस मसले पर एक बार और विचार करना बेटा, कम से कम जब तक मैं जिंदा हू।

बेटा! दो वर्षों की चहलकदमी के बाद जाने कहा कहा का, किस किस घाट-बाट की रोटी तोडती—पानी पीती हुई रजनी गौरा गाव आई है। उसे आए करीब दस-बारह रोज हो रहे हैं। वह कहा कहा रही, क्या करती रही—पूछने पर कुछ नही बतलाती है। ज्यादा जोर देकर कुछ पूछो तो कमर कसकर झगडा करने पर उतर आती है। मैंने तो अब बात करना भी छोड दिया है। इन दो वर्षों म रजनी ने और कुछ किया हो या नही, मेरे लिए एक बवाल जरूर पाल लाई है।

उन दो वर्षों के आरभिक दिनो म वह जब घर से भागी तो सीधे अपने मौसा जयराम जी के पास इदौर गई। इसके बहुत कहने-सुनने पर जयराम जी ने इसे इदौर अस्पताल मे मिडवाइफ कोर्स की ट्रेनिंग म भरती करा दिया। लेकिन यह लडकी अपनी आदत से वहा भी मजबूर रही और साल बीतते-बीतते स्टाफ की ट्रेनीज लडकियो एव मेडिकल ऑफिसरो मे लडाई-झगडा कर बैठी। परिणामस्वरूप कोर्स पूरा किए बगैर ही ट्रेनिंग से बाहर निकल आई।

इसके आने के चार दिन बाद इदौर मेडिकल कालेज से एक नोटिस मिला है—उसके अनुसार रजनी के दस माह के ट्रेनिंग काल मे सरकार ने इस पर लगभग साढे तीन हजार रुपये बाड सहित व्यय किया था। वह रुपया वापस जमा करने का आदेश हुआ है। बाड मे अभिभावक के रूप मे श्री जयरामदास जी ने जिम्मेदारी ली थी।

बेटा, जयरामदास जी बाल बच्चेदार आदमी हैं। उनकी माली हालत—रोज कुआ खोदो रोज पानी पियो जसी है। साढे तीन हजार रुपये जुटा पाना उनके लिए असम्भव है। यदि रुपया समय पर जमा नही हुआ, तो जयरामदास जी का घर-द्वार सब कुछ नीलाम हो जाएगा।

बेटा, यदि ऐसा हुआ तो बेचारे गरीब जयरामदास जी के बाल बच्चे रास्ते के भिखारी बन जाएंगे। नोटिस में सिर्फ पन्द्रह दिन का समय मिला है।

मेरे पास भी रुपये पैसे नही है अन्यथा इस संबंध में कुछ करती अवश्य। लाचार होकर यह खबर तुम्हें दे रही हूं। शायद कोई रास्ता निकाल सको तो जल्दी करने का प्रयत्न करना।

तुम्हारी मा—विशाखा"

पत्र का एक एक शब्द उस पर घन की तरह बरस रहा था। कहा से लाए साढे तीन हजार? इन दो बरसो के भीतर, जहा तक उसे याद है किसी भी महीने में ठीक से साढे तीन सौ की भी आमदनी नही हुई। इनकार करना उसके स्वभाव में न था। इस संबंध में अब वह वसंत को भी नहीं लिख सकता था, क्योंकि वसंत ने अब तक उस पर इतने रुपये खर्च कर दिए थे कि उनका उसने कोई हिसाब किताब ही नहीं रखा। इलाहाबाद में था तो इस बार उसका सारा खर्च शबनम चलाती रही। तो फिर वह किसके दरवाजे पर जाकर साढे तीन हजार रुपयों की भीख मांगे?

इसी उधेडबुन में चिन्ताकुल था कि उसी समय उससे मिलने के लिए दैनिक 'स्वदेश' के प्रधान संपादक श्री भाटिया जी तलाश करते करते अस्पताल पहुंचे। उन्होने आते ही शिकायत की— सुनील जी भई आपने अपना दैनिक कालम 'रोजमर्रा की जिंदगी' क्या बंद कर दिया? तीन महीने हो गए, पाठकों के पत्र पर पत्र आ रहे हैं—मैं उन्हें 'हा' 'ना' का कोई जवाब नही दे पा रहा हू। और आप हैं कि दर्शन ही दुर्लभ हो रहा है। और तो और, आपके पिछले लेखों के चेक आफिस में पडे हुए है। उन्हें न तो आप लेने आए और न ही आपने ऐसा कोई पता ठिकाना लिखा, जहा भेजे जा सकें। क्या बात है? यहा आने पर बडी मुश्किल से

प्रस्थान (कविता संग्रह 1984)
सी 50 गौरनगर सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

आपकी तलाश कर मका ! और यह अस्पताल मे कस ?"

"इस बारे म ता कुछ न पूछा, भाई ! इसे जीवन का एक भयानक हादसा कह सकत हो।

"लेकिन हुआ कैसे ?" भाटिया जी ने पुन पूछा।

फिर सुनील न आद्योपात उन्हे सारा किस्सा सुना दिया। लेकिन साथ ही उन्हें इस बात से सावधान भी किया कि वह इस समाचार को अपने अखबार का चटपटा मसाला न बना लें।

भाटिया जी ने हसत हुए जवाब दिया—"भरोसा रखो ! और पाठका को क्या जवाब द ? कालम आते सप्ताह म चालू ?"

"जरूर ! और हा, भाटिया जी, जरा सुनिए ता।'

भाटिया जाते जाते फिर वापस लौट आए—"कोई खास बात ?"

"हा, खास ही समझिए ! एक धम-सकट मे फस गया हू।"

"कैसा धम-सकट ?"

"मुझे कुछ रुपयो की सख्त जरूरत है।"

"कितना ?"

'यही कोइ चार हजार'

'कब चाहिए ?"

"आप कब दे सकेंगे ?"

"शाम को।"

"ठीक है !"

दूसरे दिन दैनिक 'स्वदेश' और उसके दूसरे दिन दश के और अन्य समाचारपत्रो की माटी मोटी सुर्खिया म पढने का मिला— 'दैनिक स्वदश' के स्तम्भ 'रोजमरा की जिंदगी' के यशस्वी लखक व पत्रकार सुनील जी

पर प्राणघातक हमला—हत्यारा फरार—सुनील जी राजधानी के मेडिकल कालेज म दाखिल। इस नापाक साज़िश म 'रजनी नाम की एक युवती का हाथ !

फिर तो यह समाचार शहरा से कस्बो और कस्बो से गाव गाव म जा पहुचा। जहा सुनो यही चर्चा— हद हो गइ बडी दुस्साहसी थी वह लडकी ! एक सीधे-सादे पत्रकार पर भी हमला करन से बाज न आई ! "

इस समाचार का लेकर गौरा गाव की तो स्थिति ही विचित्र हो गई थी। घर घर के जवान और बडे बूढे, स्त्री पुरुष सभी तबके के लोग दो-दो, चार चार के जत्थे म चले आते ये सात्वना देन विशाखा के दरवाजे पर। जब से यह खबर विशाखा को मिली थी रोते रोत उसका बुरा हाल हो चला था। वह बार बार कोस उठती रजनी को—' चुडल, इतना बडा काड करके इस गाव मे मुह दिखान तू आई कसे ? शम नही आई तुझे यहा आते हुए ?'

रजनी ने विशाखा का जवाब देने की कोशिश जरूर की, लेकिन विशाखा ने एक ही धमकी म उसकी बोलती बद कर दी— 'यदि तूने उलझन की कोशिश की तो मैं सीधे पुलिस स्टेशन जाऊगी। जो काम सुनील न नही किया, उस मैं पूरा करूगी।

पुलिस का नाम सुनते ही रजनी आतकित हो उठी। वह अच्छी तरह समझ रही थी कि सुनील के बारे म कोई भी उलटी-सीधी बात मा नही सुनगी और जरूरत हुई तो वह पुलिस की मदद ले सकती है। इसलिए उसन इस सबध म जबान खोलकर विवाद बढाना अच्छा नही समझा।

विशाखा को सात्वना प्रदान करन का गाव के मुखिया और सरपच भी उसके दरवाजे पर आए। उन्हाने रोती विशाखा को धीरज बधाया और हौसला बुलद रखन की प्रेरणा दी। उसका उत्साह बढाते हुए उन्हाने कहा— धन्य हो विशाखा—सचमुच तुम धन्य हो, जो तुम्हें सुनील जसा

प्रधान (कविता सग्रह 1984)

मा 50 गोरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

पुत्र मिला। आज हम और हमारा गाव ही नही, सारा देश उसके गुण गा रहा है और थूक रहा है रजनी के नाम पर।"

"मुखिया जी ! " उनकी बात काटते हुए विशाखा ने कहा।

"कहो, कुछ कहना चाहती हो !"

"हा, आप मुझे मेरे बेटे के पास नही ले चल सकते ?"

'क्यो नही ? चलोगी !"

"चलना तो चाहती हू, मुखिया जी ! सुनती हू वह अस्पताल मे है। दुनिया भर के लोग उससे मिल रहे हैं। ऐसे मौके पर मा होकर यदि मैं न पहुची तो क्या सोचेगा वह अपने मन म ? और, लोग क्या कहेंगे ? यही न, सिर्फ कमाई खाने के लिए मैं मा हू और जब उस पर मुसीबत आई तो उसे देखने तक न गई।"

"तुम्हारा सोचना ठीक है, भाभी ! ऐसी मुसीबत की घडी मे तुम्हें वहा पहुचना ही चाहिए। अच्छा, तो चलना ही तय रहा। सरपच की भी यही इच्छा है। तो हरि इच्छा इसी बहाने दिल्ली का दशन भी हो जाएगा। तब जो कुछ तैयारी करनी हो, आज रात तक कर लेना। भोर होते ही निकल पडेंगे।"

बोलकर मुखिया और सरपच अपने-अपने घर चले गए।

१ दिल्ली मेडिकल कॉलेज के प्राइवेट वार्ड के एक कमरे मे बिस्तर पर लेटा था सुनील। उसे घेर हुए चारो ओर बैठा था पत्रकारो और बडी-बडी सामाजिक सस्थाओ के प्रतिष्ठित कायकर्ताओ का एक विराट समूह। पूरा कमरा दशनार्थियो और मुलाकातियो से भरा पडा था। सुनील बोल रहा था—"भाटिया साहब, मैंने इसीलिए आपको मना किया था कि यह समाचार आप अखबार की सुर्खिया म न आने दें ! देखा आपने !

मेरे कारण कितने लोगो को परेशानी हो रही है। जाने क्या बीतती होगी मेरी मा पर इस समाचार को सुनकर। एक तो वृद्धावस्था, दूसरे शरीर से वह यो ही हमेशा किसी न किसी बीमारी से परेशान रहती हैं। मुझे डर है वह रो रोकर कहीं अपनी आखें न अधी कर ले। आपने अपनी समझ से तो यह अच्छा ही किया, लेकिन फिर भी यह अच्छा नहीं हुआ।

"अरे, नही यार! मैंने जो कुछ किया, ठीक किया। तुम ठहरे सीधे आदमी। पुलिस तक को तुमने कारवाई से रोक दिया। यदि मैं इस घटना को अखबार मे भी न देता तो इससे अपराधी को शह मिलती और वह फिर तुम पर इसी प्रकार घातक हमला करता। इस घटना के समाचारपत्र मे आ जाने से अपराधी बेनकाब हुआ है। अब वह जो कुछ भी करेगा, करने से पहले उसे काफी सोचना विचारना पड़ेगा।"

इसी समय बाहर पहरे पर बैठे पुलिस के एक सिपाही ने अंदर सूचना दी—'साहब एक अधेड उम्र औरत और कुछ और भी बडे-बूढे बुजुर्ग आपसे मिलने आए हैं। क्या उन्हे अदर भेज दें?'

"कौन है वे लोग? कुछ पूछा नही?"

'वे अपने को गौरा गाव का निवासी बतलाते हैं।

'गौरा के रहने वाले हैं? कौन हो सकते है?' इतनी दूर से भला कौन आ सकता है? वह काफी समय तक सोचता रहा। फिर बोला—'अच्छा उन्हें अन्दर भेज दो!"

परदा हटाकर एक औरत के साथ तीन चार आदमियो ने जैसे ही भीतर प्रवेश किया, देखकर वह चकित रह गया—

'माजी, आप!' और उठकर चाहा कि निकट जा मा के चरणों मे अपना सिर टेके, लेकिन उठ न सका। जैसे ही वह खडा हुआ कि सिर मे चक्कर सा आने लगा। करीब-करीब उसकी स्थिति

उस जनपद का कवि हूँ (कविता संग्रह 1981)
प्रधान (कविता संग्रह 1984)
सी 50 गौरनगर सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

चारपाई पर गिरने जसी हो गई। पाव थरथरा रहे थे। तभी झपटकर एक युवती ने उसे सभाला—"तुम लेट जाओ, सुनील !"

सुनील को आवाज जानी पहचानी-सी लगी। उसने पलटकर पीछे की ओर देखा। चेहरे पर दृष्टि पड़ते ही वह चकित रह गया—"शबनम, तुम !"

"हा पहले तुम लेट जाओ ! फिर बातें करना !"

"लेकिन, मा ! "

मा की दशा भी बेटे से कुछ कम करुण न थी। वह तो सुनील का चेहरा देखते ही ठगी ठगी-सी रह गई थी। पाव मे जैसे पाला मार गया। वह आगे बढकर बेटे को अपने आचल म छिपा लेने को आतुर थी, लेकिन बढ न पाई। आखें फाडकर एकटक बेटे की सूरत ही निहारती रही। उन्हें अवाक, विस्मित, ठगी-सी खडी देख सुनील ने कहा—"शबनम, तुम मा को देख रही हो ? उसे जल्दी मेरे पास लाओ, नहा तो उसकी हालत खराब हो जाएगी।"

"ला रहा हू, मेरे दोस्त ! तुम चिन्ता न करो ! मैं भी अब पहुच गया हू। किसी का कुछ नही होगा !"

"अरे, वसन्त ! तुम कब आए ?"

"अभी चला ही आ रहा हू ! शबनम के साथ !"

'अखबारो मे जसे ही पढा, उसी क्षण बम्बई मे रवाना हो गया। सीधे गाव गया। सोचा मा को भी लेता चलू। लेकिन पता चला, मा एक दिन पहले ही मुखिया और सरपच चाचा के साथ दिल्ली के लिए रवाना हो गई है। फिर मैंने उलटे पाव स्टेशन पर आकर गाडी पकडी। रास्ते मे सयोग से उसी डिब्बे मे शबनम भी आ गई।' कहते हुए उसने मा को ले जाकर सुनील के पलग पर बिठा दिया।

अदभुत था मा बेटे का यह मिलन। दोनो ही एक दूसरे का अपने

आलिगन मे समेटे फूट फूटकर रो पड़े। शबनम और वसत ने मा-बेटे दोनो को शात कराने की चेष्टा की। लेकिन वे रोते रहे तो रोते ही रहे। लगा—जाने कितने वर्षों बाद मिल रहे है मा-बेटे ! दृश्य निहार वहा उपस्थित सभी की पलकें डबडबा आइ। वातावरण एकदम गभीर हो उठा।

इसी समय भाटिया ने उठकर उपस्थित लोगो से निवेदन किया—'बधुओ ! सुनील जी के गाव से उनकी माताजी व और दूसरे सबधी मिलने आ गए हैं। इसलिए उचित यही होगा कि हम न्हे अब एकात दे दें। वसे हम लाग तो सुनील जी के करीब ही हैं, मुलाकातें फिर होगी ही। लेकिन ये लोग दूर दराज से आ रहे ह बार-बार तो आएग नही !

भाटिया के अनुरोध पर लोग एक एक कर खिसकने लगे। सबसे अत म जब भाटिया ने चलना चाहा तो सुनील ने उसका हाथ थाम बिठाते हुए कहा—' लकिन तुम कहा चले ?

"अरे, भाई ! दखत नही, मा आ रही है गाव से। और भी कितने बुजुग साथ आए हैं भेंट मुलाकात का फिर मैं यहा रहकर तुम लोगा के बीच दाल भात म मूसलचन्द क्या बनू ? मैंने सोचा !

बात काटते हुए सुनील ने कहा—'हा हा, मैं भी समझता हू तुम क्या सोच रहे हो। अब यहा बठो, तुम्हारी जरूरत है। '

'अच्छा भाई, तुम कहते हो तो बठ जाता हू।'

"बठना तो पडेगा ही। जब आग तुमने लगाई है तो तुम्ही को बुझाना भी पडेगा।

'अरे, बेटा ! ऐसा नहा कहते किसी को ! यह लडका तो मुझे बडा भला, बडा समझदार लगा। कौन है यह ?' मा ने सुनील की बात काटते हुए कहा।

"यह ! यह दनिक 'स्वदेश का मालिक है मा ! यानी मेरा भी

उस जनपद का कवि हू (कविता संग्रह 1981)
प्रस्थान (कविता संग्रह 1984)
सी 50 गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

मालिक ! यह खबर अखबार मे देकर, इस जरा सी वात का इतना तूल इसी ने दिया, मा ! इसने सबको परेशान किया !"

"सुन रही हो न, मा ! इतनी वडी घटना घट गई और यह छोटी-सी बात कहता है और तो और, मा ! हम लोग यही थे और इसने खबर तक न दी गनीमत हुई कि मैं तलाश करता अचानक आ पहुचा तो पता चला कि इसके साथ इतना बडा हादसा हुआ है। नही तो जाने क्या हो जाता !"

'सचमुच बेटा, कितनी बडी भूल तूने की। अगर कुछ ऐसी-वसी बात हो जाती तो ?"

"कुछ नही होता, मा ! तुम तो नाहक घबरा रही हो ! और हा, यार भाटिया ! मैंने तुमसे कुछ रुपए के लिए कहा था, अब उसकी जरूरत है। मा को चाहिए !"

"रुपए तो मैं लाया हू !" और बैग से निकालकर नोटो के बडल उसकी ओर बढाते हुए कहा—"यह ले, पूरे चार हजार हैं ! लेकिन मेरी समझ मे नही आता—माजी अकेली है न, फिर इतने रुपए एक साथ लेकर क्या करेंगे वह ?"

मा ने लम्बी सास खीचकर कहा—"अरे बेटा, कुछ न पूछ ! उस कलमुही औलाद ने मुझे क्या-क्या नाच नही नचाया !"

"किसकी वात कर रही हो, मा ! क्या किया उसने ?" भाटिया ने गभीर होकर पूछा।

"उसी रजनी की बात है, बेटा ! जो आज सुनील जैसा हीरा भाई पाकर भी, इसकी जान की गाहक बनी हुई है " और मा ने पूरी दास्तान सुना दी।

सुनकर भाटिया जी भी गभीर हो गए। काफी देर बाद बोले—"यह रुपए तो तुम रखो, मा ! इस किसी को देने या कही जमा करने की

जरूरत नहीं है। इंदौर वाला केस मैं खत्म करा देता हूं। मुझ पर भरोसा रखो! स्वास्थ्य मंत्रालय से मैं आज ही बातचीत कर लूंगा! एक तिनके की भी नीलामी नहीं होगी!"

"सच, बेटा!"

"हां, मां! आप बिलकुल चिंता न करें! अच्छा, अब मैं चलता हूं। आप लोग बातचीत करें," बोलकर भाटिया भी चले गए।

उनके जाने के बाद सुनील ने शबनम की ओर देखकर कहा—"शबनम, मां से आशीर्वाद नहीं लोगी!"

उठकर शबनम मां का चरण स्पर्श करने के लिए आगे बढ़ी। चांद जैसे मुखड़े पर दृष्टि पड़ते ही मां भाव विभोर निहारती हुई बोली—'कैसा आशीर्वाद, रे? कौन है यह? अब तक तूने पहचान भी नहीं कराई?'

'ऐसी कोई खास बात नहीं है, मां! तुम पहली बार आई हो न, इसलिए कहा।'

"नहीं मां! यह तुमसे छिपा रहा है! शरमा रहा है बतलाने में!" वसंत बोला।

'क्या बात है, बेटा सुनील? भला मां से कैसी शरम रे!'

'कुछ नहीं, मां! यह ऐसे ही बक रहा है!' सुनील ने झेंपते हुए कहा।

अच्छा, बेटा! मैं ऐसे ही बक रहा हूं? मां, यह तुमसे कभी नहीं बतलाएगा!" वसंत बोला।

'फिर तुम ही बतला दो ना? मुझे चक्कर में क्यों डाल रहे हो तुम दोनों?' विशाखा बोली।

मैं चक्कर में नहीं डाल रहा, मां!" वसंत ने कहा—'तुम्हें याद है कुछ दिन पहले तुमने सुनील के लिए एक बार मुझसे बहू की चर्चा

उस जनपद का कवि हूँ (कविता संग्रह 1981)
प्रस्थान (कविता संग्रह 1984)
सी 50 गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

की थी।"

"हां, याद है। लेकिन सुनील कहा सुनता है मेरी ! लगता है यह इच्छा मन ही मन दवाए मैं इस दुनिया से कूच कर जाऊंगी !" बोलकर विशाखा न एक जोर की लबी सास ली।

"निराश क्यो होती हो, मा ! खूब अच्छी तरह देख लो अपनी बहू को यही है सुनील की जीवन सगिनी और मेरी भाभी !" फिर वसत जोर से हस पडा सुनील की ओर देखकर।

सुनील को कुछ झेंप सी आ गई। उसने शबनम को आख से इशारा किया। शबनम ने झुककर अपना सिर मा के चरणो म रख दिया। मा ने शबनम को नजर भर देख तो पहले ही लिया था। फिर यह सुनकर कि वही उसकी बहू है, फूली न समाई। शबनम का सिर उठा, वह बार बार उसका माथा चूमने लगी।

तभी वसत ने फिर टोका— 'लेकिन, मा ! तुमने बहू की जात बात नही पूछी !"

"बेटा, जीवन म जिन हादसो से गुजरना पडा, उन्होने मुझे बहुत बडी शिक्षा दी ! मेरी आखें खुल चुकी हैं। मुझे जात पात, छुआछूत से अब कोई मतलब नही ! बस, शबनम मेरी बहू है यही काफी है कितनी सुदर जोडी है दोनो की !"

"बहुत अच्छी है, मा जी ! मैंने कितनी बार कहा भैया स, घर बसा लो ! घरवाली आ जाएगी और उसके हाथ का बना भोजन जब समय से पट म जाएगा तो सेहत सुधर जाएगी। लेकिन ध्यान ही नही देते !" तारा न हा म हा मिलाई।

"क्या रे, ठीक ही तो कह रही है, तारा ! कब कर रहा है शादी ?' विशाखा ने पूछा।

"इतनी जल्दी भी क्या है, मा ! समय आने पर सब अपने आप हो

जाएगा।' सुनील बाला।

समय इसी तरह की बातो म बेमतलब नष्ट हो रहा था। सुनील ने बात को मोड देते हुए वसत से कहा—"दोस्त, मुखिया और सरपच चाचा इतनी दूर स आए हैं। न जान फिर कभी इन लोगो का यहा आना होगा भी या नही, इसलिए तुम इन्ह दिल्ली-दशन करा दो तो अच्छा है। माता जी और शबनम को भी साथ ल लो।'

'नही, मैं नही जाती! तुम मिल गए बस मेरे लिए यही काफी है।' विशाखा बोली।

"चली जाइए न, माता जी! दिल बहल जाएगा। यहा अकेली बैठे-बैठे ऊब जाइएगा।' सुनील ने आग्रह किया।

'अकेली क्यो? तारा मरे साथ है। फिर अब मेरी बहू भी मेरे पास है बातचीत क लिए क्या बहू, तू ता रहगी न मेरे पास?'

'जरूर रहूगी, मा जी! आप पहली बार तो मिली हैं। भला, आपको छोडकर कैसे जा सकती हू?'

'तो फिर एसा कीजिए, आप लोग मेरे घर चले! वहा इत्मीनान से नहाना धोना और भोजन भी हो जाएगा और कुछ आराम कर लगी तो यात्रा की थकान जाती रहेगी।' तारा न सुझाव दिया।

'हा, बेटी, यह तुमन मतलब की बात कही।

और इसके बाद सभी लाग प्राग्राम क मुताबिक अपनी अपनी गतव्य-दिशा की ओर चल दिए।

उस जनपद का कवि हूँ (कविता सग्रह 1981)
प्रस्थान (कविता सग्रह 1984)
सी 50 गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

छह

भाटिया ने स्वास्थ्य सचिव मेनन के द्वार पर जाकर तीन बार दस्तक दी। लेकिन हर बार उन्हें यही उत्तर मिला—"साहब रक्तचाप से पीडित हैं। डाक्टरा ने उनको किसी से मिलने और बातचीत करने से मना कर दिया है।

इस भाग-दौड मे सध्या के चार बज गए। युद्ध म पराजित घायल सनिक की भाति थके मादे, क्लान्त घर आकर निराशाजन्य नि श्वास छाडते हुए व आरामकुर्सी पर लेट गए। उनके हाव-भाव से ही ममता ने उनकी असफलता का ताड लिया। लेकिन यह उनपर तनिक भी जाहिर न होने दिया। निकट आकर पखे का स्विच ऑफ करती हुई बोली—"क्या हुआ ?"

भाटिया ने सपूण कहानी सुनाते हुए कहा—' मैंने मा जी को वचन दिया है कि केस विभागीय कायवाही कराकर खतम करा दूगा। नीलामी के सिफ चौबीस घटे बाकी रह गए हैं। मेनन से मेरी मुलाकात हो नही पा रही है, नही तो मामला कब का रफा-दफा हो गया होता।

ममता ने कहा—"स्वास्थ्य सचिव से मिलने का काम आप मुझ पर छोड दीजिए। आप फिलहाल इदौर के कलक्टर से दूरभाप पर बातें कर स्थिति से निबटने की कोशिश कीजिए। मैं अभी मेनन साहब के बगल पर जा रही हू।"

बाहर आकर ममता ने गैरेज से गाडी निकलवाई

ठहरने का आदेश देकर वह स्वयं ड्राइव करती हुई मेनन साहब के बगले की ओर रवाना हो गई।

बगले पर पहुचकर उसने घंटी बजाई। नौकर बाहर आया। ममता इस बात को पहले ही भाप चुकी थी कि मेनन से सीधा संपर्क होना मुश्किल है। इसलिए जैसे ही नौकर ने कहा— 'साहब से मुलाकात होना मुश्किल है।'

'सुनो, मैं साहब से नही, मेमसाहब से मिलने आई हू।" ममता ने कहा।

'ठीक है आप बैठिए । मैं मेम साहब से पूछता हू।" और उसने ममता को बैठने के लिए बरामदे म पड़ी बेंत की कुर्सियों की ओर इशारा किया।

थोड़ी ही देर म नौकर बाहर आया और बोला—"मेम साहब आपको भीतर बुला रही हैं।'

ममता सेवक के पीछे पीछे भीतरी बैठक म दाखिल हुई। स्वागत सत्कार के बाद बातचीत के प्रसंग म श्रीमती मेनन ने उलाहना के स्वर मे कहा— 'कितनी बार खबर भिजवाई, लेकिन आपने आने का नाम ही न लिया।"

ममता ने मधुर स्वर म उत्तर दिया—"समाज कल्याण बोर्ड के रचनात्मक कामो म कुछ अधिक उलझ जाने से इतना अवसर ही नहीं मिलता कि कही जाना आना हो सके। आपकी ही नहीं, बहुतो की यही शिकायत है। लेकिन क्या करू यदि इधर उधर जाती हू तो बोर्ड का काम चौपट होता है। और देखिए न, आज भी अगर जरूरी काम न आ पड़ता तो कहा आई होती ?

ममता की हा म हा मिलाते हुए श्रीमती मेनन बोली—"ऐसा कौन सा काम आ पड़ा कि आपको इतना कष्ट उठाना पड़ा ?'

उस जनपद का कवि हूँ (कविता संग्रह 1981)
अरथान (कविता संग्रह 1984)
, 50 गोरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

ममता ने आद्योपात पूरा ब्योरा सुनाते हुए मेनन साहब के पूर्व आश्वासन की याद दिलाई—"भाटिया साहब जब उनसे पिछली बार मिले थे तो साहब ने कहा था—नीलामी वापस ले ली जाएगी—लेकिन कल नीलामी की आखिरी तारीख है। जब घर और जायदाद नीलाम ही हो जायेंगे तो फिर साहब के आश्वासन की कीमत ही क्या रही ?"

स्थिति की गंभीरता को स्वीकार करते हुए श्रीमती मेनन ने कहा—"आप बैठें, मैं साहब से बात करती हू।' और वह उठकर मेनन साहब के कमरे म चली गइ।

शाम के प्राय छ बज रहे थे। रक्तचाप का दौरा कुछ कम होने से मेनन साहब प्रसन्नचित्त अपने बिस्तर पर लेटे थे। दरवाजे पर डाक्टर के आदेशानुसार परिचारिका सजग प्रहरी की भाति कुरसी डाले उस पर बठी हुई थी। श्रीमती मेनन पति के पास आकर बोली—"अब कैसी है तबीयत ?'

"अभी तो कुछ ठीक हू।' श्री मेनन ने लेटे-लेटे ही धीमे स्वर म कहा—"क्यो, क्या बात है ?"

"समाज कल्याण बोर्ड की सचालिका श्रीमती ममता देवी आई हैं। बोल रही हैं, जब कल नौ बजे सवेरे इदौर के जयरामदास जी का घर नीलाम हो ही जाएगा तो फिर साहब के आश्वासन का मतलब ही क्या रहा ?"

"अरे यह तो मैं भूल ही गया।" और उन्होंने तुरत अपना हाथ फोन की ओर बढाया। लेकिन रिसीवर हाथ म लेने स पहले ही उन्ह कुछ ऐसा महसूस हुआ जसे उनका मज फिर उभर रहा है।

इसी समय उनकी देखभाल करने वाले डाक्टर ने किया। देखा, वह कुछ बेचैन से हैं। तुरत बोला—

कैसे बिगड़ी ?"

"सर ! ' और उसने श्रीमती मेनन की ओर संकेत कर दिया।

डाक्टर कुछ बोलने ही जा रहा था कि श्री मेनन जो वास्तव में पत्नी की बात से कुछ मर्माहत से हो उठे थे, अपने को संभालते हुए बोले— 'मुझे कुछ नहीं हुआ है, डाक्टर साहब ! आइए बैठिए !" और उन्होंने पूरी दास्तान डाक्टर को सुनाते हुए श्रीमती ममता देवी को अपने पास बुलवाने का आग्रह किया।

डाक्टर ने उनके निवेदन की उपेक्षा करते हुए कहा—"आपके स्वास्थ्य को देखते हुए, मैं आपकी इस बात से सहमत नहीं हूं।"

डाक्टर के बेलाग उत्तर ने श्री मेनन को बेचैन बना दिया। वह व्यथित-विह्वल स्वर में बोले— डाक्टर, मेरा जीवन इतना कीमती नहीं, जितनी कीमत उस गरीब की झोपड़ी की है। उसमें गुजारा करने वाले अनेक प्राणी आज फुटपाथ पर आ जाने की स्थिति में पहुंच गए हैं। मैं अपने अकेले के सुख के लिए उन निर्दोष प्राणियों का अभिशाप नहीं लेना चाहता। निर्दोषों के अभिशाप से मुझे सुख कभी नहीं मिलेगा।' वे खिन्न मुद्रा में डाक्टर की ओर देखकर आगे बोले—' डाक्टर माना कि आप एक डाक्टर की हैसियत से कर्तव्य पालन कर रहे हैं। लेकिन आप सोचिए, हम जिनकी सेवा के लिए सचिव बनाए गए अगर मेरे रहते हुए उनका कुछ नुकसान हो तो इसका लाभ मुझे क्या मिलेगा ? '

फिर वह पत्नी की ओर देखकर बोले— 'आप ममता देवी को मेरे पास लाए !

श्री मेनन कोयम्बतूर के एक कुलीन ब्राह्मण परिवार से संबंध रखते थे। भौतिक जगत में पलकर भी आध्यात्मिकता के प्रबल समर्थक थे। उनका कहना था कि "मानवी कानून से भी बड़ा एक कानून है जिसके सामने एक दिन सभी प्राणियों को जवाब देना पड़ता है। विज्ञान के

उस जनपद का कवि हूं (कविता संग्रह 1981)
प्रस्थान (कविता संग्रह 1984)
10 गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

स्नातक होकर भी उन्हें प्रकृति के चमत्कारो मे अदृश्य सत्ता की एक झलक मिलती थी। मित्रो के बीच वार्तालाप के समय प्राय कहा करते थे—"प्रकृति यानी ईश्वर की सत्ता का समर्थन उस दिन त्याग दूगा, जिस दिन विज्ञान जीव जगत को अक्षुण्ण अमरता का अभयदान दे देगा।"

ममता देवी के आ जाने पर उन्होंने डाक्टरी आदेश की परवाह न कर कहा—'आप जिलाधीश इन्दौर से दूरभाष पर सपर्क स्थापित करें और उन्हें अच्छी तरह बोध करा दें कि आप जो कुछ बोल रही हैं, वे सभी शब्द मेरे हैं।"

ममता ने जिलाधीश से सपर्क कायम किया और उन्हें श्री मेनन का सदेश सुनाया—"कल रजनी के अभिभावक इदौर निवासी जयरामदास जी की सम्पत्ति नीलामी पर न चढाई जाये। घटना से सबधित सम्पूर्ण कागजात इसी समय तहसीलदार के पास से वापस मगा लिए जाए। श्री मेनन साहब विभागीय स्तर पर छानबीन के द्वारा इसका समाधान निकालने के पक्ष मे हैं।"

पास से वापस मंगवा लिए गए। तहसील कार्यालय में नोटिस बोर्ड पर लगा नीलामी नोटिस फाड़कर फेंक दिया गया। नीलामी रद्द होने की सूचना मौसा जयरामदास के पास भिजवा दी गई। लेकिन दूध का जला मुंह छाछ भी फूंक फूंककर पीता है। रजनी के क्षण क्षण के बदलते रंग ढंग के कारण इस पर किसी को विश्वास नहीं हो रहा था। दूसरे दिन यानी नीलामी की घोषित तारीख पर जब तहसील ऑफिस का कोई भी कर्मचारी नीलामी के नाम पर मौसा जयरामदास के दरवाजे पर न पहुंचा तो सबकी जान में जान आई।

इसके दो दिन बाद स्वास्थ्य मंत्रालय का लिखित आदेश भी जिलाधीश इंदौर को प्राप्त हो गया।

सुनील अस्पताल से मुक्ति पाकर पुनः अपने उसी यमुना किनारे के खेरमहल में लौट गया। अखबार में उसने फिर से स्थायी स्तम्भ लिखने आरंभ कर दिए। लेकिन इसी समय भाटिया ने उसे एक दिन बड़ा मनहूस समाचार दिया—'पिछले दिनों सरकार की नीति रीति के संबंध में उसने लगातार कई दिनों तक जो स्तम्भ लिखे, उससे प्रशासक वर्ग एकदम क्षुब्ध हो गया है। उन्होंने पत्र के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की धमकी भी दी है। इतना ही नहीं, इसी कारण आजकल उनके अखबार का सरकारी विज्ञापन मिलने बंद हो गए हैं।

"यद्यपि जन साधारण की रुचि उस स्तंभ के प्रति है और उस स्तंभ के कारण ही पिछले दिनों से पत्र का सर्कुलेशन कुछ बढ़ भी गया है। लेकिन मात्र सरकुलेशन बढ़ने से ही अखबार की प्रिंटिंग, लेबर और कागज आदि का खर्च तो नहीं निकल जाता। इन सब खर्चों को पूरा करने के लिए विज्ञापन का मिलना बहुत जरूरी है। विज्ञापन न मिलने से प्रति-

उस जनपद का कवि हूं (कविता संग्रह 1981)
अरघान (कविता संग्रह 1984)
...नगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

दिन पत्र को आर्थिक दृष्टि से बहुत जबरदस्त घाटा बरदाश्त करना पड रहा है। यदि यही स्थिति कुछ दिना तक चलती रही तो हम मजबूर होकर पत्र का प्रकाशन बद करना पडेगा और यदि पत्र बद हुआ तो सैकडो लोग बे-रोजगार हो जाएगे, अतएव हमने अब यह स्तभ बद करने का निश्चय कर लिया है।

तुम मेरी सूचना को अ यथा न लेना। कलम के सिपाही हो मेरे अखबार म न सही किसी और के यहा ही सही, कुछ-न-कुछ लिख पढकर अपनी जीविका ता चला ही लोगे। लकिन जहा तक मरा खयाल है—मेरी तरह तुम भी यह कभी नही चाहाग कि तुम्हार एक के कारण सैकडो लोगो की रोजी-रोटी पर आच पहुचे।"

भाटिया के इस पत्र से सुनील को सचमुच बडा धक्का लगा। 'स्वदेश' ही एक ऐसा पत्र था, जो निष्पक्ष एव स्वतत्र विचारा का निर्भीक पोषक था और यही कारण था कि वह सुनील की उस आग बरसती कलम को निभय होकर अपने कालमा मे स्थान देता था। लकिन वहाँ स जवाब मिल जाने के बाद, अब दिल्ली म एक भी एसा समाचार पत्र न था जो तटस्थ एव निष्पक्ष नीतिया का पोषक हा। अधिकाश दनिक, साप्ताहिक एव मासिक दिखलाने को तो अपने पत्र के मुखपष्ठ पर यही लिखते थे कि वे निष्पक्ष एव स्वतत्र विचारो के पोषक हैं—लकिन वास्तविकता यह थी कि करीब करीब सभी सरकार के पिटठू थे। कुछ सरकार विरोधी पत्र अवश्य थे—लेकिन वे भी किसी-न किसी गुट विशष स सबद्ध थे इसलिए उनके निष्पक्ष एव स्वतत्र होने का सवाल ही पैदा नहा था।

कहावत है, गाठ म पसा है तो दहात भी शहर लगता और गाठ मे पैसा नहीं तो शहर भी दहात म ... से सपक टूट जाने से सुनील की मानो हालत एकदम

अब वह यह सोचने के लिए विवश हो गया कि दिल्ली में रहे या कहीं और चला जाए? लेकिन कहा?' मन असतुलित विकल विगलित हो उठा। इसी मन स्थिति मे उसे इलाहाबाद से शबनम का भेजा गया पत्र मिला, जिसने उसे और अधिक वौखला दिया और बिना कुछ सोचे विचारे वह रवाना हो गया इलाहाबाद के लिए।

दिल्ली से लौटकर शबनम जब इलाहाबाद पहुची तो देखा, उसकी मा जछन उस पर तीर कमान ताने बैठी है। शबनम पूरी तरह यात्रा की थकान भी न मिटा पाई थी कि जछन ने आकर पहला विस्फोट किया—
"छोकरी, बिना किसी सूचना के कहा थी इतने दिनो तक?"

'दिल्ली गई थी।'

'ऐसा कौन-सा काम आ पडा कि बिना किसी को खबर किए अचानक तुझे दिल्ली जाने का फितूर सवार हो गया?"

'सुनील के पास। उसको किसी ने छुरा मार दिया था। हालत काफी चिंताजनक हो गई थी। शबनम ने बिना किसी लाग लपेट के नम्र स्वर मे जवाब दिया।

सुनील सुनील सुनील! सुनते-सुनते कान पक गए। जब देखो तब उसी के गीत गाती रहती है। वेश्या की औलाद होकर महलो के ख्वाब देख रही है।"

मैं महलो के ख्वाब तो नहीं देख रही हू, मा! लेकिन जिस नरक मे तुम पलती आ रही हो, उसी मे धकेलने का सपना तुम जरूर देख रही हो! तुमने ऊची से ऊची तालीम दिलवाई, क्या इसी नरक के लिए? लोग तालीम ग्रहण करते हैं जीवन-स्तर उठाने के लिए, शराफत का जीवन जीने के लिए लेकिन तुम्हारी नजरो मे इनकी कोई कीमत

उस जनपद का कवि हू (कविता संग्रह 1981)
परधान (कविता संग्रह 1934)
८० मोतीनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

नहीं ? कीमत है तो सिर्फ नरक की जिंदगी की ! लेकिन कान खोलकर सुन लो, मां ! मैं तुम्हारे इस नरक पर थूकती हूं। मैं एक शरीफ इंसान की तरह जिंदगी बिताना चाहती हूं और मेरे इरादे में किसी ने दखल देने की कोशिश की तो मुझसे बुरा कोई न होगा। मां होकर, कहां बेटी की इज्जत की हिफाजत करनी चाहिए, लेकिन वह तो हुआ नहीं, उलटे नगर सेठ से मेरी नथ उतरवाने का सौदा कर रही हो ! छि छि—धिक्कार है ऐसी मां को !" शबनम का स्वर एकाएक कठोर हो उठा।

लेकिन जछन भी कुछ कम न थी। जीवन में उसने कभी किसी की दो बातें नहीं सुनी। किसी ने दो कहीं तो उसने उसी दम उसे दस सुनाई। फिर उसी की औलाद उससे जबान लड़ाए, भला वह कब बरदाश्त कर सकती थी ? दहाड़कर बोली—"हां हां, इसी दिन के लिए तैयार किया ! वेश्या की औलाद, वेश्या नहीं बनेगी तो क्या महलों की रानी बनेगी ? सुना नहीं तूने, वेश्या की कोख से जब कोई लड़का जन्म लेता है तो वह रोती है—शोक मनाती है। लेकिन जब लड़की जन्म लेती है तो दरवाजे पर शहनाइयां बजती हैं—मिठाइयां बंटती हैं। लड़की उसकी बुढ़ौती का सहारा है, उसका भविष्य है। और, तुझे भी मैंने इसी आशा पर पाला है। आज से पन्द्रह बीस दिन बाद तेरी नथ उतार ली जाएगी, यहां के नगर सेठ द्वारा। बीस हजार दे रहा है कुछ कम नहीं है।"

"तुम्हारा यह सपना, सपना ही रहेगा, जछनबाई। तुम बीस हजार की बात करती हो, लेकिन तुम्हारे नसीब में बीस पैसे भी नहीं हैं। तुम पन्द्रह बीस दिन में मेरी नथ उतरवाने की बात करती हो और पन्द्रह बीस दिन बीत चुके दिल्ली में सुनील से मेरी कोर्ट मैरिज हो चुकी है। सुनील अब मेरा पति है और मैं उसकी पत्नी ! दुनिया की कोई ताकत हमें एक-दूसरे से जुदा नहीं कर सकती !" और वह नाक से नथ उतारकर जछनबाई की ओर फेंकती हुई बोली—"और दे दे उस कामुक, वेश्या-

गामी-मावदान के कीडे नगरसेठ को और ले-ले उससे बीस हजार रुपये !

और हा सेठ से यह भी वह दना, सोच-समझकर आएगा किसी की पत्नी की इज्जत पर हाथ डालने ! तुझे तो अब मा कहते हुए भी मुझे लज्जा आती है। अब तू मा नही, सिफ जछन है जछन !" बोलकर शबनम अपने कमरे म चली गई और अपना सामान सूटकेस म भरने लगी।

जछन की एक एक बात हथौडे सी सिर पर बरस रही थी—शूल बनकर कलेजे को बीध रही थी। क्या-क्या मनसूबे नही बाधे थे उसने शबनम को लेकर। सोचा था—सेठ की जिस कोठी म आज वह बासी बरसो स रहती आ रही है शबनम की नथ उतरने के बाद उसके रूप-जाल मे फासकर धीरे धीरे वह उस पर कब्जा कर लेगी। लेकिन आज उसके सारे सोच विचार, सारे मनसूबो पर पानी फिरता नजर आ रहा था। वह सिर पर हाथ रखे चिंता म डूबी हुई थी कि शब्बो न, जिसे वह जाने कहा स लाकर अपनी लडकी बना उसस धधे करा रही थी, आकर खबर दी—'मम्मी, आपा जा रही हैं ! '

सुनते ही जछन को पावो के नीचे की जमीन खिसकती नजर आई। वह लपटकर शबनम के कमरे म गई और दहाडकर बोली—'कहा जा रही है ?'

'यह भी कोई पूछने की बात है ? अपने घर, अपने पति के पास जा रही हू और वहा जाऊगी ? ' शबनम ने निर्भीक होकर जवाब दिया।

"तू नही जाएगी ! वेश्या का कोई घर नही होता ? उसके लिए वेश्यालय ही उसका मायका है, उसकी समुराल है !" जछन तेज होकर बोली।

"यह उक्ति तेरी जैसी वेश्या पर लागू होती है, मर ऊपर नहा। तू कौन होती है मुझे रोकने वाली ?"

11

उस जनपद का कवि हूँ (कविता सग्रह 1981)
प्रस्थान (कविता संग्रह 1934)
150 गोरनगर, मागर वि विद्यालय, सागर—470003

"तो तू सीधी तरह नही मानेगी !" और उसने शब्बो को आवाज दी। उसके आने पर बोली—"रहीमा को बुला तो !"

शब्बो चली गई रहीमा को बुलाने।

रहीमा का नाम सुनकर शबनम काप उठी। रहीमा वेश्या मुहल्लो मे वेश्याओ के खर्चे पर पलने वाला गुडा था। उसका काम ही था, वेश्याओ से पसे लेना और उनके इशारे पर काम करना। खबर मिलते ही वह तुरत जछन की कोठी पर पहुचा। जछन ने उसे सारा हाल सुना दिया और आदेश दिया कि उसे पीछे वाले कमरे मे बद कर दे !

रहीमा जछन के हुक्म का गुलाम था। आदश मिलते ही उसने शबनम को घसीटकर कोठी के पीछे वाल कमरे म ले जाना चाहा। शबनम ने उसे डाटकर अपना हाथ झटका—"खबरदार, रहीमा ! मुझे हाथ लगाया तो ! यदि मुझे कुछ हुआ तो मत सोच कि तू बच जाएगा ! लगता है यह जछन अपने साथ तुझे भी खाएगी।"

लेकिन रहीमा कहा मानने वाला था। शबनम ने हिदायत दते हुए फिर कहा—"जछन बाई, मत समझो कि मेरे ऊपर अत्याचार करके तुम बच जाओगी ! आज तीन दिन से तुमने मरे ऊपर तूफान मचा रखा है। याद रखो, इसकी खबर सुनील तक जा चुकी है, आज नही तो दो दिन बाद वह मेरी तलाश म आएगा जरूर। यदि मुझे कुछ हुआ तो तुम और तुम्हारा यह रहीमा इस कोठी म सही सलामत जीवन नही बिता सकोगे।"

लेकिन जछन ने उसके कथन पर रत्ती भर भी ध्यान नहा दिया और रहीमा ने जबरन घसीटते हुए ले जाकर शबनम को पीछे वाली कोठरी म डाल बाहर से ताला डाल दिया।

उसी रात जछन ने आनन फानन मे नगर सेठ से सपर्क साधा और आग्रह किया कि आने वाली दूसरी रात को वह शबनम की नथ उतार लें,

अन्यथा लड़की किसी और की हो जाएगी।

शबनम और सुनील के विवाह की बात जछन ने अपने तक ही रखी। सेठ की निगाह तो जाने कब से शबनम की सुंदरता और यौवन पर थी। भला उसे क्या एतराज हो सकता था। पैसे की कमी तो कुछ थी नहीं। उसने तुरंत जछन को दस हजार रुपए अग्रिम दे दिए। बाकी का दस हजार नथ उतारने के बाद देने का तय हुआ।

दूसरे दिन की सध्या आई। जछन की कोठी लाल, पीली और हरी-नीली बत्तियों मे जगमगा उठी। तोरण और बंदनवारों से कोठी के हर कमरे का द्वार शीघ्रता मे जितना और जो कुछ हो सकता था सजाया गया। कोठी के बैठकखाने में शाम से ही महफिल जम गई थी। गजल और ठुमरी के ताल-ताल पर नर्तकों के पावों के घुंघरू खनक रहे थे। रात आठ बजे के बाद शबनम के कमरे का ताला खोल दिया गया और पड़ोस की कुछ युवा वेश्यायें उसे दुलहन के रूप में सजाने के लिए कमरे में आई। कोठी की सजावट और महफिल का रंग-ढंग देखकर ही शबनम ने अनुमान लगा लिया कि आज उसकी नथ उतारी जाएगी। आई हुई युवा वेश्याओं को देखकर शबनम मन ही मन मुस्कराई और बोली—'क्या आई हो तुम लोग? मुझे दुलहन बनाने?'

शबनम की बात सुनकर एक वेश्या युवती नखरे की अदा में मटकती हुई बोली—'हाय दइया! यह तो पहले से तैयार बैठी है!'

'और नहीं तो क्या? सुहागरात की घड़ी तो जीवन में सिर्फ एक रोज ही आती है। तुम सब आज मुझे ऐसी सजा—ऐसी सजा दो कि मेरा स्वामी भी एक बार मुझे देखकर दंग रह जाए! कौन जाने, इसके बाद वह इस रूप में मुझे देख भी पाएगा या नहीं!'

इसके बाद वह एकदम मौन हो गई। क्षण भर पहले का उसका हंसता-मुस्कराता चेहरा एकदम गंभीर हो उठा। पलकें बंद कर वह डूब

उस जनपद का कवि हूँ (कविता संग्रह 1981)
अरघान (कविता संग्रह 1984)
गो 50 गौरनगर सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

गई जाने किन स्मतियो मे ? अनायास फूट पडे शब्द उसकी जबान से—"मेरे स्वामी ! मुझे क्षमा कर देना !" और उसकी आखो से दोनो गालो को स्पश करते ढलक पडे दो मोती ।

उसकी आखो से गिरते आसू उसकी एक सहेली की निगाह म पड गए। उसने विस्मित हो पूछा—"यह क्या शबनम ? एसे मौके पर आसू ? क्या बात है ?"

"नही, रे ! एसी कोई बात नही है। त्याग की घडिया आने पर खुशी के ये आसू तो गिरते ही हैं। तू सब चिता न कर। अपना काम कर।" आसू पोछती हुई शबनम बोली।

शबनम ने फिर कुछ न कहा। सहेलिया अपने अपने हुनर के अनुरूप उसे सजाती गइ—सजाती गईं—सजाती गइ। शबनम चुपचाप बैठी रही—डूबी रही अपने स्वामी की स्मति म ! दो-ढाई घटो की कठोर मेहनत के बाद सहेलिया उस उरेहने म सफल हुइ एक अप्सरा के साचे म। इसके बाद उसे शादी का जोडा जामा और गहने पहनाकर वे कमरे से बाहर आ गइ। उनके जाते ही शबनम ने भीतर से कमरे का द्वार बद कर लिया। फिर आदमकद आईने के सामने जाकर वह अपना बनाव शृगार अपनी आखो से निहारने लगी। वह देख रही थी, उसकी रूप-सज्जा मे कही कोई कमी तो नही रह गई। बडी देर बाद उसे याद आया—"हा, एक कमी रह गई। और वह तुरत अपने प्रसाधन बक्स के पास पहुची। उसम से एक छोटी-सी गाल डब्बी हाथ मे लेकर पुन शीशे के सामने आ गई। डब्बी म और कुछ नही उसके सुहाग का सिंदूर था। शबनम ने चुटकी भर सिंदूर अपने हाथ म लिया और आईने म देखकर अपनी माग भरी। फिर अपने रूप को निहारती हुई वह मन ही मन हसी—"हा, अब ठीक ! अब वह पूरी तरह सुहागन है। अब, जब स्वामी देखेंगे तो उन्हें कोई गिला—कोई शिकवा

शिकायत नहीं रहेगी मुझसे ! और यह नथ ? इसकी कोई जरूरत नहीं।' और उसने उसे अपने हाथ से उतारकर अलग रख दिया। उसकी जगह नाक म डाल ली सोन की एक लौंग।

फिर अपनी जगह पर बैठकर काफी देर तक एक कागज के ऊपर जान क्या क्या लिखती रही वह। पूरा पेज भर जाने के बाद उसन उस कागज को एक लिफाफे म रखकर उसे बद कर अपने सिरहाने के नीचे रख दिया। फिर कमरे के बीचोबीच खडी हो काफी देर तक ऊपर छत की ओर देखती रही जसे कोई हिसाब किताब का अनुमान लगा रही हो। छत के चारो कोनों पर गौर करते-करते उसकी निगाह सीलिंग पखे पर आकर अटक गई। लेकिन वह जमीन से काफी ऊचा था। इतना कि टेबिल पर खडे होने पर भी उसकी पखडी हाथ ऊचा करने पर पकड मे न आए। उसका अनुमान सही था। तो यही ठीक है।' उसने कोन म रखे टेबिल का सामान एक एक कर जमीन पर रख दिया। फिर उस बिना आवाज किए धीरे धीरे सरकाकर पखे के केंद्र म लाई। उसके ऊपर उसने एक कुरसी रखी। फिर हाथ म अपनी कुछ देर पहले की बदली साडी लेकर ऊपर चढ गई। उस रस्सी के समान उमेठकर पखे स बाध दिया। बधन की मजबूती की जाच कर लेने के बाद कुरसी पर खडी-खडी ही उसने अपने पति का ध्यान करते हुए एक बार फिर क्षमा याचना की—'मुझे क्षमा करना, स्वामी ! जा रही हू हमेशा-हमेशा के लिए दूर—बहुत दूर, जहा से लौटना कभी सभव नहा !'

और दूसरा लटकता छोर गले म बाध, पावों से कुरसी को ठेलकर नीचे गिरा दिया। कुरसी के गिरते ही उसकी काया अवलबित हो गई साडी के बधन पर। गले की फास कसती गई कसती गई कसती गई और फिर, वह आकर ठहर गई अतिम कसाव पर। और शबनम ? समाज के कामनालोलुप कुत्तों म रमा के लिए बलि चढ गई अपनी

उस जनपद का कवि हूं (कविता सग्रह 1981)
प्रस्थान (कविता सग्रह 19-4)
1 40 गौरनगर सागर विश्वविद्यालय सागर—470003

अस्मत और मान मर्यादा के नाम पर।

गजल ठुमरी के ताल पर थिरकते पावो के घुघरुओ की झनकार मे डूबी रही वह महफिल। तबले पर थाप पडती रही पीने पिलाने का दौर चलता रहा। दस ग्यारह धीरे धीरे बारह बजने पर आए। जछन बाई ने सेठ के सामने आकर आदाब बजाया—"हुजूर, समय हो गया। सिफ आपका इतजार है।'

"शबनम आ गई ?" सेठ ने पूछा।

"आप सज पर चलें, हुजूर, हम उसे ला रहे हैं।' जछन ने मुस्कराते हुए जवाब दिया।

शबनम की सहेलियो को उसे लाने का आदेश देकर खुद सेठ को लेकर सज की ओर बढ गई।

दरवाजे पर पहुचकर सहेलियो ने कई आवाजें दी—"आपा! आपा!! दरवाजा खोलो, आपा!!! समय हो गया।

" ।" कोई उत्तर नही दिया शबनम ने।

इस तरह जाने कितनी देर तक पुकार होती रही शबनम की। लेकिन शबनम ने किसी भी पुकार पर जवाब न दिया।

विलब जब सीमा पार करने लगा तो जछन खुद आई और बेटी, बेटी—कहकर जाने कितनी बार उसे पुकारा। लेकिन शबनम पहले के समान ही गुमसुम बनी रही।

जब भीतर से शबनम ने कोई आवाज न दी तो जछन ने दरवाजा तोड देने का आदेश दे दिया।

दरवाजा तोडकर अन्दर जाने पर वहा का दश्य देख जछन चीख पडी—"अरे, इस छोकरी ने तो सत्यानाश कर दिया रे! सब किए-कराए

पर पानी फेर दिया ! ' और वह डाढें फाड फाडकर चीख पडी ।

शब्बा दूसरी ओर अलग आसू बहा रही थी। रहीमा आखें फाडें हक्का बक्का सिफ पखे से लटकती शबनम की लाश निहार रहा था।

जछन की चीख पुकार स महफिल मे रग मे भग पड गया और लोग भाग भाग शबनम के कमरे के पास पहुचे। सुहागरात का लोभी बूढा भौंरा नगर सेठ भी जछन का दद सहलाने 'क्या हुआ ? क्या हुआ ?' कहता सुहागरात की सेज स उठकर शबनम के कमरे क पास पहुच गया। भीतर का दश्य देख उसका तन-बदन पसीना पसीना हो गया और हाथ-पाव की पिंडलिया थरथराने लगी। उसे भापते देर न लगी कि जब इतना बडा हादसा हुआ है तो पुलिस भी आएगी ही। खरियत इसी मे है कि वह वहा से खिसक ले। मन म इस तरह के विचार आते ही नगर सेठ लोगों की नजरें बचा, चुपके स वहा से खिसक लिया।

आधी रात का सन्नाटा—जवाहर स्क्वायर तो क्या सारे इलाहाबाद की सडकें सुनसान हो चली थी। यदा-कदा इक्के दुक्के राहगीर और उन्ह देखकर गली कूचे तथा फुटपाथो पर लावारिस पडे भौंकते कुत्ते नजर आ जाते थे। वस भी रात के सन्नाटे की आवाज बडी दूर दूर तक गूजती सुनाई देती है। फिर जछन की चीख पुकार किसी को कसे सुनाई देती ? जछन की आवाज स पास पडोस का सारा माहौल अशात हो गया। लोगो की नींद उचट गई और वे अपना-अपना बिस्तर छोड उसकी कोठी की ओर भागे। देखते-देखते भारी मजमा एकत्र हो गया जछन के बगल पर।

पुलिस के पहुचते ही यद्यपि जछन ने रो रोकर अपनी ओर से सफाई दी कि छोकरी ने खुदकुशी कर ली, लेकिन पुलिस तुरत यह निणय कम ले सकती थी कि मामला हत्या का है या आत्महत्या का ?

पखे म लटकती लाश पुलिस न नीचे उतरवाई और जछन, रहीमा

तुम अनवर का कवि हूं (कविता सग्रह 1981)
प्रस्थान (कविता सग्रह 1984)
1 80, गौरनगर सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

कसर न उठा रखेगा।

इन सब सबूतों के आधार पर पुलिस ने उसी रात नगर सेठ को भी अपनी गिरफ्त में ले लिया और कोतवाली में पूछताछ के बाद सबका चालान शीट तयार कर दूसरे दिन सबको केंद्रीय कारागार भेज दिया गया।

उस जनपद का कवि हूँ (कविता संग्रह 1981)
प्रस्थान (कविता संग्रह 1984)
2 50 गोरनगर सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

सात

वसत का उपाकाल !

उस दिन भी हमेशा की तरह इसी प्रभाती वेला म वह जगा रहा था निद्रित कलियों को ! उसका नित्य का यह क्रम उसके दैनदिन जीवन का अविभाज्य अग बन चुका था। अब तो ये पुष्प—ये कलिया—नानाविध रगो मे सवरी सजी प्रकृति की य छटाए ही उसके अनुत्तरित जीवन का समाधान थी। दारुण व्यथा कथा स विदग्ध विगलित मन जब कभी विषादपूर्ण अतिरेक से भर उठता तो इ ही सुमनो—इ ही कलियो के बीच आकर उनसे बातें करता—उ हे हसता हसाता। मूक बधिर लता कुजो के य उनीद्र उ मीलित जीव भला बोलते भी क्या ? भला समझता भी कौन उनके वनस्पति शास्त्र की भाषा परिभाषा को ? लेकिन, नही

'करत करत अभ्यास के जडमति होत सुजान !
रसरी आवत जात ही सिल पर परत निसान !!'

रोज रोज की रगड रोज रोज की सत्सगति मे अब तो वह इन वानस्पतिक जीवो की भाषा-परिभाषा भी समझने और बोलने लगा था।

वह एक एक कर चुनने लगा—पयटको द्वारा फेंके गए कागजो मे लिपटे सिमटे मिष्टा नो के पुलिदो को ! फिर झाडने-पोछने लगा शिरा से चिपचिपाते पुलिदो पर सने चिपके धूल-कणो को।

शिमला के नेहरू-उद्यान मे पयटको के लिए रात्रि विश्राम की व्यवस्था भी थी। सवेरा हुआ कुछ पयटक जाने को प्रस्तुत हुए। विदाई के

समय औपचारिक दस्तूर के मुताबिक कुछ दूर तक वह उनके साथ आया। वे चले गए तो वह भी पीछे की ओर मुड़ा। देखा—कुछ नवागतुक पर्यटक उद्यान में प्रवेश की लालसा से द्वार पर खड़े हैं। देखने में सभी सभ्य-सुसंस्कृत और एक ही परिवार के जान पड़ते थे। लंबे-लंबे डग रखता वह उनके पास आया और बोला—'नमस्कार, श्रीमानजी! आइए, पधारिए!

'नमस्कार जी! मैं श्यामलाल हूं—बंबई का एक व्यापारी! और यह मेरी भतीजी है सरिता। गरमियों के दिन मन नहीं लगा सोचा, चला कहीं घूम फिर आएं। वैसे इसकी भी बहुत दिनों से इच्छा थी शिमला देखने की! सो, चली आई साथ में। सच पूछिए तो मैं शिमला आया भी इसी का खयाल कर अन्यथा मैं तो जाने कितनी बार शिमला आया गया।"

"हां हां क्यों नहीं! शौक से देखिए दिखाइए शिमला! जगह है भी तो देखने लायक! एक बार जो देख गया तो बार बार आने की इच्छा बनी ही रहती है। आप ही जैसे उदारमना लोगों से बरकरार हैं शिमला की ये वादियां!'

"आप यहां के रहने वाले हैं?' पूछा सेठ श्यामलाल की भतीजी सरिता ने।

'मतलब?'

"मतलब—आप यहां नौकरी करते हैं या हम लोगों की ही तरह कोई पर्यटक हैं?" सरिता ने फिर पूछा।

"अजी, पर्यटन की तो बात मत पूछिए! पर्यटन करते करते जिंदगी पक गई। यदि यह कहें कि जिंदगी ही पर्यटन बन गई तो उचित होगा! अब तो आप भद्रजनों की सेवा के लिए यह सेवक स्थायी रूप से जमकर बैठ गया है।

उस अनागत का कवि हूं (कविता संग्रह 1981)
परधान (कविता संग्रह 1984)
१० गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय सागर—470003

"बड़े जिंदादिल—दिलचस्प आदमी जान पड़ते हैं !"

"सो तो है और न भी रहूं तो बनना पड़ता है, आप लोगों के लिए !" कहते हुए वह सरिता और सेठ श्यामलाल जी की ओर देखकर मुस्करा पड़ा। उसकी नफासत पर चचा भतीजी भी मुस्करा पड़े।

एक हाथ में श्यामलाल जी से उनकी अटैची और दूसरे हाथ में सरिता के हाथ से हैंडबैग लेकर पूछा, "आप लोगों का प्रोग्राम यहीं ठहरने का है या फिर किसी और ठिकाने पर ?"

"इस बारे में हम लोगों ने अभी तक कुछ सोचा ही नहीं। गाड़ी से उतरकर सीधा यहीं चले आ रहे हैं। लेकिन बस भी यदि कहीं और का प्रोग्राम होता तो हम उसे जरूर रद्द कर देते। आपसे हुई पहली मुलाकात में ही हम इतने प्रभावित हुए हैं कि कहीं और जाने का प्रश्न ही नहीं उठता !' सरिता बोली।

"शुक्रगुजार हूं, आपके इस फैसले पर ! बंदे को आपने इस काबिल समझा और सेवा का मौका तो दिया ! जीवन में आज पहली बार आप जैसा दरियादिल यात्री मिला है, जिसने मेरा सही-सही मूल्यांकन किया !"

सरिता का मुख लज्जा से लाल हो उठा।

कनखियों से एक हलकी नजर उसने सरिता के चेहरे पर डाली और होंठों होंठों में ही मुस्कराते हुए बोला—"तो आइए, अब आप लोगों का कमरा दिखा दूं।

और वह उनको साथ लेकर बढ़ चला विश्रामगृह की ओर।

चलते चलते सरिता ने टोका—'इस अल्प मुलाकात में ही हमने एक दूसरे के बारे में बहुत कुछ जानकारी हासिल कर ली। लेकिन अब तक मैंने आपसे आपका नाम तो पूछा ही नहीं !"

"वैसे तो लोग सेवक को सुनील के नाम से जानते-पहचानते हैं। लेकिन आपकी दृष्टि में जो उचित जान पड़े उसी नाम से पुकार

लीजिएगा।

"वाह ! वाह ! यह भी आपने काबिल गौर बात कही ! आपकी जितनी प्रशंसा की जाए थोडी ही है।"

इसमें प्रशंसा जैसी कोई बात नहीं ? सीधी सी बात है, राम को रहीम और रहीम को राम कह देने से क्या फर्क पडता है ? नाक पकडनी है, चाहे हाथ घुमाकर पकड लें या सीधा—हर तरह से मतलब एक ही होगा।" सुनील ने मुस्कराते हुए कहा।

इसके जवाब में सरिता कुछ कहने ही जा रही थी कि विश्रामगृह आ गया। उसने जेब से चाबी निकाली और एक कमरे का दरवाजा खोलते हुए कहा— 'यह रहा आपका कमरा। मेरा खयाल है इसमें आप लोगों को कोई परेशानी नहीं होगी। एक इंसान की आवश्यकता के लगभग सभी साधन इसमें उपलब्ध हैं। फिर भी यह है तो एक विश्रामगृह ही और मनुष्य की आवश्यकताएं उसकी अपनी इच्छानुसार हुआ करती हैं। संभव है, किसी बात की कमी रह ही गई हो तो ऊपर वाले कमरे में मेरा निवास है, जरूरत पडने पर आप मुझे किसी भी समय आवाज दे सकती हैं।'

"क्या आप यहां अकेले हैं ? ' सरिता ने पूछा।

'मतलब ? '

"मेरा मतलब छोटे-मोटे कामों के लिए कोई और ऐसा नौकर चाकर नहीं है ?'

"नहीं ऐसी बात तो नहीं है। इस उद्यान और विश्रामगृह की देखरेख के लिए दो आदमी और भी हैं। लेकिन आप लोग ऐसे मौके में आए हैं कि दुर्भाग्य से दोनों इस समय छुट्टी पर चले गए हैं। उनमें से कुछ लंबे अवकाश पर है लेकिन एक कल तक आ जाएगा। लेकिन उनके रहने, न रहने से आप लोगों के लिए कोई फर्क नहीं पडता मैं जो हूं। इस

उस जनपद का कवि हूँ (कविता संग्रह 1981)
अरघान (कविता संग्रह 1934)
40 गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

समय मुझे आप यहा का सब कुछ समझ लीजिए—नौकर, माली और व्यवस्थापक भी। मेरे लिए अब आप लोग यहा के यात्री तो रह नही, बल्कि मेहमान हैं और मेहमान की सेवा के लिए मैं स्वय हाजिर हू। हा, इस समय सभव है आप लोगो को व्यक्तियो के अभाव म यहा का सूनापन कुछ खटकता हो, लेकिन कल मेरा एक मित्र जो बम्बई म एक काटन मिल का प्रबधक है, उसका पत्र आया है कि वह मुझसे मिलने आ रहा है। फिर आप लोगो को बातचीत की दृष्टि स भी मनबहलाव का अभाव नही खलेगा।" सुनील ने विनम्र स्वर म कहा।

'नही, बेटे!" श्यामलाल जी न जवाब दिया—"जब तुमने हम अपना मेहमान कहा तो अब हमारे और तुम्हारे बीच दूरी ही कहा रह गई? तुम न कहो तो भी मैं तुम्हे अपन परिवार का ही एक अग मानता हू, अपने पुत्र समान! अब देखो न, पहल हम दो थ—बाप (चाचा), बेटी और अब हमारे बीच मे तीसरा एक बेटा भी आ गया। फिर बातचीत के लिए भी अब व्यक्तियो का अभाव भी कहा रहा? मैंने तुम्हे अपना पुत्र कहा, मेरी यह बात तुम्हे कुछ बुरी तो नही लगी?"

"कैसी बात करते है, चाचाजी! यह तो मेरा सौभाग्य है कि आप जैसे सज्जन व्यक्ति ने मुझे इतना बडा सम्मान दिया। अच्छा, तो मैं चलू, आप लोगो के लिए चाय नाश्ता और भोजन आदि की कोई व्यवस्था करू। तब तक बगल मे यह बाथरूम है। आप लोग स्नानादि से निवृत्त हो कुछ स्वस्थ हो लें। यात्रा की थकान मिट जाएगी।'

बबई से बसत आया था आज पूरे दो वर्षों के अतराल के बाद दोनो मित्रो का मिलन हुआ था। उसकी एक ही शिकायत थी से—"इतना मर्मस्पर्शी हादसा हुआ तुम्हारे साथ और तुमन

दी किसी को ?'

खबर देकर भी तो कोई लाभ न था, बसंत ! तुम्हारी यह शिकायत जायज है लेकिन उसमे सिफ तुम्हें परेशान करने के और क्या था। हाँ तुम्हारे आने से मेरे घावो पर क्षणिक मरहम का लेप हो जाता। किंतु जानते ही हो क्षणिक तो क्षणिक ही होता है उसके गुजर जाने पर फिर वही दशा। भला इसमे तुम क्या करोगे और मै क्या करूँगा ? हानी को कौन रोक सकता है न तो पौरुष रोक सकता है, न ही किसी की कर्म-निष्ठा ? दुख है तो सिफ एक ही—माजी ने कितना कहा था शबनम से, वह उनके साथ गौरा चली जाए इलाहाबाद न जाए ! लेकिन उसने अपनी माँ से मिलने और विवाह की खुशखबरी देने का अपना हठ न छोड़ा। अब तो इसकी चर्चा ही छोड़ दो तुम इतने अरसे बाद मिले, लेकिन अपने बारे मे तो तुमने कुछ कहा ही नही ? गाव गए थे, माजी कैसी हैं ? उनके बारे मे तुमने अब तक कुछ नहीं बतलाया ? रजनी क्या कर रही है ? उसमे कुछ सुधार आया, या पहले जैसी ही है !'

माँ और रजनी के बारे मे सुनील ने जो प्रश्न पूछा, उससे बसंत एका एक चौंक पड़ा। वह सोचने लगा—माँ के बारे मे सुनील से कुछ कहना, क्या ठीक रहेगा ? अभी-अभी एक भयंकर हादसे से गुजरा है उस पर तुरंत इस समाचार का क्या असर पड़ेगा ? इसीलिए उसने टालने के लिए बात को दूसरी ओर मोड़ दिया— सुनील, एक बात तो बताओ दोस्त, तुम लेखक और पत्रकार होकर कैसे जी रहे हो उद्यान प्रबंधक' की जिंदगी ? कहाँ दिल्ली के पत्रकारों के बीच का माहौल ? और कहाँ यह नितांत एकाकीपन ?

सुनील हँसा, बसंत के इस सवाल पर। बोला— मित्र, तुम्हारा कहना बिलकुल जायज है। सचमुच यह काम मेरे योग्य नहीं है। लेकिन जीवन मे हादसे पर हादसा होते रहने से दिल अब एकदम टूट चुका है

उस अनागत का कवि हूँ (कविता संग्रह 1981)
अरमान (कविता संग्रह 1984)
1 ६0 गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

दुनिया की भीडभाड से। अब मुझे अपनी ही हसी काट खाने को दौडती-सी जान पडती है। उस घुटन और ऊब से बचने के लिए ही इस एकात पहाडी स्थल का चुनाव किया। आरभ मे सचमुच ही यह काम बडा अरुचिकर सा लगा था, लेकिन धीरे धीरे अभ्यस्त हो गया—इतना कि अब यहा से कहीं जाने की इच्छा ही नही होती। लेकिन तुमने मेरे प्रश्न का जवाब न देकर, मुझे इस तरह की बेमतलब की बातो मे क्यो उलझा लिया ? लगता है, कोई अनहोनी गौरा मे मा जी के साथ भी घटित हुई है, जिसे तुम मुझे सुनाना नही चाहते। तुम शायद इसलिए नही कहना चाहते हो कि अभी अभी शबनम की मौत का हादसा हुआ है, तुरत ही यदि माजी के बारे मे कुछ ऐसा-वसा समाचार सुना देने मे मुझे कुछ हो गया तो ? अरे, मित्र ! मेरे बारे मे इस तरह की शका करना एकदम निर्मूल है। आघात पर आघात सहते सहते मेरा हृदय वज्र बन चुका है। अब उस पर आघातो का कठिन से कठिन प्रहार भी करो तो कोई फर्क पडने वाला नही है।'

सुनील से जवाब पाकर बसत आश्वस्त हो गया असमजसता की सीमा रखा से। मन पर सकोच का जो बोझ था उसे उतार फेंकते हुए बोला— दोस्त सचमुच ही कुछ ऐसी ही बात है, जिसे मैं टालना चाहता था, तुम्हारी दशा देखकर। इसीलिए मन मे भयकर ऊहापोह भरा हुआ था। लेकिन अब नहीं। करीब-करीब साल पूरा होने वाला है, माजी इस ससार मे नहीं हैं। इस समाचार से तुम्हे बहुत बडा सदमा पहुचता, इसी डर से अब तक कुछ कहते नही बनता था।'

और सचमुच बसत ने देखा—सुनील की मन स्थिति कुछ विचित्र-सी हो गई है। लगा जैसे सारे शरीर को पाला मार गया हो। वह निवाक् हो शून्य की ओर देखने लगा। काफी देर बाद उसके मुख से शब्द फूटे—"क्या हुआ था माजी को ?"

'होन का ता कुछ नहीं हुआ। वह भली चगी था। गाव वालो को सन्देह है कि सोते म रजनी न उनका गला घाट दिया, क्योंकि उसी दिन से रजनी फरार है। कहा गई ? क्या कर रही है ? किसी को कुछ मालूम नही ? सभी गाव वाले तुमसे मिलने को बहुत इच्छुक थे, लेकिन तुम्हारा जब कोई पता ठिकाना हो तब तो !"

'अब गौरा म मरा कौन धरा है दोस्त ! माजी ही तो एक रह गई था, जिनके बहाने से कभी कभार वहा चला जाता था। लेकिन अब तो वह बहाना भी जाता रहा। अब तो जहा रम जाऊ वह धरती ही मेरा घर द्वार है। बालकर सुनील ने दीर्घोच्छ्वास छोडी।

'नहीं दोस्त ऐसा न कहो ! अभी मैं जिंदा हू और जब तक हू तुम्हारे लिए गौरा भी यही सलामत है। और आज नही तो कल आखिर रजनी भी तो लौटकर गौरा ही आएगी।" बसन्त ने कहा।

"अब रजनी का नाम न लो दोस्त ! बम्बई स मेरे दो मेहमान आए हुए हैं सेठ श्यामलाल जी और उनकी भतीजी सरिता। इन लोगों का जरा सी भी भनक न मिलने पाए रजनी की। रजनी अब पूरी तरह अपराधी जीवन जी रही है। उससे अपना सबध व्यक्त करने का अर्थ है, खुद की बदनामी मोल लेना। वे लोग इधर ही आ रहे है, अब यह चर्चा बद कर देना ही उचित है।'

इतने म श्यामलाल जी और सरिता उनके पास आ गए। सुनील ने उनके लिए बेंच पर जगह बनाते हुए कहा—"आइए, चाचाजी ! बैठिए !"

यो तो श्यामलालजी कई बार शिमला आ चुके थे। अच्छे-अच्छे व्यक्तियों म उनका परिचय भी हुआ था। बर्फ म ढकी शोभित घाटिया और नीचे पानी की झीलें भी देखी था। मन को बडा सतोष मिला था। लेकिन इस बार जैसा आनंद उन्हें कभी नहा आया था। उनके नैसर्गिक

उस जनपद का कवि हूँ (कविता संग्रह 1981)
प्रस्थान (कविता संग्रह 1984)
50 गोपालगंज, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

आनन्द की यह गहमागहमी महज सुनील की वजह से थी। सुनील को भी एक ऐसे बिन्दु की तलाश थी जिस पर उसकी आखें अधिकार के साथ टिक सकें।

आज चार दिन बीत गए थे श्यामलाल जी और सरिता को बबई से आए, लेकिन सरिता की तबीयत नही भरी। कभी बास गार्डन, कभी स्नाहिल, कभी नजरबाग तो कभी कुछ। कभी श्यामलाल जी जब चलने को कहते तो उन्हे सुनने को मिलता—"मैं तो यहा पहली बार आई हू। कौन जाने, फिर कभी इधर आना हो, या न हो! ठीक से सब कुछ देख-परख तो लेने दीजिए। आपका क्या? आप तो बराबर ही इधर आते ही रहते हैं।"

"सच ही तो कह रही है, सरिता!" यह सोचकर श्यामलाल जी चुप लगा जाते।

श्यामलाल जी और वसत बेंच पर बैठे हुए थे तथा सुनील और सरिता हरी-हरी घनी दूब पर। सबको चुप देखकर सुनील ने श्यामलाल जी से वसत का परिचय कराया—"चाचाजी, यह हैं मेरे अभिन्न मित्र वसत कुमार जी। बम्बई के एक कॉटन मिल के महाप्रबधक है।"

"बडी खशी हुई आपसे मिलकर! फिर तो बम्बई में हमारी मुलाकात अब होती ही रहेगी।" श्यामलाल जी ने हाथ मिलाते हुए कहा।

"जरूर जरूर!" वसत ने बडी आत्मीयता से कहा।

"वसे आप क्या बबई के ही रहने वाले हैं?" श्यामलाल जी ने पूछा।

"नही, मैं रहने वाला तो नासिक का हू। बबई में सिर्फ सर्विस करता हू।" वसत बोला।

"चलिए बबई और नासिक में फर्क ही कितना है! सुबह गए शाम लौट आए।"

"बेशक ! बेशक ! लेकिन काम का इतना बोझ सिर पर लदा रहता है कि सुबह से शाम तक दम मारने की भी फुरसत नही मिलती ।" बसंत ने कहा।

'लीजिए, अब यह भी कोई कहने वाली बात है ? एक काटन मिल के मैनेजर की कितनी बडी जिम्मेदारी होती है यह भी किसी से छिपा है क्या ?' श्यामलाल जी बोले—"नासिक आने जाने वाली बात तो मैं इसलिए बता रहा था कि यह मेरी भतीजी है सरिता, इसका ननिहाल नासिक के पास 'चालीसगाँव' में है। इसकी शिक्षा ननिहाल में ही हुई है। इसी के लिए मुझे बराबर वहा जाना पडता था। लेकिन सुबह जाता था और शाम को लौट आता था। कोई परेशानी नहीं होती थी।" श्यामलाल जी बोले।

'जब आप लोगो ने नासिक और 'चालीसगाव' की बात छेड दी है तो मुझे भी अब कुछ कुछ याद आने लगी है" सरिता बोली—"नासिक के ही किसी गाव की ?—ठीक-ठीक याद नही आता किस गाव की—रजनी नाम की मेरी एक सहेली थी। हम दोनो एक ही कक्षा मे पढते थे। बडी तेज-तर्रार थी। विद्यालय की अध्यापिकाएं भी उससे घबराती थीं। जवाब देने मे एकदम मुहफट ! भगवान बचाए ऐसी लडकी से वहा के लडको के तो यही स्वर थे।

'फिर आपसे कैसे निभती थी उसकी ?" पूछा सुनील ने।

'आज जब सोचती हू तो मुझे भी बडा आश्चर्य होता है इस पर। मेरे साथ उसने कभी बेअदबी का कोई बरताव नही किया। सरिता ने जवाब दिया।

'तब से बिछुडी आप फिर कभी न मिली ?' सुनील ने फिर पूछा।

'संयोग कुछ ऐसा हुआ कि मैं बी० ए० करने के बाद जो बबई आई तो फिर कभी उधर जाना ही न हुआ मुलाकात होती भी कैसे ? जाने

उस जनपद का कवि हूँ (कविता संग्रह 1981)
प्रस्थान (कविता संग्रह 1981)
150 गोपालगंज, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

इम समय कहा होगी ? अब तो मेरा खयाल है उसकी शादी वादी भी हो गई होगी।" सरिता बाली।

"आपने यह कसे सोच लिया ? भला ऐसी लडकी के साथ अपना घर कौन बसाएगा ?" सुनील न पहल की।

सरिता बोली—"आप ता ऐस कह रहे है जसे उसे जानते हो ?"

सरिता की इस बात पर सुनील चौंका। वह मन ही मन पछताने भी लगा कि उसने ऐसा कहा भी क्यो ? लेकिन तुरत ही स्थिति को सभालते हुए बोला—"अजी, मुझ निखटटू को पूछना भी कौन है, जो आपकी रजनी जी से परिचय करने लगा ? वह तो अभी कुछ देर पहले ही आपने कहा था—"बडी तेज-तर्रार थी, विद्यालय की अध्यापिकाए भी उससे भय खाती थी इमी आधार पर मैं बोल पडा—ऐसो को साथ लेकर गहस्थी बसाने से सभी घबराते हैं।'

"सो तो मैंने उसके बारे म जो कुछ कहा ठीक ही कहा।' सरिता ने कहा— लेकिन सुनील जी, आप तो डबल हो चुके है न, फिर यहा अकेले क्या रहत हैं ?"

"आपने मरे बारे मे कुछ गलत अनुमान लगा लिया। वैसे भी मैंने आपको इसका जवाब तो पहले ही दे दिया—मैं एक निखटटू इन्मान हू, मुझे पूछना भी कौन है ? और वसे ऊपर वाला भी कुछ नाराज है मेरे ऊपर तभी आज तक किसी ने ।" बोलकर सुनील ने आह भरी एक लम्बी सास ली।

'क्यो, आपम ऐसी क्या बुराई है ? आपको कोई क्यो नही पसद करेगा ?' सरिता ने कहा।

सुनील ने कोई जवाब नही दिया।

उसे चुप देख बसत बाला—"सरिता जी, यही इसके अदर बुराई है। हर कलात्मक गुण इसमे जन्मजात है। लेकिन इसका जीवन कुछ

ऐसे हादसों से गुजर चुका है कि अब यह इंसान की छाया से भी दूर भागता फिर रहा है। जानती है शायद आपको इसका सही परिचय मालूम न हो—दिल्ली के पत्रकारों में सम्मानित स्थान रखने वाला एक पत्रकार दैनिक 'स्वदेश' का प्रसिद्ध 'व्यंग्य स्तम्भ' लेखक, पुरस्कृत गीतकार कहानीकार कौन सी कला नहीं है इसके अंदर लेकिन जाने क्या आज इंसान तो इंसान, खुद अपनी ही छाया से कन्नी काट रहा है।'

'क्या कहते हैं, आप? कहीं य वही व्यंग्यकार तो नहीं, जिनके व्यंग्य लेखन से प्रशासन तंत्र की मशीनरी भी कांप उठी थी और अखबार को मजबूरन व्यंग्य स्तंभ' का प्रकाशन बंद करना पड़ा? सरिता ने आश्चर्य से पूछा।

"हां, यही हैं वह व्यंग्यकार।' वसंत ने जवाब दिया—"सिर्फ व्यंग्य ही नहीं, इसके गीतों के एक एक शब्द गली-कूचों में लोगों के मुख से सुनाई पड़ते थे।'

'हां हां आपने खूब याद दिलाई। इनके गीत तो आज भी मनोहर हैं और आज भी लोग यदा कदा गुनगुनाया करते हैं।' सरिता विस्मित स्वर में बोली।

'और आपके बगल में इस समय खोया खोया बैठा है उन लोकप्रिय गीतों का लेखक! अपने गीतों के लिए यह पुरस्कृत भी हो चुका है! लेकिन जानती हैं इसके गीतों में वही दर्द—वही व्यथा—वही टीस भरी हुई है, जिस हादसे, जिस सदमे से गुजर चुका है जब कभी इस तरह की कोई चर्चा होती है, इसी प्रकार यह खोया-खोया, विक्षिप्त सा नजर आने लगता है। कितनी बार मैंने इससे यह जानने की कोशिश की, लेकिन आज तक कुछ नहीं बतलाया।

लेकिन क्यों? आखिर वह कौन-सा हादसा था, वह कौन सा सदमा था जिसने इनको विनाश के कगार पर ला खड़ा किया? सरिता

उस अजनबी का कवि हूँ (कविता संग्रह 19[illegible]1)
मरुस्थान (कविता संग्रह 1984)
[illegible] गौरनगर सागर विश्वविद्यालय सागर—470003

ने पूछा।

"मैंने तो कई कोशिशें कर देख ली, निराशा ही हाथ लगी। हां, शायद आपके पूछने पर कुछ बतला दे! लेकिन इस समय तो आप इस प्रसग को छोड ही दीजिए। कभी मूड म हो तो आपका पूछना ठीक रहेगा।"

सरिता ने सिर हिलाकर वसत के कथन का समथन किया। लेकिन वह मन-ही मन विचार करती रही सुनील की इस मन स्थिति पर।

श्यामलाल जी ने बात का रुख मोडते हुए कहा—"अच्छा सुनील, छोडो, इन सब बातो को। यह बतलाओ, तुम्हे बबई कैसी लगती है?"

"भला मैं इस बारे म क्या बोल सकता हू, चाचाजी! जो बबई के सान्निध्य म है, वही उसके बारे म कुछ बतला सकते हैं।" सुनील न नम्र स्वर म जवाब दिया।

वसत बोला—"साहब, सुनील भाई मुख से कम कहते है, भावो स अधिक। ये तो मेरे बुलाने पर भी बबई नही आते हैं। कहते है बबई का कृत्रिम सौन्दय मुझे पसद नही।"

सरिता न चहकते हुए कहा—"बेशक वह सुनील को भला क्या अच्छी लगने लगी? कहा शिमला की श्वेत बर्फाच्छादित धवल विमल ऊची ऊची पवतीय चोटिया, अपने अक मे झरनो का स्वच्छ निमल जल समटती हरी भरी मनोरम घाटिया और कहा बबई की रूखी सूखी जमीन और उसे घेरे लहराता समुद्र! दोनो के सौन्दय म जमीन आसमान का अतर है। निस्सदेह शिमला का सौदय प्राकृतिक है।

"क्या, सुनील! है न यही बात?" श्यामलाल जी बोले।

"जहा पहुच नही सकता, वहा के विषय म यही कहकर जी को समझा लेता हू।" अपना पक्ष प्रबल करते हुए सुनील ने कहा।

"माना, लेकिन आवश्यक भी तो नही कि तुम यहा ही रहो!" यहा

से चला भी तो जा सकता है। वैसे भी यह विद्वानों का ही कहना है—'चलते रहने का नाम ही तो जीवन है।'' वसंत बोला।

सरिता के मन में आया कि वह दे—"हाँ, यही सच्चाई है।' काफी देर तक ऊहापोह मचा रहा उसके मन में। कभी-कभी सुनील के उदास और खोया-खोया सा हो जाने से भी अनुमान उसने यही लगाया कि निश्चय ही सुनील को किसी ने धोखा दिया है और अब इसका दिल इतना टूट चुका है कि यह दुनिया की भीड़ भाड़ से दूर भाग रहा है। इसे जरूरत है इस समय किसी के मदुल प्यार की, जिसके मधुर स्पर्श से इसके दिल के घाव भर सकें। लेकिन मन के ये भाव व्यक्त करने में वह बड़ा दर से झिझक रही थी! लेकिन कब तक? अंत में साहस करके उसने कह दिया—"जैसे हम बंबई से यहाँ आए, वैसे ही तुम भी तो वहाँ आ सकते हो? यहाँ की अपेक्षा वहाँ की चीजें कुछ भिन्न जरूर नजर आएंगी तुम्हें और मेरा विश्वास है, तुम्हारा मन भी लग जाएगा।'

"यदि छोटे शहरों के सभी लोग इसी तरह बंबई चले जाएंगे, तो उन छोटे शहरों की क्या दशा होगी, यह भी तो सोचो?" कहते हुए सुनील ने सरिता की ओर देखा।

उसे अपनी ओर निहारते देख, वह हँसी और अपनी दृष्टि दूसरी ओर फेर ली।

उस अनगन का कवि हूँ (कविता संग्रह 1931)
प्रयाण (कविता संग्रह 1984)
गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय सागर—470003

आठ

विश्राम के क्षण सब लोग अलग अलग लेटे हुए थे। वसंत की वेश-भूषा और उसकी संपन्नता देखकर सुनील के मन में पिछली बातें एक एक कर स्मरण आने लगीं। वह किन परिस्थितियों में नेहरू उद्यान में नौकर हुआ था। वसंत उससे कैसे बिछड़ा था। कैप्टेन साहब को वह किन परिस्थितियों में मिला था। किस प्रकार उन्होंने पाल पोसकर उसे बड़ा किया और जब उनके प्रति वह अपना कर्त्तव्य निभाने के योग्य हुआ तो किस प्रकार एक दिन अचानक ही वह उसे निराश्रित छोड़कर इस संसार से विदा हो गए। उनके बाद मां विशाखा का स्नेह ही उसके जीवन का संबल था। मां उससे शिक्षाप्रद बातें करती थी। वह हमेशा कहा करती थी—

"बेटा, पुरुष वही है जो विपत्ति और संघर्ष के क्षणों में घबराए नहीं। विषमताओं को लांघता हुआ अपने लक्ष्य को प्राप्त करे, दुनिया उसी इंसान को इज्जत और सम्मान देती है।"

मां की इन प्रेरणास्पद बातों से ही सुनील प्रसन्न रहता था। अपनी खुद की संतानें अनिल और रजनी के किनारा कर जाने के बाद मां को अब सिर्फ सुनील का सहारा रह गया था। इसीलिए विशाखा का हर प्रयत्न अब सुनील के भविष्य निर्माण में लगा रहता था। मां जानती थी कि उसका यह बेटा एक दिन उसके श्रम का मूल्य अवश्य चुकाएगा। इसीलिए उसका सारा ध्यान अब सुनील की ओर केंद्रित था। लेकिन ऐसे ही समय

मे एक दिन अचानक मा भी उसे छोडकर चली गई और वह जिस प्रकार इस ससार म अकेला आया था, उसी तरह अकेला का अकेला ही रह गया।

दूसरे दिन सुबह वसत के पास ववई कॉटन मिल से फोन आया। उसको अविलव बुलाया गया था। वह आने की तैयारी करते करते बोला—'तुमसे मिलने की इच्छा तो पूरी हुई, लेकिन तुम्हे इतनी जल्दी छोडने को जी नही चाहता था, लेकिन "

बात काटती हुई सरिता बीच म ही बोल पडी—"परवशता कहती है चलो, क्योकि नौकरी का प्रश्न जो ठहरा!"

'हा, कुछ ऐसी ही बात है। सुनील ने कहा और फिर दोनो मित्र एक साथ हा हस पडे।

'लकिन हमको भी तो चलना है।' सरिता बोली।

"जाना ही चाहती हैं तो आप भी जाइए। लेकिन मुझे तो इसी के साथ म जीवन गुजारना है। ईश्वरेच्छा, कभी अवसर मिला तो जरूर मिलेंगे।" सुनील उदास भाव से बोला।

'ईश्वरेच्छा, अवसर मिला तभी मिलोगे—मतलब? बोलकर सरिता ने प्रश्नसूचक दृष्टि स उसकी ओर देखा।

सुनील ने सरिता के शब्दो के स्नेहिल भाव के उतार चढाव से ही उसके मन की गहराई या ली। बहुत सोच विचार कर अपनी हैसियत को पढ़ते हुए बोला—

कहाँ एक धनी सेठ की पुत्री और कहा एक कगाल बुद्धिजीवी? दोनों म जमीन आसमान का अन्तर है सरिता देवी! आपसे परिचय हुआ और चार छ दिनों तक आपका साथ मिला, यही क्या कम है?

सुनील! मित्रता किसी की अमीरी और गरीबी पर निर्भर नही होती। इस बारे म ऐसा यदि तुमने सोच लिया है तो यह तुम्हारी भूल है।

उस अनगढ़ का कवि हूँ (कविता संग्रह 1981)
प्रस्थान (कविता संग्रह 1984)
59 गोपालगंज सागर विश्वविद्यालय सागर—470003

' नही, मुझे यह जरूर सोचना चाहिए। इससे कम से कम हम खुद को पहचान तो लेते हैं। ससार के कुछ व्यावहारिक दस्तूर अपने से बराबर वाले के साथ शोभा देते हैं। झोपडी मे रहकर महलो के सपन देखना, मेरे जसे के लिए उचित नही।"

"गलत सोच लिया, सुनील ! बहुत गलत सोच लिया !" हमारा यह परिचय यह बधन यह सबध टूटने वाला नही, भविष्य मे और घना होता जाएगा !" सरिता भाव विह्वल स्वर म बोली।

सुनील ने कोई जवाब नही दिया। वह एकटक विस्मित भाव से सरिता की ओर देखता रहा।

सबसे विदा लेकर वसत बबई चला गया। सुनील ने स्नेह विह्वल भाव मे विदाई दी। वह सबकी दृष्टि म एक आदशवादी युवक था। कैसा भी नीरस और बडा से बडा काम हो, यदि उसके सम्मान पर आच नही आती है तो उसे करने मे उसके मन मे किसी तरह का सकोच नही होता। उसके इस अदभुत-अपूव व्यक्तित्व से सरिता तो प्रभावित थी ही, खुद श्यामलाल जी भी बहुत प्रभावित हुए थे।

सरिता सवगुणसपन्न थी। उसके नयना मे निश्छल प्यार का ज्वार देख सुनील प्रेम विह्वल, विभोर हो उठा। साध्य की लालिमा का रग सरिता के चेहरे पर उतर रहा था। जसे सेमल के लाल लाल फूलो के लालित्य मे एक शहरी का अनोखा सौदय दिखता है, उसी प्रकार सुनील की दष्टि म इस समय सरिता दिख रही थी।

उद्यान म ही आए मोड पर भवन के निकट गुलाब की टहनियो से बच बचकर सरिता आगे बढ रही थी। वह एक अधखिला पुष्प तोडकर अपना हाथ खीचना ही चाहती थी कि उसका पैर फिसल गया और काटे

चुभने के कारण उसके हाथो और पावो से खून निकल आया।

उस समय श्यामलाल जी कमरे म बैठे हुए थे। सरिता के गिरने पर सुनील की एक तिरछी दृष्टि उस पर पडी। उसका हृदय छटपटा उठा। वह सरिता की ओर बढ गया। उसने तुरत अपनी कमीज फाडकर सरिता के उन घायल अगो को बाधना चाहा। इस पर सरिता बोली—

"इन्हें गिरने दीजिए, जमीन पर।"

'गिरने क्यो दें? कितने पोषण के बाद शरीर मे खून की एक बूद तैयार होती है, फिर उसको व्यय क्यो गिरने दें? काटो का काम बिंधना और खून निकालना है, लेकिन हमारा काम है उन बिंधे भागो का उपचार कर खून को बहने से रोकना।

"यह मेरा दुर्भाग्य है कि इस मधुर क्षण म भी खून का दर्शन हुआ।" सरिता ने कहा।

'दुर्भाग्य तो नही !'

"फिर और नही तो क्या? उगली मे काटे की जो फास चुभ गई थी, अभी तक घसी पडी है। इससे बहुत पीडा हो रही है।'

"यहा की बेल लताओ का यह सौभाग्य है। आपकी य बातें पीडा को और भी बढा रही है। फिर पट्टी बाध चुकने के बाद बोला—"लीजिए बध गई पट्टी।"

इस प्रकार दोनो के हृदय म आदर्श प्रेम के अकुर उग आए। सुनील की शालीनता सरिता को निरतर प्रसन्न बनाए रखती थी। उसने सरिता की बातो का आनद लेने के लिए उस फिर छेडा—

"यह सहू निकला भी क्या?"

"मुझे रुलाने और तुम्हें हसाने के लिए।'

'ऐसा क्यो? भला इसम उसका क्या लाभ है?'

'आपके इस क्या का उत्तर बडे-बडे दार्शनिक भी नही दे सकेंगे।"

उस अगार का कवि हूँ (कविता संग्रह 1951)
सत्पथ (कविता संग्रह 1984)
...0 गौरनगर सागर विश्वविद्यालय सागर—470003

"सुदर अति सुदर ! इमी बहाने कम से कम तुम्हारी पीडा तो दूर हो गई।"

सरिता का फिर स्मरण हो आया काटो का वह दद। बोली—"यहा यदि फूल थे तो फिर फूल ही फूल होते। ये शूल क्यो हैं ? इनका क्या काम ?"

सुनील ने जवाब दिया—"फूलो के साथ शूलो का होना उनके लिए बहुत उपयोगी है। इन फूलो की कलिया को एक झटके म कोई आसानी से ममल न दे, काटे ही उनकी रक्षा करते हैं।"

सरिता और सुनील का यह वार्तालाप चल ही रहा था कि इसी समय श्यामलाल जी अपने कमर स निकलकर बाहर आए। सुनील और सरिता का वार्तालाप और पुष्पो के प्रति उनकी सेवा भावना का दृश्य उन्हें भी दिखा। वह निकट आकर सुनील से बोले—"तुम्हारे स्वभाव को देखते हुए मुझे तुमसे एसी ही आशा थी।"

"यह सब आप जसे सत्पुरुषो की सगति का फल है। व्यक्ति जैसी सगति करता है, उसके चरित्र का निर्माण वैसा ही होता है। आपके ही विशिष्ट ज्ञान का कुछ प्रतिदान जब मुझे मिला तो यह सब सभव हो सका।' सुनील न जवाब दिया।

श्यामलाल जी ने उसकी आतरिक भाव-गम्यता थहाने के खयाल से पूछा—'तुम्हारे जीवन का पूर्वाभास ?"

"मैं तो एक ढुलकता पत्थर हू। हो सकता है, जानकर आपकी आखो मे जल भर आए। मेरा जीवन एक ऐसा व्यग्य चित्र है, जिसम अस्पष्ट रेखाओ के अतिरिक्त और कुछ नही है।'

"सुनील, तुम्हारे अदर भूत, वतमान और भविष्य का सामजस्य है, जिसकी आज के समाज म निहायत जरूरत है। इन बलि लताओ और पुष्प-वृक्षो की जो सेवा तुम अनजाने कर रहे हो, तुम्हारी स्थिति का दूसरा

व्यक्ति शायद ही कर सके ? इन पुष्प लताओ के प्रति तुम्हारी सेवा म एक आदश भाव भरा हुआ है—जीवन सदेश छिपा हुआ है। सरिता मरी ऐसी भतीजी है जिसन आज तक खून का रग भी नही दखा था। यह उसकी प्रथम पीडा थी। बडे दुख की बात है। यदि वह फूलो की आर से अपने हाथ धीरे धीरे खीचती ता यह खून कभी नही निकलता ! अब जब पत्थर से टकराकर गिरी ही है तो चाट ता आएगी ही !'

"आप निश्चित रहिए, एसी घटनाओ का घटित होना मनुष्य जीवन म आम बात है।" सुनील ने जवाब दिया।

सरिता अब तक स्वय को काफी स्वस्थ-सयत अनुभव कर रही थी। उसे यहा आए आज तेरह दिन हो गए थे। अब उनके जाने का समय भी हो गया था। सुनील ने सरिता स उसका बबई का पता पूछा।

सरिता ने जवाब दिया—' मरा पता अभी अनिश्चित है।

"फिर भी ?"

' मुझसे न पूछिए। चाचा जी के साथ मरा जीवन हमशा अस्थिर रहता है, इसलिए इस बारे र‚ अपना निश्चित पता ठिकाना वही बतला सकते हैं।"

"एक सीधी-सच्ची बात को भी चाचा जी से पूछने की जरूरत ! जरा-सी जीभ हिलाने भर की बात है।"

"मेरा जीभ हिलाना अभिशाप भी बन सकता है ! वरदान !"

"वरदान ? ' हा-हा, आगे बोलिए ! रुक क्या गईं ?

"वरदान कम।'

आज मानवता क प्रत्यक क्षेत्र मे मानव की गति का मूल्याकन होता है। मानव की वाह्य शक्ति स अधिक सामथ्य क्षमता भीतर म छिपी होती है। वह बोला—"अच्छा अच्छा, अब मैं समझा इसमे भी काई चाल है !'

बातो ही बातो म शाम हो आई। शिमला की सध्या का विचित्र नजारा

ताप के ताए हुए दिन (कविता संग्रह 1980)
शब्द (कविता संग्रह 1980)
उस अनपद का कवि हूं (कविता सग्रह 1981)
प्रस्थान (कविता संग्रह 1984)
पता सी 50, गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

वहा का 'अनोखा महल' था। सूय पश्चिम की ओर भागा जा रहा था। ऐसा जान पडता, मानो प्रेमिका सिंदूरी थाल सजाए अपन प्रियतम से मिलने जा रही हो। धीरे धीरे चद्रमा हसिया सा वक्राकार दिखाई पडा, वक्षो के सघन झुरमुट ने उसे अपने मे समट लिया।

सद रात उतर आई थी। विदा पूव की वला भारी हो उठी। एक लबी उसास छोडकर सुनील वोला—"तुम कल चली जाओगी ? '

"हा, मुझे दुख है जाने का ! लेकिन आने वाला जान का ही आता है।'

' फिर दुख की बात कैसी ? ' सुनील हसा।

"केवल तुम्हारे "

"आगे " सुनील ने पूछा।

"नही-नही, कुछ नही।"

"आपको वात तो पूरी करनी ही पडेगी।"

"तुम्हारी हठ और बकार की बातें मरा सिर खाए लेती है।"

"सिर भी कोई खाई जान वाली वस्तु है क्या, कुलफी जमी ?"

" " सरिता ने इस बार कुछ जवाव न दिया।

उसे चुप देखकर सुनील ने ही फिर कहा—"जब तुम यहा से हमेशा के लिए चली जाओगी, तो तुम भी

"सुनील, क्या कहते हो ? कैसी वातें करत हो ? मैं भी इस उद्यान की ! इसके आगे किसी ने न जाना ! हमार-तुम्हार बीच साथी है सिफ यह उद्यान—इसके पुष्प पौधे ! या फिर तुम जानत हो या मैं !

"कैसी कैसी बातें करती हो ! शब्द मीठे ता नही हात, लेकिन तुम्हारे शब्दो से बिना कहे ही मधुरस झरता-सा जान पडता है। इनमे स्वाद होता तो शहद से भी बढकर मीठा होना।"

वे वातें करते-करते उद्यान म प्रतिस्थापित शकर-पावती की प्रतिमा

की ओर बढते गए। वहा दोना ने एक दूसर को अपना जीवन साथी स्वीकार कर एक-दूसर क गले मे पुष्प मालाए पहनाइ, और फिर उन्हे अपने-अपने गले मे से उतार कर धीरे धीरे विश्राम भवन की ओर वढने लग।

रास्ते मे सुनील ने पूछा—"क्यो, कैसा रहा ?"

'रहेगा कैसा ?" स्वीकारते हुए सरिता बोली—"तुम तो बडे कलाकार हो !

अब तक वे विश्रामकक्ष के करीब करीब पास पहुच गए थे। उनकी इस बात की भनक श्यामलाल जी के कानो मे पडी। वह भ्रम म पड गए, क्योकि उनकी आदत थी, जब भी कोई बात करते उसे पूर्णता पर पहुचाकर ही दम लेते थे। इसीलिए सरिता की इस अधूरी बात का ठीक ठीक निष्कर्ष वह नही निकाल सके। लेकिन ये शब्द उनके मानसपट पर अकित हो गए। उन्होने हसी मे पूछा— 'सुनील,क्या तुम फिल्मी सितारे भी हो ? '

सुनील ने सामान्य भाव म ही जवाब दिया—"बबई तो मैंने देखी भी नही, फिर यह फिल्मी सितारे वाली बात कुछ अतिशयोक्ति-सी लगती है। तो भी यदि किसी के मन मे फिल्मी सितारा बनने की इच्छा है तो शौक से बन, लेकिन फिल्मा म चल रहे आजकल के भौंडेपन और उनमे व्याप्त अशिष्टताओ स दूर रहकर। फिर इन सब बातो के आप तो विद्वान मनीषी हैं, भला आपसे बढकर इस बारे म अधिक कौन बतला सकता है ?"

'ना ना, ना भाइ ! विद्वत्ता का इतना गुरुतर भार मुझ पर न डालो।"

सरिता को यह विवाद निस्सार लगा। उसकी दृष्टि से परदा हटा जा रहा था। सरिता ने विषय बदलते हुए बात को दूसरी ओर मोडा—'आप हैं तो कलाकार।"

ताप के साए हुए दिन (कविता संग्रह 1980)
शब्द (कविता संग्रह 1980)
उस जनपद का कवि हूं (कविता संग्रह 1981)
प्रस्थान (कविता संग्रह 1984)

50 गौरनगर सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

मुनील समझ गया आखिर सरिता ने बातचीत के उस प्रवाह को दूसरी ओर क्यो मोड दिया। उसने इस विषय म उसे कहा कुछ नही, बल्कि उसकी बात का जवाब देते हुए बोला—

"हा, हू तो सही, लेकिन मिट्टी का।"

'बहुत खूब! मिट्टी के तो सभी हैं।"

"ओ हो, तुम तो समझी नही? मेरे कहने का मतलब है, मैं मिट्टी के खिलौने बनाना जानता हू, क्योकि करीब करीब बारह घटे मुझे मिट्टी के काम मे ही बिताने पडते है।"

'मिट्टी का काम? यह तो रत्नदा है।' श्यामलाल जी बोल पडे। उनका बीच मे बोलना दोनो को ही खटका। पर जाने क्या, श्यामलाल जी को ही अचानक कोई काम याद आ गया, या उन्होने यह महसूस किया कि उनके बीच मे बोलना उनका उचित नही है, यह सोचकर तुरत अदर चले गए।

उनके जाने के बाद सरिता ने परिहास म कहा— 'आप इस फौवारे को बिना बटन दबाए बद कर सकते हैं?"

सुनील ने फौवारे पर हाथ रख दिया। उस ओर का छिद्र खुला छोड दिया जिधर वह खडी थी। फौवारे के जल का सपूण वेग सरिता पर गिरने लगा। वह पूरी तरह भीग गई।

"न न न न, बद कर दीजिए!"

"तुम्हारे कहने ही से ऐसा किया था। अब मना कर रही हो तो लो हटा लिया हाथ।"

अब सुनील और सरिता के बीच अधिक दूरी न रह गई थी। एक को दपण मे दूसरे की छवि दिखने लगी थी। सुनील के मन मे अनजाने प्रश्न उभरने लगे। उसके कानो मे दाम्भहीन शख गूजन लगे। इस एकाकी जगत म उसे सिर्फ अपना पता याद था। उसने श्यामलाल जी से

पूछा—"चाचाजी, आपका निवास बबई म कहा है ?"

"श्याम भवन, दादर-बबई 110014" वे बोले ।

दूसरे दिन श्यामलाल जी भी जाने की तयारी करन लगे। सुनील अपने नित्यकम म व्यस्त था । वह इस स्थिति मे नही था कि उनके साथ स्टेशन तक जा सके । इसके लिए उसके माग म कई तरह के व्यवधान थे । इस समय वह मन ही मन सिफ हृय विपाद की अभिव्यजना कर रहा था । उसने अपने दानो अतिथियो को एक एक पुष्प थमाकर अपने दोनो हाथ जोड लिए ।

साप के ताए हुए दिन (कविता सग्रह 1980)
शब्द (कविता सगह 1980)
उस जनपद का कवि हूं (कविता सग्रह 1981)
मरघान (कविता सग्रह 1984)
150 गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

नौ

सेठ श्यामलाल जी और सरिता दोना स्टेशन पहुचे। गाडी मे अधिक विलब देखकर श्यामलाल जी बोले—"हम लोग जल्दी स्टेशन पर आ गए।"

"हा, अभी तो गाडी आने म दो घटे की दर है।"

"प्रतीक्षालय मे बैठें।"

"चूकि यह हम लोगो की वापसी है, तो क्यो न कुछ आवश्यक वस्तुओं की खरीद कर ली जाए?" सरिता बोली।

"इधर प्लेटफॉम के स्टाल पर मिलेगा भी क्या? हा, उधर पुल के पास कुछ नई चीजे बिक रही हैं। उधर चलें।' श्यामलाल जी ने कहा।

"खरीद फरोख्त करने मे कुछ समय गुजार दें, तब तक गाडी आ जाएगी। समय इस तरह कट जाएगा।"

बातें करते वे एक दुकान पर पहुचे। उन्ही दुकानदारा म एक बहुत ही चुस्त चालाक व्यक्ति ने सौंदय प्रसाधनो की फुटपाथ पर अपनी दुकान फैला रखी थी। श्यामलाल जी और सरिता को देखकर उसने कहा—"आइए बाबू साहब, आइए बहन जी, लीजिए न! सभी कुछ आपके लिए ही ता है।'

"अच्छा, इस क्रीम का क्या दाम है?" एक डिब्बी हाथ मे लेते हुए सरिता ने पूछा।

"होते तो सवा पाच रुपए हैं, लेकिन आपके लिए पाच रुपए लगा दूगा।"

श्यामलाल जी न अपनी जेब से रुपए निकाले और उनम से पाच रुपए उस दुकानदार का दे दिए। श्यामलाल जी के पास कुल कितने रुपए हैं, सारे नोट उनके हाथ मे देखकर उस दुकानदार ने अनुमान लगा लिया।

इसके अतिरिक्त भी सरिता ने एक दो चीजा की खरीद की और वे स्टेशन पर आ गए। गाडी का समय नजदीक आता जा रहा था और टिकट खिडकी पर टिकट बटने शुरू हो गए थे।

श्यामलाल जी ने अभी टिकट नही लिए थ। टिकट बटता देखकर वह खिडकी के पास गए और टिकट के पसे निकालने को उन्होने अपने जेब मे हाथ डाला लेकिन जेब एकदम खाली पाकर वह स्तभित और अवाक् रह गए। किसी ने उनकी जेब साफ कर दी थी, एक भी पैसा नही छोडा था।

यह बात वह बिलकुल नही जानते थे कि जिस पहाडी इलाके को लोग ईमानदार और निरापद समझते हैं वहा पर भी उनका साबिका जेबकतरा से पड जाएगा, अन्यथा वह इतना बेफिक्र होकर कभी यात्रा नही करत। भीड भाड और प्लेटफाम आदि जसी जगहा मे छद्मवेशी व्यक्ति कुछ आवश्यक वस्तुओ की बिक्री के नाम पर दुकान सजाते हैं और मौका पाकर मुसाफिरो को लूट लन हैं। उनके शब्दकोश म धनी निधन दोनो का अभिप्राय एक होता है। किसी को कुछ दने के बदले, उनसे कुछ प्राप्त करना ही उनका मुख्य उद्देश्य होता है। ऐसो म से ही एक व्यक्ति न अपनी दुकान बिछा रखी थी। आरभ म उसन श्यामलाल जी से हास-परिहास के कुछ शब्द कहे और वह प्रभावित होकर उसकी दुकान की ओर बढ गए थ। उसकी दुकान मे सौंदय प्रसाधन की कुछ विशेष सामग्री

साप के ताए हुए दिन (कविता सग्रह 1980)
शब्द (कविता सग्रह 1980)
उस जनपद का कवि हू (कविता सग्रह 1981)
मरधान (कविता सग्रह 1984)
ै 50 गोरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

थी, जो शिमला इलाके के रीति-रस्मो के प्रचलन के अधिक निकट थी। सरिता और श्यामलाल जी ऐसे ही स्थान पर पहुच गए थे।

अब किराये की कौन कहे, उनके पास भोजन तक के लिए भी पसे नही बचे थे।

"चाचाजी, अब क्या होगा ? सरिता ने घबराकर कहा।

"समय ने हमको भी परखना चाहा है। अब क्या होगा, मरी भी समझ मे कुछ नही आ रहा है।' श्यामलाल जी बोले।

"फिर तो विकट समस्या है।"

"समस्या सूचना दकर नही आती, बेटी!'

"हा, यह तो सत्य ह लेकिन धोखा देकर आती है, सोचनीय यही है। हमारे सस्तेपन के लोभ न यह मब किया।"

"लोभ ससार के प्रत्येक काय की प्रेरणा है। इसलिए यह भूल जाओ कि यह सिफ तुम्हारे मन म ही उपजा। अब तो यह सोचना है कि क्या यहा कोई ऐसी जगह भी है, जहा से कुछ मदद मिल जाए और हम सकुशल बबई पहुच जाए ?"

"मदद का जरिया ?" और सरिता के मन मे तुरत सुनील की याद आई। वह प्रत्यक्ष बोल पडी—"तो क्या सुनील के पास फिर से चलना ठीक रहेगा ?"

"सुनील ? हा, तुमने ठीक सोचा। लेकिन वह भी बेचारा परिस्थितिया स आहत है!" श्यामलाल जी बोले।

'लेकिन और उपाय भी क्या है ? कम से कम वह इतनी व्यवस्था तो कर ही देगा, जिससे हम घर पहुच सकें।" सरिता ने अपना विश्वास व्यक्त किया।

श्यामलाल जी बोले—"चलो, देखते है।"

पैदल ही चलते चलते वे नेहरू उद्यान पहुच गए। सहमे-सहमे से

भीतर प्रवेश कर श्यामलाल जी ने कालबेल का बटन दबाया। भीतर से आवाज आई—"कौन, श्रीमान जी हैं ?"

स्वर सुनील के थे। कुछ देर मे वह बाहर आया। देखा, श्यामलाल जी और सरिता उदासी की मुद्रा मे उसके सामने खडे हैं। वह विस्मित स्वर म बोला—"क्यो, क्या बात हो गई ? आप लोग गए नही ?"

"किस मुख से कहू, सुनील ! तुम खुद परिस्थितियो के मारे हो। कर सकोगे या नही मैं नही जानता !" श्यामलाल जी बोले।

जहा तक सभव बन पडा आपकी सेवा जरूर करूगा, आप कहिए तो सही। क्या बात हो गई ? आप लोग यहा से सकुशल घर पहुच जाए, मेरी हार्दिक कामना है।"

और फिर श्यामलाल जी ने कुछ सकुचाते भाव म अपने साथ स्टेशन पर जो कुछ बीता, उसे कह सुनाया।

सुनकर सुनील आहत स्वर मे बोला—"चोरी, यह तो बहुत ही अन्याय हुआ। खैर, छोडिए अब उस बात को। जो होना था, वह तो हो ही गया। अब यह बतलाइए, कितने रुपया मे आपका काम चल सकता है ?"

"चार सौ रुपया की व्यवस्था हो जाए तो बहुत है। क्यो सरिता ?" श्यामलाल जी ने उसकी ओर देखकर कहा।

'हा, कम मे कम इतने तो लग ही जाएगे।' सरिता न जवाब दिया।

'बबई पहुचते ही तुम्हारी यह रकम वापस भेज देंगे।' श्यामलाल जी सुनील की ओर देखकर बाले।

सुनील के पास रुपये तो थ नही। आय के अनुसार ही उसका व्यय भी था। 'नेहरू-उद्यान' की प्रसिद्धि के कारण शिमला के अधिकाश सेठ साहूकार उसे जानते थे। उसने मडी म एकाध सेठो के पास जाने का

साप के साए हुए दिन (कविता सग्रह 1980)
नाव (कविता सग्रह 1980)
उस जनपद का कवि हू (कविता सग्रह 1981)
मरघान (कविता सग्रह 1984)

, 50 गौरनगर सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

निश्चय किया। उसके मन मे हर्ष था कि आज उसे किसी अनजान अतिथि की सेवा का अवसर मिला है। उसे इस बात पर पूरा भरोसा था कि कही न कही से रुपयो का प्रबध अवश्य हो जाएगा। वह बोला—"आप लोग आराम करें, मैं अभी आया।" कहकर वह बाहर निकल गया।

सुनील मडी के एक सराफ के यहा पहुचा और करीब आधा घटा सिर खपाने के बाद चार सौ रुपये प्राप्त किए। रुपये लेकर वह नेहरू-उद्यान वापस आ गया।

उस समय श्यामलाल जी से सरिता बाते कर रही थी—"चाचाजी, बाहर की दोस्ती ऐसे मौको पर बडी काम आती है। आज यदि सुनील नही होता तो क्या होता ?"

"क्या होता—यह तो ऊपरवाला ही जाने ! हा, इतना तो साफ दिख रहा है कि यदि सुनील नही होता तो भीख मागने के अलावा दूसरा उपाय भी क्या था ?" श्यामलाल जी ने कहा।

"भीख क्यो मागते ?' कहते हुए सुनील ने भीतर प्रवेश किया—'जिसका मन साफ है, उसकी मदद ऊपर वाला जरूर करता है।" और उसने चार सौ रुपये श्यामलाल जी के हाथ पर रख दिए।

श्यामलाल जी के उदासी के भाव मे कुछ परिवर्तन आया। सरिता को अपार प्रसन्नता हुई। लेकिन मन ही मन उसे इस बात का अफसोस भी था कि उसने सुनील के सिर पर परेशानी का एक और बोझ लाद दिया।

इस बार अवसर निकालकर वह स्वय उनके साथ स्टेशन गया और बबई की गाडी पर चढाकर वापस हुआ।

श्यामलाल जी और मरिता सकुशल बबई पहुच गए और उन्होने तुरन्त चार सौ रुपये सुनील के पास वापस भिजवा दिए।

श्यामलाल जी काफी सपन्न व्यक्ति थे। पसो की कुछ कमी नही थी। बबई के समान ही उनकी 'कल्पना रेडियोज' के नाम से एक दुकान पूना म भी थी। बम्बई की दुकान को वह स्वय दखते थे और पूना वाली दुकान को उनका एक विश्वासपात्र व्यक्ति चलाता था। बीच-बीच मे हिसाब किताब समझने और देखभाल के खयाल से दो एक राज के लिए वह पूना चले जाया करते थे।

शिमला से आने के करीब एक सप्ताह बाद ही श्यामलाल जी पूना-वाली दुकान का निरीक्षण करने गए। वहा वह पाच छह दिन तक रुके रह। दुकान के सभी कमचारियो के वेतन का नया निर्धारण किया। वहा के प्रमुख सचालक के बाहर जान के कारण पाच छह रोज उन्हे और रुकना पडा।

पूना जब जब आए, दो चार दिन स अधिक समय तक वह कभी नही रुके थे। लेकिन इस बार एक बारगी दस बारह दिना तक रुक जाने के कारण उनका मन एकदम ऊब गया। सचालक जब बाहर से लौटकर आया तो उसन देखा, मालिक का मन कुछ उखडा उखडा सा है। उसने श्यामलाल जी को सलाह दी—' वह शहर मे कुछ क्षण इधर उधर घूम-फिर आए, इससे मन बहल जाएगा।'

जब भी पूना अथवा बबई म किसी गोष्ठी आदि का आयोजन होता तो श्यामलाल जी को प्रमुख अतिथि के रूप म आमन्त्रित किया जाता था। गोष्ठियो म उनकी चलती भी खूब थी। मुशायरा, कविसम्मेलनो और धार्मिक आयोजनो मे वह सिफ कलाकारो के गुणा का ही नही, बल्कि उनकी कला की गुणवत्ता पर भी ध्यान देत थे और प्रशसा करके उनका उत्साहवद्धन किया करते थे।

ताप के ताए हुए दिन (कविता सग्रह 1980)
[illegible] (कविता सग्रह 1980)
उस जनपद का कवि हूं (कविता सग्रह 1981)
मरध्यान (कविता सग्रह 1984)

50 गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

अपने सचालक की सलाह पर उस दिन श्यामलाल जी पूना का बाजार दखने निकल। कपडा मार्केट से होकर वह अचना स्टोर की ओर बढे जा रहे थे कि तभी किसी ने उनके हाथ मे एक परचा दिया। लिखा था—

"भाइयो और बहनो !

आपके ही शहर मे कवियो का मेला। सव-साधारण को विदित हो कि हमारे ही शहर म आज दिनाक 6 नववर, रात साढे नौ बजे एक कवि सम्मलन का आयोजन किया गया है। इस कवि-सम्मेलन मे अतर्राष्ट्रीय ख्याति के कवियो को आमन्त्रित किया गया है। इसमे जीवन और प्रेम जसे दो गभीर पहलुओ पर विचार होगा। इसलिए आम जनता से अपील है कि वह अधिक से अधिक सख्या मे उपस्थित होकर इस महत्त्वपूण आयोजन को सफल बनाए।"

इस समाचार से श्यामलाल जी के आनन पर एक अपूव चमक सी आ गई। वह तुरन्त कमरे पर वापस आ गए और कोट पट उतार खूटी के हवाले कर, लुगी लपट, आकर बरामदे म बैठ गए।

कुछ दर बाद दुकान का सचालक आया। उसका खयाल था कि सेठ जी आज बवई वापस चल जाएगे। लेकिन जब उसने आकर देखा कि अटैची मे भरे कपडे निकालकर बाहर रखे हुए हैं तो वह बोला—"आप आज जाने की बात कर रहे थे न ?"

"कोई बात नही, यदि आज नही गया तो। मेरे लिए बवई और पूना म कोई अतर नही है। चाहे जहा रह जाऊ। आज मेरा रुकना बडा फायदेमद है।"

"क्या कोई रेडियो सेट बिकन वाला है ?" सचालक न पूछा।

"तुम भी कहा की बात कर बठ ? रेडियो सेट मैं रहूगा तभी बिकेगा क्या ? क्या यह काम तुम नही कर सकत ? या मेरे न रहने पर करते

नहीं हो ? अरे भाई, मैं जिस लाभ की बातें कर रहा हूँ ऐसे मौके बार बार नहीं आते। आज शहर में कवि सम्मेलन है। उसमें मुझे सम्मानित अतिथि के रूप में आमन्त्रित किया गया है।' श्यामलाल जी बोले।

सुनकर संचालक अवाक् रह गया। वह मन ही मन सोचने लगा—'कहाँ एक व्यापारी—और कहाँ कवि सम्मेलन ? लक्ष्मी और सरस्वती का यह समागम ? विश्वास नहीं होता। वह आश्चर्य से श्यामलाल जी की ओर देखने लगा।

उसे एकटक अपनी ओर निहारते देखकर श्यामलाल जी बोले—"अरे भाई, अचंभा क्या करते हो ? एक संचालक को दूरदर्शी होना चाहिए। समीपस्थ और दूरस्थ का जब उसमें मिश्रण होगा, तभी वह सही मायने में सफल संचालनकर्ता होगा।

श्यामलाल जी ने अपनी दुकान के संचालक के आगे छोटा मोटा एक ऐसा भाषण दे डाला कि उसकी कुण्ठित बुद्धि में चमक आ गई और उसने भी उस कवि सम्मेलन में उनके साथ जाने में अपनी खुशी जाहिर की।

श्यामलाल जी ने उसी समय टक्सी वाले को बुलाने का आदेश दिया। खुशी और आनंद में वह इस कदर डूब गए कि उन्हें इस बात का ध्यान ही नहीं रहा कि कवि-सम्मेलन का समय रात साढ़े नौ बजे है।

संचालक ने पूछा—"अभी आप कहाँ जाना चाहते हैं।'

"तुम तो जानकर भी अनजान बन रहे हो ?' श्यामलाल जी ने उतावले स्वर में कहा।

'सचमुच नहीं जानता, तभी तो पूछ रहा हूँ।' संचालक फिर बोला।

"मैंने कहा नहीं कवि-सम्मेलन में जाना है।' श्यामलाल जी ने कहा।

ताप के ताए हुए दिन (कविता संग्रह 1980)
शब्द (कविता संग्रह 1980)
उस जनपद का कवि हूँ (कविता संग्रह 1981)
प्रस्थान (कविता संग्रह 1984)

डी 40 गौरनगर, सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

"लेकिन सम्मेलन तो रात साढ़े नौ बजे से है। आप अभी से जमकर क्या कीजिएगा ?"

"ओह, मेरा भी दिमाग कहां चला गया !" श्यामलाल जी चौंके।

इसके बाद वह बरामदे में पड़ी कोच पर लेट गए और विचारों की बागडोर ढीली कर दी। तरह तरह की भावनाएँ पेंगें मारने लगीं उनके मन मस्तिष्क में। चिंतन में वह इस कदर डूब गए कि उन्हें यह जान ही नहीं पड़ा कि कब शाम आ गई। वह उठे और हाथ मुंह साफ कर जाने की तैयारी की। घर से निकले और घूमते फिरते जाकर सम्मेलन में शामिल हो गए। निमंत्रित अतिथि होने के नाते उन्होंने अपना आसन मंच पर ही जमाया। सभी कवियों से उनका परिचय कराया गया। सम्मेलन में सभी तरह के विचार भाव वाले कवि पधारे थे। उस रात काव्य पाठ का वह मंच खूब जमा। सबसे उच्चकोटि की कविता रही ख्यातिप्राप्त में पधारे कवि रजनीश की। उनकी कविता में जीवन का सरस मधुर मर्मस्पर्शी चित्रण था, जिससे श्यामलाल जी बहुत प्रभावित हुए।

रजनीश और श्यामलाल जी का परस्पर में व्यक्तिगत परिचय भी हुआ। उन्हें रजनीश की संगति ने इसलिए भी प्रभावित किया कि उनके और रजनीश के विचार करीब-करीब परस्पर बहुत अधिक मेल खाते थे। दोनों के बीच बड़ा सौहार्द्र स्थापित हो गया।

सम्मेलन की समाप्ति होते ही श्यामलाल जी घर आकर रात की गाड़ी से बंबई के लिए रवाना हो गए। उधर रजनीश को भी इसी समय अलीगढ़ का एक निमंत्रण पत्र मिला और वह भी तैयारी कर तुरत यात्रा पर निकल पड़े। अलीगढ़ में रजनीश की सदारत में एक सभा का आयोजन हुआ।

रजनीश साहब बड़े घुमक्कड़ी स्वभाव के व्यक्ति थे। अलीगढ़ से

फुरसत मिलते ही उनके मन में समुद्र की लहरों की शोभा देखने की इच्छा जागृत हुई और वह तुरत चल पड़े अलीगढ़ से बंबई की ओर।

तीसरे दिन वह बंबई पहुंचे। ट्रेन से नीचे आने के बाद चार घंटे तो उन्होंने बंबई का स्टेशन देखने में ही बिता दिया। मन जब यहां से पूरी तरह भर गया तो उन्होंने नगर में प्रवेश किया। उन्होंने अपना निवास-स्थान 'क्लीव कॉटेज' के पास 'मेमोरियल रेस्ट हाउस' को बनाया। वहां उन्हें केवल सुरक्षित स्थान ही मिला था। भोजन-व्यवस्था उचित न होने के कारण दो एक दिन बाद उन्होंने वह स्थान खाली कर दिया और डेरा जमाया पास के ही 'वसी लाज' में, जो अपनी सुव्यवस्था के लिए प्रसिद्ध था। रात को वह भोजन कर लॉज में विश्राम करते और दिन में बंबई परिभ्रमण। बंबई की यात्रा में रजनीश जी की यही दिनचर्या थी।

वसी लाज की व्यवस्थापिका थी सरिता की भूतपूर्व सहपाठिनी सहेली रजनी। प्रबंधक कक्ष लॉज के सदर द्वार पर था और लॉज में हर आने जाने वाले का वास्ता पड़ता था रजनी से। इस प्रकार प्रायः सभी लोगों की उससे परस्पर में दो चार मधुर बातें अवश्य ही हुआ करती थी।

उस दिन मंद मंद फुहारें पड़ रही थी। आकाश मनोहारी आकर्षक बादलों से आच्छादित था। उन रिमझिम फुहारों में पैदल चलना अब कठिन हो गया था। रजनीश साहब उस समय चौपाटी पर सैर को निकले थे। यद्यपि उनके लौटने का समय हो गया था और वह धीरे धीरे नित्य की तरह लाज की दिशा में चलने को प्रस्तुत भी हो गए थे लेकिन बिना किसी गाड़ी के वापसी संभव न थी। लाचार उन्हें एक टैक्सी लेनी पड़ी।

चौपाटी से चली टैक्सी आकर सीधे 'वसी लाज' के सदर द्वार पर रुकी। रजनीश जी नीचे उतरे और खड़े होकर प्रतीक्षा करने लगे कि ड्राइवर बोले तो वह किराया चुका दें। और ड्राइवर देख रहा था कि बाबू जी खुद ही जो उचित होगा दे देंगे। जब उसने कुछ देर तक पैसे नहीं

ताप के ताए हुए दिन (कविता संग्रह 1980)
शब्द (कविता संग्रह 1980)
उस जनपद का कवि हूं (कविता संग्रह 1981)
अरघान (कविता संग्रह 1984)

50 गौरनगर सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

मागे तो रजनीश जी ने खुद पहल की—

"भाई, मैं खडा हू कि तुम भाडा बोलोगे, लेकिन तुम चुपचाप खडे हो।"

ड्राइवर ने हसते हुए जवाब दिया—"बाबूजी, बोला उनसे जाता है, जो नासमझ होते हैं। आप समझदार लोग हैं, फिर बोलना क्या? जो मुनासिब होगा, वह खुद ही दे देंगे।"

उ होने जेब से पाच रुपये का एक नोट निकालकर उसके हाथ पर रख दिए।

ड्राइवर ने सैल्यूट की मुद्रा मे प्रसन्नता से नोट हाथ मे ले लिया।

रजनीश जी ने पूछा—"अब तो सतुष्ट?'

हाथ जोडकर ड्राइवर न जवाब दिया—"बाबूजी, जाने कितने उदास चेहरे आप से प्राप्त कर अपने को भगवान मानते हैं। ईश्वर जो करता है, ठीक ही करता है। उसने यदि गरीब बनाए तो साथ म ही उनके पालने वाला को भी बना दिया है। हम दिन भर भटकते हैं खून-पसीना एक करते हैं, अपने लिए अपने बाल-बच्चो के लिए। महगाई इतनी बढ गई कि पूरा फिर भी नही पडता। लेकिन ऊपर वाला अ यायी नही है, आप सरीखे किसी न किसी बाबू को हमारी मदद मे भेज देता है और इस तरह हमारी भी गाडी किसी तरह आगे सरकती रहती है।"

मन मे आया कह दें—'वाह, ऐसा लेन-देन हो तो फिर पूछना ही क्या? कोई दुखी ही क्या रहे?' लेकिन जाने क्या, होंठो मे ही दबाकर मुस्करा उठे।

इतने दिनो मे रजनीश ने बबई निवासी की एक झलक मात्र देखी थी। वे मन को झूठी तसल्ली दिला रहे थे कि उनके साथ यहा लोगो का ऐसा ही व्यवहार मिलेगा। समय अच्छा ही बीतेगा। कभी कभी वह सोचते—निश्छल सदव्यवहार गरीबो के साये म जाने पर ही मिलता है।

परिश्रम और सद्व्यवहार ही उनकी जीविका का सहारा है। धनिया की आखो मे स्नेहिल सद यवहार नही, धन की घ्रुध होती है। सोचते हुए वह लाज के द्वार से भीतर आए।

काउटर पर बैठी रजनी उनके स्वागत म मुस्करा पडी।

जवाब मे रजनीश जी मुस्कराकर बोले— घ यवाद!'

और तुरत ही चुप हो गए।

"आपका एकाएक चुप हो जाना बडा खल रहा है।'

'मैं ऐसे बोलते रहन क लिए तो यहा आया नहा! हा, यदि आप कुछ पूछेंगा/चाहेंगी तो जरूर बालूगा।" रजनीश जी न जवाब दिया।

"आप तो तार सप्तक भाषा बोल रहे हैं ? हम जैसो के पास समझने का इतनी बुद्धि कहा ? हा काई कवि-प्रिया भल ही समझ ले ?" रजनी ने छीटाकशी की।

वसे श्यामलाल जी के मन म सुनील क प्रति अभी भी आदर भाव था, लकिन कभी कभी यह सोचकर कि कही सचमुच वह अपराधी ता नही—उनके मन का चार जाग उठता था। सदह की यह भावना उनक मन का रह रहकर कचोट उठती थी। ऐसा ही कुछ सोचते-सोचत श्याम लाल जी निद्रा की चपेट म आ गए।

सरिता ने सुनील को देख लिया था लकिन वह सामन नहा आई। ड्राइग रूम के दरवाजे की ओट म खडी सरिता जान कब स श्यामलाल जी और सुनील का वार्तालाप सुन रही थी। वह सामन आकर सुनील का स्वागत सत्कार खुद कर उसकी इच्छा ता थी, लकिन जब उसन देखा कि श्यामलाल जी स्वय ही उसक आतिथ्य म तत्पर हैं ता वह वहा ठमक गई। उसन मन ही मन विचार किया—'अच्छा है इसी बहान चाचा जी सुनील क और करीब आए और उनक प्रति उनक हृदय म प्यार का और अधिक उद्गार हो। लकिन जब कभा श्यामलाल जी सुनील पर उनक

अपराधी होने का संदेह व्यक्त करते तो उसकी आत्मा भीतर-ही भीतर रो पड़ती और मन अव्यक्त रूप में चीख चीख कर कहता—'नहीं-नहीं-नहीं, ऐसा कभी नहीं हो सकता। मेरा पति अपराधी नहीं है सुनील ने जो कुछ किया एक बेगुनाह व्यक्ति को बचाने के लिए किया—इसके लिए अगर उनको दण्ड भी भोगना पड़ा तो भी वह अपराधी नहीं। बार-बार उसका मन होता—वह सामने आए और सुनील की बांह पकड़कर चाचा जी की नजरों से दूर खींच ले जाए। लेकिन शर्म और हया की जंजीरें उसके पैर बांध लेतीं और उसकी इच्छा दबी की दबी ही रह जाती।

जब श्यामलाल जी निद्रा के वशीभूत हो गए तो सुनील की नजरें अपनी हीर की कनी की तलाश में चारों ओर भटकने लगीं। घूमती फिरती जब उसकी दृष्टि पीछे की ओर गई तो उसने देखा कि उसकी प्रेमस्रोतस्विनी सरिता की आंखों में गंगा-यमुना और सरस्वती तीनों के ही प्रवाह उमड़ते आ रहे हैं। वह अधरों पर वीणा और वक्ष में दहकता भीषण विस्फोट छिपाए दरवाजे की ओट में खड़ी-खड़ी कब से उसकी राह देख रही है। सुनील की करुणा की प्यासी पथराई आंखों ने इंगित में ही सरिता से कुछ कहा। भरी भरी नजरों से सरिता भी एकटक उसे ही देख रही थी। अवस्था कुछ ऐसी हुई कि दोनों ही अपने को संयत न रख सके। दोनों ही भूल गए कि श्यामलाल जी वहां मौजूद हैं—सिर्फ उनकी आंखें बंद हैं। निमिष में ही सुनील अपनी जगह से खड़ा हुआ। धीरे धीरे दबे कदमों से दरवाजे की ओर बढ़ा। उसका आगे बढ़ना था कि सरिता के कदम भी अब अपने को रोक न सके। सुनील ने तीन ही पग आगे बढ़ाए थे कि सरिता ने अपने दोनों के बीच की इससे अधिक की दूरी एक सांस में पार की और आकर सुनील के कंधे पर अपना सिर रख दिया और अपनी दोनों बाहें उसके गले में डाल आंखों के कपाट बंद कर झूल गई। यौवन भार से दबी जा रही सरिता की झूलती काया को सहारा दिया,

---

क[illegible] हुए दिन (कविता संग्रह 1980)
(कविता संग्रह 1980)
उस अनपढ़ का कवि हूँ (कविता संग्रह 1981)
अरमान (कविता संग्रह 1984)
५. सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

सुनील की दोना बाहों ने । मरिता के मुख की कांति रक्ताभ हो चली। उमके अग अग मे फूटते यौवन उन्माद न उमके मन का सपूर्ण सकोच नष्ट कर दिया मकाच का वह जटिल बधन आखिर कब तक उस बाध रखता ? सुनील उमका जीवन धन, उमका हमराह—हमसफर—हम ख्वाब सब कुछ ता था फिर उमके मन म सकोच कैसा ?

दो वर्षों के वियोग का लबा अनराल—सुनील की आखें नम हो आईं। अपन मीने से चिपकी सुबकती मरिता के कोमल हाथ अपने हाथो मे लेकर वह भर्राए कठ मे बोला— 'सरु !"

सुबकते स्वर म ही मरिता के मुख से निकला—"यह कैमी सूरत बना ली है तुमने अपनी ?"

"चिन्ता न करो, सरु ! अब सब ठीक हो जाएगा ! अब हमारे बीच कोई दीवार—कोई बधन नही। अब सिर्फ तुम हो और मैं ! '

"हा, यह वचन मुनने को मैं कब से तरस रही थी ! तुमको क्या मालूम ? सिर्फ तुम्हें ही क्या, किसी को नही मालूम—सिर्फ खाय मा जानती है, तुम्हारे वियोग म मैंने दा वर्षों के एक एक दिन किस तरह पार किए हैं ! सारी दुनिया—मारा शहर आधी रात की वेला म घोर निद्रा के आगोश म पडा जब मुख की नीद सोता था, तब मैं तुम्हारे सपने देखती देखती अपन बिस्तर पर चौंककर उठ बठती तलाश करने लगती— अभी-अभी ता तुम मेरे पास आए थे, तब पल भर म ही कहां छिप गए ? बावला की तरह कमरे का कभी एक कोना निहारती, तो कभी दूसरा तीसरा—फिर चौथा जब नजर नही आते तो यह सोचकर, शायद ऊपर चले गए हो —फटी फटी आखा स बैठी बठी कमरे की छत निहारने लगती लेकिन कहां ? जब होते, तब तो नजर आते—फिर एकाएक खयाल आता—अरे, मैं भी कितनी बावरी हू—सपने को मन मान बठी यह तो यहा अजब हैं, अनजान जगह अनजान लोगों म '

स्मृति का बवडर अन्तर्दाह को इस कदर धधका देता कि आखो का सागर बरबस उफन पडता—मैं फूट फूट कर रो पडती । मेरे एकाकीपन को दूर करने के लिए पास की दूसरी पलग पर पडी धाय मा के निद्रित कानो मे अचानक गूज उठता मेरा करुण आर्तनाद ! वह चौंककर उठ बैठती और पास आकर मेरा सिर सहलाती—मेरे आसू पोछती, मेरा ढाढस बधाती—कहती, न रो बिटिया ! बाबूजी जरूर आएगे—तेरे बिना उनका भी जीवन सूना है—अधूरा है वह तुझे कभी भुला नही सकते ! जरूर किसी मजबूरी ने उन्हे बाध रखा है—पर मालिक पर भरोसा रख एक न एक दिन अचानक उनका दर्शन होगा । और सच मुच धाय मा का कहना ही सच निकला । आज जब अचानक तुम्हें देखा तो आखो को सहसा विश्वास न हुआ मैं यही से, जहा हम खडे हैं, यह कहती पीछे लौट गई—छी-छी ! यह कैसी पाप भावना भर आई मेरे मन मे—मैं अपने देवता के चरणो म चढी प्रसून—परपुरुष के प्रति ऐसा दुष्ट भाव लाई ही क्या अपने हृदय म ? भीतर जाने पर मन फिर कचोट उठता—वह पुकार उठता—सरिता तू पागल तो नही हो गई ? क्या हो गया तेरी आखो को ? जिसके लिए तू इतने दिनो स बेचैन थी—व्याकुल थी, रात रात भर जिस की स्मृति म आखो की नीद गवाई अपना सुख-चैन लुटाया—आज तेरा वही सुनील, जब तेरे द्वार पर आया, तो तू उसे पहचानती भी नही ? सच जानो, अभी अभी, थोडी ही देर पहले कई बार हुआ यह कौतुक ! वह तो मन को विश्वास हुआ तब, जब धाय मा ने आकर कहा—'बेटी, देख तो सही, कौन आया है अपने घर !

'मैंने जवाब दिया—'चाचाजी के कोई मिलने वाले हैं, मां जी !'

' धत्त पगली ! अरे, तू अपने सुनील को भी नहा पहचानती ? बेटी, यही तेरे बाबूजी हैं । समय की मार स चेहरे म कुछ बदलाव आ

[illegible] (कविता सग्रह 1980)
(कविता सग्रह 19 0)
उस अनवर का कवि हू (कविता सग्रह 1981)
अरण्यान (कविता सग्रह 1934)
सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

गया है। जा, उन्हें अपनी झलक तो दिखा दे! वह बात कर रहे हैं तेरे चाचाजी से, लेकिन उनकी नजरें बेचैनी से तलाश रही हैं तुझे!'"

'तुम्हारी धाय मां का कहना सच है, सरु! तुम्हारी याद चौबीसों घंटे मुझे असंतुलित किए हुए थी बार-बार जी कहता कब मिलूं तुमसे—लेकिन करता भी क्या? फर्ज की जंजीरों ने जकड़ रखे थे मेरे पांव! लेकिन अब वे जंजीरें टूट चुकी हैं—अब तो सिर्फ एक ही जंजीर रह गई है बांधे, जो न तो कभी खुल सकती है और न ही कभी टूट सकती है और वह जंजीर हो तुम सरु—तुम! अब दुनिया की कोई बाधा—कोई विघ्न हमें जुदा नहीं कर सकता!'

"सच कहते हो? अब तो छोड़कर नहीं जाओगे न?

सच कहता हूं, सरु! अब तुम्हें छोड़कर कहां नहीं जाऊंगा। मेरी बात का विश्वास करो, सरु! मैंने कोई अपराध नहीं किया। यदि मेरे हाथों ऐसा कुछ हुआ होता तो मैं अपना मुंह तुम्हें कभी नहीं दिखलाता। हां, दंड जरूर भोगा, लेकिन उसके लिए मैं वचन दे चुका था दसरा को कारावास से मुक्त कराने का। बस, मेरा कसूर सिर्फ इतना है कि मैंने अपने दिए हुए वचन का पालन किया।"

'जानती हूं! मुझे पूरा भरोसा है तुम पर! दुनिया वाले कुछ भी कहें—लेकिन मैं जानती हूं, मेरे सुनील में कोई पाप नहीं—कोई कलंक नहीं। मैंने सोच समझकर ही भगवान शंकर और मां पार्वती के सामने तुम्हें अपनी किस्मत का मालिक बनाया और मैं समर्पित हो गई अपने उस मालिक के चरणों में! भूलकर भी मन में कभी यह भाव न लाना कि तुम्हारी सरु—तुम पर संदेह की उंगलियां उठा रही है। अपने निश्चय पर मैं आज भी अटल हूं मेरे देवता—हमें कोई ताकत जुदा नहीं कर सकती! हमने कोई पाप नहीं किया—शादी की है, फिर डर का?"

ड्राइग रूम म बैठ श्यामलालजी सरिता और सुनील की बातें सुन रहे थे। ग्लानि, क्षोभ और आक्रोश स उनका मन तिक्त हो उठा। उन्ह ख्याल आया सेठ दीनदयाल का, जिन्हें वह उनके बेटे रजन से सरिता के विवाह की स्वीकृति द चुके थे। उन्ह अब सुनील से सरिता का मिलना-जुलना अनुचित प्रतीत हुआ। उन्होंने जोर से आवाज दी— बेटी, सरिता!"

सरिता ड्राइग रूम के बाहर दरवाजे की ओट म सुनील के पास खडी थी। श्यामलालजी क बुलान पर जोर की ही आवाज म बोली— 'आई, चाचाजी!"

और दूसरे ही क्षण वह उनके सामने जा खडी हुई। श्यामलाल जी बोले—'बठो बेटी!"

सरिता बैठ गई।

श्यामलाल जी ने उस समझात हुए कहा—'बेटी जिस फल को प्राप्त नहीं किया जा सकता है और जो प्राप्त करन योग्य है भी नहीं, उसके बारे म सोचना, उसपर चर्चा परिचर्चा करना व्यथ है और दुख का विषय भी।'

सरिता समझ गई कि श्यामलालजी का यह इशारा सुनील की ओर है। इनकी बातो से साफ हो गया कि वह सुनील स उसका सबध पसद नही करते हैं, लेकिन पसद-नापसद की बात तो उस पर निभर होनी चाहिए, न कि श्यामलाल जी पर। शादी करके जीवन उसे बिताना है, न कि श्याम लाल जी को। फिर यह देखना उसका अपना निजी मामला है कि कौन उसके योग्य है—कौन अयोग्य। उसने उन्हीं के समान श्लेषात्मक भाषा मे जवाब दिया—

"और फल यदि प्राप्त हो चुका हो और ससार की नजरो म अप्राप्त हो तो?"

"नहीं-नहीं कदापि नही। ऐसा न कहो, सरिता! यह नहीं समझो कि सुनील मेरी दृष्टि म हेय है। बात कुछ और ही है, बेटी! सुनील इस

(कविता संग्रह 1980)
अनपढ़ का कवि हूँ (कविता संग्रह 1981)
(कविता संग्रह 1934)
सागर विश्वविद्यालय सागर—470003

क्षेत्र मे पिछड गया वगी ! मैंने उसका बहुत इंतजार किया और जब देखा कि वह नही आएगा तो मैंने सेठ दीनदयाल का उनके बेटे रजन से शादी पक्की कर ली है। यह बात मुझे तुमको उसी समय बता देनी चाहिए था, लेकिन फिर सोचा बाद मे बतलाने मे भी कोई फर्क नही पडेगा।

"चाचाजी, अब बद भी कीजिए ऐसी बातें। अपने बारे मे इस तरह के शब्द मैं सुनना नही चाहती। ऐसी बातें करना या सुनना मेरे लिए महान पाप है। भगवान शकर और मा पार्वती को साक्षी मानकर मैं और सुनील एक दूसरे को समर्पित हो चुके हैं चाचाजी ! सुनील मेरा है और मैं उसकी। मैं सुनील को हर तरह से समर्पित हो चुकी हू और जो चीज समर्पण मे दे दी जा चुकी होती है, वह वापस नही ली जाती।'

'बेटी, सुनील तुम्हारा दोस्त था आज भी है आगे भी रहेगा। लेकिन शादी विवाह एक बधन है जिसे समाज की मान्यता मिली हो। यह ठीक है तुमने एक दूसरे को वचन दिया था। बधानिक रीति से अभी शादी तो नही हुई ? तुम्ही सोचो, यदि मेरी जबान न रही तो कौन-सी इज्जत रह जाएगी मेरी ? सेठ दीनदयाल क्या सोचेंगे मेरे बारे मे और फिर उनके लडके रजन मे ऐसी कोई खामी भी तो नजर नहीं आ रही है।'

"शादी विवाह—और समाज की मान्यता आपने भी खूब कही चाचाजी ! अच्छा, एक बात तो बतलाइए। समाज-मान्य किसी शादी मे बाद जब पति शराबी-कबाबी, जुआरी वेश्यागामी, चोर-डकैत, लूला लगडा और अधा-अपग किसी भी कारण से नारी के योग्य नही रह जाता और नारी पतित बनने को, दर-दर की ठोकरें खाने को विवश हो जाती है, उस समय आपकी सामाजिक मान्यता उसका भरण पोषण क्या नहीं करती ? सामाजिक मान्यता का ढिंढोरा पीटने वाले आप जैसे लोग शादी तो दबाव डालकर करा देते है—जैसे आज मुझपर दबाव डाल रहे

हैं, लेकिन नारी के असहाय हो जाने पर दोबारा सामने आकर उस नारी से क्यो नही कहते है कि अपनी इच्छाओ का दमन कर तुमने हमारे दबाव पर यानी समाज के दबाव मे शादी की थी, इसलिए हम ठेकेदार लोग समाज की ओर से यह जमीन जायदाद या इतनी नकदी तुम्हे मुहैया कर रहे हैं, जिससे तुम अपनी अपने बाल बच्चो की परवरिश करो, चिंता की कोई बात नही ? लेकिन नहीं, जब ऐसी स्थिति आती है तो आप लोगो की सूरत नजर नही आती है। यही तो है आपका समाज, आपकी सामाजिक मान्यता ! यह जिंदगी का एक सौदा है जब दो अनजाने राही एक सूत्र मे बधकर जीवन भर एक-दूसरे का साथ देने की कसम खाते हैं। इन दोनो राहगीरो के आचार विचार, रहन सहन, आदत आचरण मे यदि मेल न हो तो इनकी जीवन भर साथ चलने की कसम बीच मे ही लुप्त हो जाती है और पुरुष का तो कम क्योकि वह यदि आवारा कुत्ता भी बन जाए तो समाज कुछ नहा कहता क्योकि समाज पुरुष प्रधान है, लेकिन नारी पर जो कहर गुजरता है उसकी दुख दर्द भरी कहानी भी तब सुनने को किसी के पास फुरसत नहा रहती। सेठ दीनदयाल आपके दोस्त हो सकते हैं इसका मतलब यह तो नही कि मैं एक विवाहित नारी अपने निर्दोष निष्पाप निष्कलक पति का त्याग कर आपकी दोस्ती के नाम पर बलि चढ जाऊ ? रजन अपने ध्येय के प्रति योग्य हो सकता है। मा बाप के प्रति वफादार हो सकता है और इसीलिए वह आपके भी योग्य है, लेकिन वह मेरे योग्य होगा, इसका क्या प्रमाण है ? सुनील ने आपको अपनी स्थिति का वर्णन सही-सही बतला दिया, और यह जानकर भी कि उसने जो कुछ भी किया एक निर्दोष की इज्जत और प्रतिष्ठा बचाने के लिए किया—आपने उसे अपराधी मान लिया। लेकिन दीनदयाल सेठ के लडके ने आपको अपने बारे मे कुछ नही कहा तो उसे आप प्राप्त करने योग्य फल मानने लगे, लेकिन उसने अपने

(कविता संग्रह 1950)
अनाद का कवि हूँ (कविता संग्रह 1981)
परथान (कविता संग्रह 19 4)
सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

जीवन म एसा कोई काय नही किया आप यह कैंस कह सकत हैं ? है काई आधार आपक पास ? फज कीजिए—मुनीन ने आपका अपन बारे म कुछ नही बताया होता तो ?"

तो यह उसकी धोखाधडी हाती।"

"ठीक कहा आपने चाचाजी ! अब यह बतलाइए कि यह कौन कह सकता है कि रजन अपन बारे म कोई बात छिपा नही रहा है ?'

'वकीलो क समान बहस न करो, सरिता ! मैं बहस सुनने का आदी नही हू।"

"ता कान खोलकर सुन लीजिए चाचाजी ! मैं आपके टुकडो पर नही पल रही हू कि आप जैसा चाहें, वैसा मरे साथ सलूक करें ! अपने बाप की जायदाद पर बैठी हुई हू। मैं कोई पतिता नारी नहा हू कि एक को छोड दूसरे के हाथो की खिलौना बनू।'

'सरिता !' श्यामलाल जी चीख पडे।

"खूब चीखिए, खूब चिल्लाइए—आपकी चीख पुकार यहा की दीवारो के अलावा और कौन सुनने वाला है !

'सरिता, यदि यह जानता कि तुम अपने पालने वाले के साथ एसा बरताव करोगी, ता मैंने भी भाई साहब के समान कब का यह ससार छोड दिया होता। लेकिन इतना समझ लो बेटी कि जब मैंने वचन दिया है तो बारात जरूर आएगी, बेटी !"

एक नहा, दस बारातो को निमन्त्रित कर दीजिए, मैं कौन होती हू उसे रोकने वाली ! तब इतना जरूर कहे देती हू कि उस मौके पर दुल-हन की कमी पर बिठाने के लिए 'सरिता' ता आपको मिलेगा नही—इसलिए अपनी नाक बचाने का किसी वनिता की तलाश किए रहिएगा !'

और वह झटके के साथ मुडकर दरवाजे पर पहुची।

वहा खडा कण 'बाबा मनीजी' का यह सवाद परिमवा सुन

सरिता उसका हाथ थामती हुई बोली—"आओ, चलें !"

सुनील तुम्हारे साथ नही जाएगा सरिता !' श्यामलालजी रोष मे बोले ।

सुनील जरूर जाएगा चाचाजी ! और बारात का निमत्रण-पत्र भिजवा दीजिएगा, हम दोनो समय से आकर जनवास मे शरीक हो जाएगे । बोलकर वह सुनील को साथ ले, अपने कमरे मे चली गई ।

श्यामलाल जी की दशा इस समय एक ऐसी लकडी पर बठे हुए कीडे जसी थी जिसके दोनो छोरो पर अग्नि धधक रही हो।

(कविता संग्रह 1980)
[illegible] (कविता संग्रह 1981)
(कविता संग्रह 1984)
, सागर विश्वविद्यालय सागर—470003

पन्द्रह

सेठ नीनदयाल बबई क गण्यमान्य लागा मे स थे। सेठ श्यामलाल जी से मिलकर उन्होन रजन और सरिता के विवाह का मुहूत निकलवा लिया था। इस मौके पर उ होन लगभग सभी तरह क—सभी तबके क लोगा का अधिक स अधिक सख्या मे निमत्रित किया था। सेठजी के निमत्रण पर बबई के प्राय सभी मिलो के मालिक बारात म शरीक होने क लिए आए। सेठजी न सबकी आवभगत कर उन्ह सम्मान का आसन दिया। उसी कमरे म रजन भी बैठा हुआ था।

रजन क विवाह म शरीक होन क लिए आए 'दसाई कॉटन मिल' क मालिक की निगाह अचानक उसकी आर गई। रजन इस समय पूरी तरह स दूल्हे के ठाट-बाट म था। उसकी ओर गौर स दखत हुए मिल मालिक ने कहा—"वसत।"

वसत ने यह कल्पना न की थी कि 'दसाई कॉटन मिल' का मालिक भी यहा आ पहुचेगा और न ही मिल मालिक ने यह सोचा था कि वह जिसकी शादी म शरीक होने जा रहा है, वह रजन ही वसत है।

मिल मालिक न वसत को अच्छी तरह पहचान लिया था। उसके 'वसन' कहकर बुलाने पर रजन न कोई जवाब न दिया। उसकी मना दशा विचित्र सी हो चली। इसस दूसरे निमत्रित अतिथिया का कुछ सन्देह सा हुआ। रजन मिल मालिक की दृष्टि का सामना नहीं कर पाया। वह उठकर बरामदे की ओर जान लगा तब दूसरे अतिथिया न उसस

वहीं वठन का कहा। लेकिन उससे बैठा नही गया। उम भय हुआ कही यह मिल मालिक लोगो म यह न कह द कि 'यह रजन नही वसत है, जो किसी समय उसकी मिल का महाप्रबधक था, और अपने पद का दुरुपयोग कर इसने एक लाख रुपया का गबन किया। इससे उसकी सारी प्रतिष्ठा लोगो क सामन मिट्टी म मिल जाएगी। तब यह भी सभव है कि सेठ दीन दयाल जी को जब इसका पता चले तो उनकी नजरो म भी गिर जाए।

रजन के पीछे पीछे ही मिल मालिक भी बरामदे मे चला गया और बोला—"वसत, तुम्हारे चेहरे पर यह उदासी क्यो? इस उदासी का कारण कहा मेरा यहा आना तो नही है?

नही, सेठजी! ऐसी बात नही है। लेकिन आपसे एक निवेदन है, मुझे यहा वसत न कहो। सब मुझे रजन क नाम स जानते-पहचानते हैं। मैं क्या था और समय का बहाव मुझसे क्या कराने को बाध्य कर रहा है यह मैं भी नही समझ पा रहा हू।

तो यहा हम तुम्हें क्या कहें?"

रजन सिर्फ रजन! बस आपने ठीक ही पहचाना। मैं वसत ही हू। लेकिन इस नाटक म मुझे रजन बनना पडा है। इसलिए आपसे मिन्नत है कि यहा आप मुझे वसत न कहे।

किसी काम के सिलसिले म रजन की खोज करते हुए सेठ दीनदयाल जी बरामदे की ओर आ रहे थे, लेकिन मिल मालिक और रजन का वार्तालाप सुनकर वह दरवाजे की ओट म खडे हो गए। दब कानो से उन्होंने दोनो की बात सुनी और कनखियो स देखते हुए दूसरी ओर निकल गए। वसत ने यह बात भी भाप लिया कि सेठ दीनदयाल ने उसकी और मिल मालिक के बीच हुई सारी बातें सुन ली है। उसने दुख और क्षोभ से अपना हाथ सिर म लगाकर मुह नीचे कर लिया।

"नकी यह अजीबोगरीब उदासी देखकर सेठ दीनदयाल जी और

/ /.

का साए हुए
(कविता संग्रह 1980)
का कवि हूं (कविता संग्रह 1981)
(कविता संग्रह 1984)
सागर विश्वविद्यालय, सागर—470003

मिल मालिक ने एक ही साथ भिन भिन नामो म उम पुकारा—"वसत !"

"रजन !"

अपने नाम को दो व्यक्तिया द्वारा एक ही साथ दो विपरीत स्वरा म पुकारे जाने से वसत क हृदय को गहरी चोट पहुची। वह स्वय को निर्जीव सा अनुभव करने लगा। उसकी आखा के आगे एक बार फिर वही पुरानी तसवीरें बनन बिगडने लगा। वह चिंतित हो गया—यद्यपि सुनील ने देसाई मिल के मिथ्या इल्जाम से उस कलकित हान से बचा लिया था, लेकिन मिल मालिक के भय के भूत ने उसका पीछा अभी तक नही छाडा था और उसे कलकित करने के लिए यहा तक आ पहुचा था।

उसने बरामद के एक कान म खडे सेठ दीनदयाल जी स कहा—'पिताजी, आप क्यो परेशान हो रहे हैं, आराम कीजिए न। इधर का काम तो मैं देख ही रहा हू।

रजन के आश्वस्त करन पर सठ दीनदयाल जी चिंतित मुद्रा म विश्राम-कक्ष म चले गए। यद्यपि व इस रहस्य को पूणत नही समझते थे, किंतु उनके मन मे आशका और अविश्वास के अकुर तो पनप ही गए थ।

सठ दीनदयाल जी के जाने के बाद वसत न मिल मालिक दसाई स कहा—"सेठ जी, वैसे तो आपकी निगाह म मैं आज भी आपका गुनाहगार हू, लेकिन आज भी मरे शब्द वही हैं जो उस दिन थे। मैंन रुपए का गबन नही किया। गाडी खरीदी थी यह सच है, लेकिन मरे विरोधियो न मरे साथ दगा किया और आपन उनके कहने पर विश्वास कर लिया। ठीक है, यदि आज भी आप गुनहगार समझत हैं तो मैं अपने को आपका गुनहगार मानता हू। लकिन, प्रतिशाध लेने की ता और भी कोई रीति हा सकती था, और भी जगह हो सकती थी—और भी समय हा सकता था। लेकिन यहा और विशेषकर एस समय जब !'

'तुम्ह दृष्टि भर देखना, तुमसे अपनो की सी बातें करना प्रतिशोध है क्या ? नहा, वसत ! वह ज्वाला तो कभी की जल जलाकर शात हो गई ।

आपकी महरबानिया ने मुझे जेल यात्रा करने पर मजबूर किया। छुटकारा मिलन पर यदि किसी तरह सिर छिपाने को यहा जगह मिली ता आपन यहा भी कृपा दृष्टि की । अच्छा ही रहा !

'मैंने यह कभी नही सोचा था कि तुम यहा होगे। मेरा कुछ कहना ही तुम्हें उदास होने को विवश करेगा, यह मैं नहा जानता था, मुझे इसके लिए खेद है। मैं आज सचमुच तुम्हारे सामने अपने का छोटा महसूस कर रहा हू ।

आप अपने को छोटा महसूस कर रह हैं यह आपका बडप्पन है। लेकिन मैं अपन मुह स आपको छोटा कहकर कभी अपमानित नही कर सकता—परन्तु मैं आज यहा इतना छाटा अवश्य हो गया कि अपनी ही नजरा म गिर गया।'

"यहा मैं रग म भग डालने कभी नहो आया था। मुझे इस बात का अफसोस है, वसत ! मैंने गगाजल म शराब की एक बूद डालकर तमाम घट अशुद्ध कर दिया।'

'सठ जी, गगाजल तो सदव ही पवित्र रहता है। यह तो मनुष्य की ओछी धारणा का प्रतिफलन है, जो आपन ।

'अच्छा भाई, इस समारोह म चला जाना ही मैं बेहतर समझता हू।' और मिल मालिक ने बाहर जान के लिए कदम उठाए।

वसत ने शीघ्रता म उनका हाथ पकड लिया और कुरसी पर बैठ जान को मजबूर किया और बाला—"एक न एक दिन इस छद्मोत्सव, इन झूठी शहनाइयो की कलई ता खुलनी ही थी, सा आज ही ।'

'और इसका कारण हू मैं ।'

(कविता संग्रह 1950)
जनपद का कवि हूं (कविता सग्रह 1951)
(कविता संग्रह 1954)
पद, सागर विश्वविद्यालय सागर—470003

'और मैं कर्त्ता ।'' झुनलाकर बोला वसत और उठकर अपने कमरे म आ गया । उसने आखिरी बार बडे ध्यान से अपने कमरे म चारा ओर देखा । टेबिल पर रखे दपण म बार-बार अपने दूल्हा रूप का देखा । उसने विवाह न करने का निश्चय किया । इस बात को उसने वडे स्वाभाविक और सहज ढग से लिया कि मिल मालिक दसाई के आने का मतलब है, गली गली मे प्रचारित होना कि वसत ने एक लाख रुपए का गबन किया है । यह खबर श्यामलाल जी और सरिता के काना तक पहुचे बिना नहा रहेगी । सभव है । दसाई ने किसी अन्य माध्यम स यह खबर अब तक वहा भिजवा भी दी हा । फिर यह जानने के बाद श्यामलाल जी इस विवाह का कैसे स्वीकार करेंगे या सरिता ही कैसे तयार होगी, आखिर उन्हें भी तो अपने मान सम्मान का कुछ खयाल तो होगा ही—इस घर म भी ता रहना अब कम खतरनाक नही है । सेठ दीनदयाल जी की मान प्रतिष्ठा पर भी कम धक्का नही लगेगा । लोग हसेंगे—उगलिया उठाएग । लोक-लज्जावश यह विवाह ता वह अवश्य करेंगे सरिता का डोला भी इस घर म आ जाएगा, लेकिन इसके बाद उनका वह स्नेह —वह प्यार कभी नही मिलेगा, जो देसाई के आने से पहले तक था ।

उसन गले का हार उतारकर टेबिल पर रख दिया और हाथ मुह साफ किया । वसत न एक बार सेठ दीनदयाल जी के कमरे की ओर देखा । व आंखें बद किए सो रहे थे । वसत धीरे धीरे कदम रखता दहरा लाघ बाहर आ गया । बाहर महमानो का आना जाना लगा हुआ था । दूल्हे का वश उतार दने म अब वह किसी अपरिचित महमान की निगाह म कभी नहा पड सकता था । हा, परिचिता से बचना मुश्किल था । इसीलिए यह जल्दी-से जल्दी बादरा म बाहर हा जाना चाहता था । जल्दी म एक तिपहिया स्कूटर लिया और चल पडा बी० टी० ओर ।

इसके कुछ ही दर बाद सठ दीनदयाल जी की नीद खुली। वह बिस्तर से उठे और मेहमानो क कमर मे आए। वहा सभी उपस्थित थे, लेकिन रजन उह कही नही दिखा। वह तेजी स रजन के कमरे म आए, लेकिन वहा भी उ ह कमरा खाली मिला। दो एक नौकरो से उ होन मकान के भीतर बाहर भी खाज कराई लकिन रजन का कही पता न चला। फिर ता वह समझ गए कि वह कही चला गया। यह खबर कानोकान मेह-मानो और फिर घर क भीतर तक पहुच गई। फिर तो वातावरण मे एक खलबली सी मच गइ। निमत्रित अतिथियो म विस्मय और आश्चय याप्त था। सठ दीनदयाल जी की हालत विचित्र-सी हो गई। लागो के सामन व शम से गडे जा रह थे। फिर उ होन एक दीघ सास छोडत हुए मन-ही मन यह कहकर सतोष कर लिया कि ऐसा तो एक दिन होना ही था। फिर वे कमरे म अतिथियो के सामन आए और उनके आगे हाथ जोड-कर बडी मुश्किल स सिफ इतना ही कह सके— 'मैंन आप लोगो को परेशान किया, इसका मुझे हार्दिक खेद है। फिर भी आप सब भोजन पाकर ही यहां से जाएग।'

इतना कहकर वे सिर झुकाए पुन शयनकक्ष मे चल गए।

स्टेशन पहुचकर वसत न शिमला का एक टिकट लिया। उसकी इच्छा अब सीधे सुनील से मिलन की थी। उस पूरी उम्मीद थी कि सुनील जब उसके जेल स छूटने पर मिलने नही आया तो इसम दो राय नही कि वह सीधे 'नहरू उद्यान शिमला गया होगा अपनी नौकरी पर और इस समय वह वही पर हागा। शिमला की ओर जान वाली गाडी म अभी काफी समय था, करीब तीन घटे स कुछ ऊपर ही। प्लटफाम पर एक जगह बठे-बठे उसका मन जब ऊब गया तो वह इधर उधर घूम फिरकर चहलकदमी करने लगा। घूमत घूमत वह प्लटफाम क अतिम छार तक चला गया। दिन पूरी तरह ढल चुका था, और रात्रि की कालिमा स धरती

(कविता सग्रह 1960)
का कविता (कविता सग्रह 1981)
न (कविता सग्रह 1974)
, नगर दि इविहार, सागर—470001

और आकाश धीरे धीरे ढकने लगे थे। प्लेटफार्म का अंतिम छोर होने से बिजली का खम्भा यात्री बेंच से कुछ दूर था, इसलिए वहां रोशनी बहुत ही मद्धिम पड रही थी। वसंत ने दूर से देखा उस बेंच पर सिर्फ दो मुसाफिर बैठे हुए हैं, बाकी जगह खाली है। वह अंधेरे में डूबे इसी बेंच पर बैठना चाहता था, जिससे कि यदि सेठ दीनदयाल के आदमी यदि उसकी खोज में आए तो उसे पा न सकें।

वसंत ने मन ही-मन सोचना शुरू किया—यदि वह सेठ के बंगले पर होता तो अब तक बारात रवाना हो गई होती, लेकिन अब, जब वह वहां से चला आया है तो बारात जाने का सवाल ही नहीं उठता है।

इस प्रकार मन में कभी सेठ दीनदयाल तो कभी श्यामलालजी और सरिता— तो क्षण में ही शिमला और सुनील के बारे में सोचने लगता। इस तरह विभिन्न प्रकार के विचार और विभिन्न प्रकार की कल्पनाएं करता वह बेंच पर बैठे उन दोनों मुसाफिरों की पीठ पीछे बेंच पर जो पूरी तरह खाली थी, आकर बैठ गया। कुछ क्षण बैठे बैठे जब आलस्य सा महसूस होने लगा तो वह बेंच पर टांगें फैलाकर पसर गया। वे दोनों मुसाफिर जो बेंच के सामने वाले हिस्से में बैठे थे, उनमें से एक स्त्री थी और दूसरा पुरुष। उनकी बातचीत से जान पड़ता था कि परस्पर दोनों में भाई बहन का रिश्ता है। अब तक की उनकी बातचीत से यह भेद निकालना मुश्किल था कि उनकी बातें किस समस्या को लेकर हो रही हैं। इसीलिए वसंत ने उनको या उनकी बातचीत की ओर कुछ विशेष ध्यान न दिया। लेकिन इस बार पुरुष की आवाज ने उसे कुछ चौंका-सा दिया— 'रजनी, तूने तो अच्छी तरह पता लगा लिया है न? नहीं तो हम पर पुलिस की निगाह यों ही लगी हुई है।'

'भैया, हमने अच्छी तरह पता लगा लिया है, इस समय वह निकलकर अभी शिमला नहीं गया। वैसे भी अब वह शिमला नह

मैं उसकी तलाश म दो साल पहले जब शिमला गई थी, तो वहा जाने पर पता चला कि वह अपने दोस्त वसत से मिलने, जो इस समय जेल म है नौकरी छोडकर बबई गया है।

"मैं शिमला से लौटकर फिर बबई आई उसकी तलाश म। यहा पर उसे मैने देखा जरूर, मगर मौका नहीं मिला कि उस रास्ते से हटाती। वह अधिकाश समय श्यामलाल जी की कोठी पर मेरी सहेली सरिता के साथ बिताता था। लेकिन सरिता के घर पर मैं उसे मारना नही चाहती थी क्योंकि सरिता के मेरे ऊपर अनेक ऐसे एहसान हैं जिनका मूल्य चुकाना मेरे लिए सभव नहीं है। हा, दो-एक बार वसत के मुकदमे के सिलसिले म हाईकोर्ट और जेल के गेट पर जरूर देखा, लेकिन ये जगहे ऐसी थी, जहा हर समय पुलिस का खतरा मौजूद रहता था।

"कुछ दिनो बाद मैंने उस वकील से भी मुलाकात की थी, और अपने को सुनील की बहिन बताकर मैंने सारा कच्चा चिट्ठा उससे पा लिया था। वकील के ही द्वारा पता चला कि वसत को छुडाने के लिए सुनील ने उसके सारे जुर्म का इकबालिया बयान देकर अपने ऊपर ले लिया और वसत के बदले स्वय दो साल की सजा भोगने को जेल चला गया। जिस दिन वसत की मुक्ति हुई, उसी दिन वसत के छूटने के कुछ समय बाद पुलिस ने उसे जेल भिजवा दिया। इससे यह भी साफ जाहिर है कि वसत की मुलाकात अभी तक सुनील से नही हुई है। लेकिन आज सभव है दोनो की मुलाकात हो जाए।"

'वह कैसे ?

'सरिता जो मेरी सहेली है उसकी शादी सुनील से होने वाली थी और सरिता आज भी दिल से सुनील को प्यार करती है, लेकिन सुनील अभी मुश्किल से एक हफ्ता हुआ दो वर्ष की सजा काटकर जेल से बाहर आया है। वह छूटते ही सबसे पहले सरिता से मिलने गया। वहां उसने

(कविता सग्रह 1950)
का कवि हूँ (कविता सग्रह 1951)
(कविता सग्रह 1954)
मुद्रक वि विद्यामदिर प्रेस गाजर—4,0003

सरिता के चाचा श्यामलाल जी को माफ बतला दिया कि वह वसत के
अपराध को स्वय अपने ऊपर ले लेन के कारण दो साल का कारावास-दड
भोगकर आ रहा है। श्यामलाल जी को यह बात बुरी लगी और उन्होन
सरिता की शादी रजन नाम के किसी युवक से तय कर ली। आज रजन
की बारात श्यामलाल जी के दरवाजे पर पहुच रही होगी। वास्तव म
यह रजन कोई और नही, बल्कि वसत है।"

"फिर तो यह खबर तू बडे मौके पर लाई। एक ओर शादी की
भीडभाड और दूसरी ओर रात का समय, अपने इन दोनों दुश्मनो को
आज एक ही साथ ठिकाने लगान मे कोई कठिनाई नही होगी।"

"लेकिन भैया, सब कुछ सावधान होकर करना है। मैं सरिता का
व्यक्तिगत नुकसान नही चाहती।

'तू फिक्र मत कर। लेकिन अब यहां से चल देना ही ठीक है,
क्योंकि जब तू कह रही है कि आज ही बारात चलने वाली है, तो हम भी
समय पर वहा पहुच जाना चाहिए।

योजना की रूपरेखा निश्चित कर लेने के बाद दोनो भाई-बहन
अपनी जगह से उठे और स्टेशन से बाहर हो गए।

वसन्त जो अब तक चुपचाप उनकी बातें सुन रहा था, उनके जाते
ही उछलकर बेंच से खडा हो गया। सुनील ने उसकी मुक्ति के लिए
इतनी बडी कुरबानी दी और उसे आज तक पता तक न चला! दोस्ती
का इससे बडा बेमिसाल उदाहरण और कौन-सा हो सकता है।
और एक यह है कि जिस दोस्त ने उसका इतना बडा कलक अपने
सिर पर लिया उसकी भावी पत्नी को उससे छीनने जा रहा था छी
छी, मैं यह क्या करने जा रहा था! एक हितचिंतक दोस्त के प्रति इतना
बडा प्रतिघात! आज उस दोस्त का जीवन सकट म है किसी भी
कीमत पर उसे बचाना ही होगा सुनील! मेरे मित्र! सावधान

मैं उसकी तलाश म दो साल पहले जब शिमला गई थी, तो वहा जाने पर पता चला कि वह अपने दोस्त वसत से मिलने, जो इस समय जेल मे है, नौकरी छोडकर बबई गया है।

मैं शिमला मे लौटकर फिर बबई आई उसकी तलाश म। यहा पर उसे मैंने देखा जरूर मगर मौका नही मिला कि उसे रास्ते से हटाती। वह अधिकाश समय श्यामलाल जी की कोठी पर मेरी सहेली सरिता के साथ बिताता था। लेकिन सरिता के घर पर मैं उसे मारना नही चाहती थी क्योंकि सरिता के मेरे ऊपर अनेक ऐसे एहसान है जिनका मूल्य चुकाना मेरे लिए सभव नहीं है। हा, दो-एक बार वसत के मुकदमे के सिलसिले मे हाईकोर्ट और जेल के गेट पर जरूर देखा, लेकिन ये जगहे ऐसी थी, जहा हर समय पुलिस का खतरा मौजूद रहता था।

'कुछ दिनो बाद मैंने उस वकील से भी मुलाकात की थी और अपने को सुनील की बहिन बताकर मैंने सारा कच्चा चिट्ठा उससे पा लिया था। वकील के ही द्वारा पता चला कि वसत को छुडाने के लिए सुनील ने उसके सारे जुर्म का इकबालिया बयान देकर अपने ऊपर ले लिया और वसत के बदले स्वय दो साल की सजा भोगने को जेल चला गया। जिस दिन वसत को मुक्ति हुई, उसी दिन वसत के छूटने के कुछ समय बाद पुलिस ने उसे जेल भिजवा दिया। इससे यह भी साफ जाहिर है कि वसत की मुलाकात अभी तक सुनील से नही हुई है। लेकिन आज सभव है दोनों की मुलाकात हो जाए।'

'वह कैसे ?"

"सरिता जो मेरी सहेली है उसकी शादी सुनील से होने वाली थी और सरिता आज भी दिल से सुनील को प्यार करती है लेकिन सुनील अभी मुश्किल से एक हफ्ता हुआ दो वर्ष की सजा काटकर जेल से बाहर आ है। वह छूटते ही सबसे पहले सरिता से मिलने गया। वहा उसने

[illegible]
(कविता संग्रह 1980)
समय का अबिंदु (कविता संग्रह 1981)
(कविता संग्रह 1984)
[illegible] विश्वविद्यालय, सागर—470003

सरिता के पापा श्यामलाल जी को साफ बतला दिया कि वह बसंत के अपराध को स्वयं अपने ऊपर ले लेने के कारण ही मात का कारावास-दंड भोगकर आ रहा है। श्यामलाल जी को यह बात बुरी लगी और उन्होंने सरिता की शादी रजत नाम के किसी युवक से तय कर ली। आज रजत की बारात श्यामलाल जी के दरवाजे पर पहुंच रही होगी। वास्तव में यह रजत कोई और नहीं, बल्कि बसंत है।

"फिर तो यह खबर तू बड़े मौके पर लाई। एक ओर शादी की भीड़भाड़ और दूसरी ओर रात का समय, अपने इन दोनों दुश्मनों को आज एक ही साथ ठिकाने लगाने में कोई कठिनाई नहीं होगी।

'लेकिन भैया, सब कुछ सावधानी से करना है। मैं सरिता का व्यक्तिगत नुकसान नहीं चाहती।'

'तू फिक्र मत कर। लेकिन अब यहां से चल देना ही ठीक है, क्योंकि जब तू कह रही है कि आज ही बारात चढ़ने वाली है, तो हम भी समय पर वहां पहुंच जाना चाहिए।

मानना की इच्छा निश्चित कर लेने के बाद दोनों भाई-बहन अपनी जगह से उठे और स्टेशन से बाहर हो गए।

बसंत जो अब तक चुपचाप उनकी बातें सुन रहा था, उनके जाते ही उछलकर बेंच से खड़ा हो गया। सुनील ने उसकी मुक्ति के लिए इतनी बड़ी कुरबानी दी और उसे आज तक पता तक न चला! दोस्ती का इससे बड़ा बलिदान उदाहरण अब और कौन-सा हो सकता है। और एक यह है कि जिस दोस्त ने उसका इतना बड़ा कलंक अपने सिर पर लिया, उसकी भावी पत्नी को उससे छीनने जा रहा था छी छी, मैं यह क्या करने जा रहा था! एक हितचिंतक दोस्त के प्रति इतना बड़ा प्रतिघात! आज उस दोस्त का जीवन संकट में है, किसी भी कीमत पर उसे बचाना ही होगा सुनील! मेरे मित्र! सावधान

रहना मेरे दोस्त ! हत्यारिणी रजनी और उसका भाई अनिल, जिनका सिर से पाव तक लूट हत्या-चोरी डकैती जसे जघन्य अपराधो मे डूबा हुआ है, आज ये उसको भी बख्शने को राजी नहीं हैं जिसने इनके परिवार के लिए अपना सब कुछ दाव पर लगा दिया। कैप्टेन परिवार के लिए सुनील ने क्या नही किया ! कितनी बार इज्जत बचाई रजनी की ! जीवन भर इनकी मा का भरण-पोषण करता रहा—उसका यह प्रतिफल ! इन दोनो भाइ बहनो के ये नापाक इरादे मैं कभी सफल नहीं होने दूगा। सुनील जैसे दोस्त के लिए यदि मेरी जिंदगी कुठार की धार पर भी चढ जाए तो भी कम ही है। और श्यामलालजी को क्या हो गया जो वह आज दो दिलो को जुदा-जुदा रखने पर तुले बैठे है ? उनका भ्रम दूर करना ही होगा उन्हें बतलाना ही होगा कि गुनहगार सुनील नही वसल है। सुनील सदव निष्पाप रहा है और आगे भी रहेगा। धरती-आकाश का कोना कोना छान लेने पर भी उन्हें सुनील जसा दामाद न मिलेगा।

और गहरे सोच म डूबा पुन एक तिपहिया से रवाना हो गया 'श्याम भवन' की ओर।

[illegible]
(कविता मंदर 19[illegible]0)
[illegible] (कविता मंदर 1991)
(कविता मंदर 1954)
[illegible]—470003

कोई कसूरवार नही ठहरा सकता। मैंने पहले ही सचेत कर दिया था। मैं गुडिया तो नहीं कि एक हाथ से दूसरे के हाथ मे नाचती फिरू ! मैं नारी हू और नारी की इज्जत एक बार किसी के हाथ मे सौंपी जाती है, बार-बार नहीं ! मैं एक की हो चुकी हू, फिर मेरे दूसरे विवाह का सवाल कहा उठता है ? '

शादी का मुहूर्त निकला जा रहा था। कन्या पक्ष के मेहमान बारात की व्यग्रता से इतजार कर रहे थे। बारातियों के स्वागत के लिए सेठ श्यामलालजी की ओर से किसी तरह कमी नहीं रख छोडी गई थी। श्यामलालजी केवल अपने दोस्तो पर ही निर्भर न रहकर खुद भी चारो ओर दौड-धूपकर इतजाम की देख रेख और जहा कही कमी देखते अपनी क्षमतानुसार दिशा निर्देशन कर रहे थे।

बारात सध्या के सात बजे दरवाजे पर पहुचने वाली थी। साढे आठ बजे विवाह का मुहूर्त था। लेकिन दस बज जाने पर भी न तो बारात का पता था और न कोई सदेश मिला था। पहले तो घडी-दो घडी के विलब तक उन्होंने यही सोचा था कि शादी विवाह जैसे रस्म रिवाज मे अनेक तरह की बाधाए आती हैं सभव है किसी तरह की अडचन आ गई हो और इसी कारण देर हो रही है। लेकिन विलब का समय जब सीमा पार करने लगा तो उन्हे चिता ने आ घेरा। वह फोन के पास बैठकर सेठ दीनदयाल जी का नम्बर टायप करने लगे। लेकिन जब जब नम्बर मिलाते, लाइन एगेज्ड मिलती। अनेक प्रयत्न करने पर भी जब फोन पर किसी से सपर्क न हो सका तो उन्होंने सेठ दीनदयाल के यहां पता लगाने के लिए आदमी भेजा।

सदेशवाहक के जाने के प्राय आधा घटा बाद एक बार आकर श्याम-

[illegible] ([illegible] 17 [illegible])
[illegible] 19[illegible])
[illegible] ([illegible] 1941)
([illegible] 1954)
[illegible] विश्वविद्यालय, सागर—[illegible]

भवन के रवाजे पर रुकी। श्यामलाल जी न यह मोचकर कि शायद कोई ऊचे तबके का अतिथि आया है उसको सम्मानसहित भीतर लिवा लाने के लिए इन्होंने आदमी भेजा। लकिन वह भीतर नही आया। उसन पाच स मिनट के लिए श्यामलालजी को ही अपन पास बुलवाया। खबर पाकर व लपकत हुए बाहर आए। उस समय श्यामलाल जी के साथ उनक दो चार अभिन्न मित्र भी साथ आ गए थे। श्यामलाल जी को देखत ही कार मे बैठा व्यक्ति बाहर निकल आया। उसकी वेश भूषा स ही लगना था कि वह कोई ऊचे और सपन्न घरान स सबध रखनवाला व्यक्ति है। आयु सीमा यही कोई पतालीस पचास क आसपास थी। वह खड ही श्यामलाल जी के निकट आया और बोला—"सेठ श्यामलालजी, आज आप काफी व्यस्त हैं यह मुझे मालूम है, लेकिन आपको एक सदश देना जरूरी था इसलिए मैंन आपको कष्ट दिया। आप मुझे नही पहचानत हैं लकिन मैं आपको जानता हू। आपन सर देसाई कालीदास का नाम सुना होगा जो आपके बडे भाइ के निकटवर्ती मित्रो म स थ ?

"जी हाँ ! जी हा ! खूब अच्छी तरह म जानता हू उन्ह।

"आप यह भी जानत होग कि सर देसाइ तो अब रह नही लकिन मैं उनका बडा लडका मनहर देसाई हू, देसाई काटन मिल का मालिक।

"ओह, यह तो मरा सौभाग्य है कि आपन दशन दिए। फिर भीतर चलिए न ! सर देसाई जी न हमार भाई को अपन छोट भाई का स्थान दे रखा था। लेकिन ? '

"मैं अच्छी तरह से पिताजी और आपके घरान क बीच क सबधो स परिचित हू, तभी तो आना पडा। मनहर देसाई न कहा।

'तो पधारिए न ! जिस कन्या की शादी हो रही है, वह आपक पिताजी के मित्र की लडकी है, मेरा भतीजी सरिता। वह आपकी छोटी बहन है, देसाई साहब। बडे भाग्य म आज एक बहुत बडी कमी पूरी हो

गई आज मरिना का बड़ा भाई आ गया इस आशीर्वाद देने।

मैं आपका अनुरोध स्वीकार करता हूं लेकिन पहले आप अकेले में मुझे पांच दस मिनट का समय दें, बात बहुत जरूरी है।'

आप लोग बुरा न मानें तो ? श्यामलाल जी साथ आए अपने हितचिंतक मित्रों की ओर मुखातिब हुए।

'जरूर जरूर ! मित्रों ने कहा।

और फिर मनहर दमाई को लेकर श्यामलाल जी अपने शयन-कक्ष में चले गए जिसमें वह कभी किसी को आने जाने नहीं देते थे।

कमरे में बैठते हुए दमाई ने कहा— मैं आज सवेरे ही विदेश से घर लौटा। आते ही मेरे सेक्रेटरी ने सेठ दीनदयाल जी का निमंत्रण पत्र मेरे हाथ में पकड़ाया। यद्यपि यात्रा से परेशान था इसीलिए आराम करना चाहता था। लेकिन दीनदयाल जी की प्रतिष्ठा से तो आप भी परिचित ही होंगे।

लाजिम यह भी कोई कहने की बात है ?

हां तो इसीलिए आना जरूरी हो गया। आज दूसरे पहर जब मैं दीनदयाल जी के घर गया तो ' मनहर दमाई रुके। दरवाजे की ओर देखकर बोले— दरवाजे पर शायद कोई परदे की ओट में हमारी बातें सुन रहा है।

श्यामलाल जी उठे-हां वह तुरंत बोले—' कौन है ?

उनकी आवाज सुनते ही अपना परदा हटाकर सामने आई— मनोरमा तुम ? क्या काम है ''

माफ कीजिएगा बाबूजी ! मैं अपने समय पर । और उसने साथ लाई चाय की ट्रे उनके सामने टेबिल पर रखी। श्यामलालजी तुरंत बोले— अरे मां फिर तू क्या लाई ?

बाबूजी, मुझ तो कुछ पता नहीं था न ? अभी लाई।

बोलकर वह जाने लगी तो श्यामलाल जी बोले—"सरिता तैयार हो गई।"

"अभी नही, बाबूजी ! मेरी कुछ सुनती नही।'

"कैसी मा हो ? तुमने बचपन से पाला पोसा, लेकिन आज तुम्हारी ही बात नहीं मान रही है !"

"और सुनील !"

"बाबूजी, वह लडका आज सवेरे से समझा रहा है, लेकिन बिटिया ने उसे भी झिडक दिया। वह बेचारा तो मन-ही मन खुद दुखी और परेशान है।'

"क्या बात है ? क्या हो गया सरिता को ?" पूछा मनहर देसाई ने।

"देसाई साहब, यह लबी कहानी है। वक्त लगेगा आपको सुनने म। अभी तो इतना ही जानना आपके लिए काफी है कि वह इस शादी से इनकार कर मरी नाक कटान पर तुली है। जब आप आ गए हैं और सबध आपका उसमे भाई का है, आप ही समझाइए न !"

'आया, तुम सरिता को भी साथ लेती आओ।'

"जी, साहब !"

आया तुरत भीतर चली गई। कुछ देर बाद काफी लेकर आई तो उसके पीछे पीछे सरिता भी थी, विशुद्ध वधव्य के लिबास म सफेद वस्त्र पहने।

उसन आते ही दोनो हाथ जोडकर दसाई को प्रणाम किया। श्यामलाल जी सरिता से उनका परिचय कराने ही जा रहे थे, तो देसाई न उन्हें रोक दिया—' आप इसे मरा परिचय न दीजिए ! बातचीत के म मेरा परिचय इसे स्वत ही मिल जाएगा। फिर सरिता की बात— बठ जा, बहन।'

सरिता बैठ गई। काफी देकर आया तुरन्त कमर स

गई। मनहर दसाई अपनी बात जारी रखते हुए आगे बोले—"हाँ, तो मैं कह रहा था— दूसरे पहर में दीनदयालजी की कोठी पर पहुँचा। वहाँ मैं एक ऐसे युवक को देखकर चौंक पड़ा जिसने कभी, जब वह मेरी मिल का प्रधान मैनेजर था—एक लाख रुपए का गबन किया था। वह दीनदयाल जी के यहाँ छद्म नाम से उनकी फर्म का प्रबंधक बन गया था। सेठ दीन-दयाल और उनके सारे परिवार को उसने अपनी मेहनत और लगन से मोह लिया था। उसके इन्हीं गुणों के कारण सेठ और उनका परिवार उसे अपना बेटा समझने लगा था। मुझे वहाँ उपस्थित हुआ देखकर उस युवक का चेहरा फक पड़ गया। मैंने जब उसका असली नाम लेकर पुकारा तो वह मेरे पास आकर मिन्नत करने लगा—

सेठजी, आपको बदला ही लेना है तो दो भी ले सकते हैं लेकिन इस समय इतने मेहमानों के सामने मेरे असली नाम से पुकार मुझे जलील न करें—हँसी खुशी के इस मुहूर्त को बरबाद करने के लिए रंग में भंग न घोलें।

लेकिन तीर हाथ से निकल चुका था। मैंने उसका नाम तो पहले ही ले लिया था। वहाँ उपस्थित लोगों में हलचल मच गई। सेठ दीन-दयाल जी को भी कुछ कुछ सन्देह-सा उस युवक पर हो चला। युवक इस स्थिति में पहुँच चुका था कि किसी को अपना चेहरा नहीं दिखला सकता था। मनहर दसाई कुछ दम लेने को रुके और उन्होंने प्याले में पड़ी शेष काफी समाप्त की।

श्यामलाल जी ने पूछा— फिर ?'

"फिर क्या ? लज्जा और ग्लानि में वह युवक पानी-पानी हो गया और मौका पाकर मेहमानों के बीच से खिसक गया।

"मतलब ?

मेरे छोड़कर तुरंत वहाँ चला गया। वहाँ गया, किसी को मालूम

[illegible]
([illegible] 1933)
[illegible] ([illegible] 1951)
([illegible] 1954)
[illegible]

नहा।"

'वह युवक कौन है ? क्या नाम है उसका ?' श्यामलाल जी ने पूछा।

"युवक का असली नाम तो है वसंत ! दीनदयाल जी का बेटा रंजन !'

चौंक पड़े श्यामलाल जी और चौंकी सरिता ! श्यामलाल जी की तो बोलती ही बंद हो गई। मनहर दसाई स्थिति को बिगड़ने से बचाने के लिए बोले—"मैं आया था यही कहने कि आप समाज में भयंकर बदनामी से बच गए। बारात आपके यहां नहीं आएगी। अब जो स्थिति आपके दरवाजे पर है और इतने सारे मेहमान यहां एकत्र हैं उन्हें संभालिए।

'लेकिन मैंने तो सुना था वह युवक निर्दोष था। एकदम निर्दोष।' सरिता बोली।

"बहन, यह भेद भी मुझे मिला ! वह सचमुच निर्दोष था या नहीं मैं इस बारे में आज भी सन्देह में हूं। लेकिन उस समय, चूंकि मेरे रुपए डूब चुके थे— इसलिए मैंने कुछ विचार नहीं किया, और उसके विरोधियों की बातों में आकर उस पर मुकदमा दायर कर दिया। विरोधियों ने जो दलील पेश की, जो प्रमाण दिए—वसंत उनको झूठा साबित करने में एकदम असमर्थ रहा, इसीलिए कोर्ट ने उसे अपहरण और गबन के केस में दो वर्ष की सजा सुना दी। लेकिन उसने दो वर्षों की सजा की अवधि जेल की पूरी नहीं की। एक दिन मेरी मुलाकात आपके वकील मिस्टर चतुर्वेदी से हुई, जिन्होंने हाई कोर्ट में उसकी अपील दायर की थी। उन्हीं से पता चला—वसंत के छूटने की उम्मीद बिलकुल न थी—तब उसके किसी दोस्त ने निरपराध होते हुए भी सारा दोष अपने सिर ओढ़ लिया और परिणामस्वरूप उस बेगुनाह को दो वर्ष कारावास का भोगना पड़ा और इस प्रकार वसंत को मुक्ति मिल गई। मैं नहीं जानता वसंत का वह मित्र

कौन था लेकिन इतना जरूर कहूंगा कि वसंत का वह मित्र निहायत ही ऊंचे विचारों का एक भद्र इंसान था। ऐसे गुण तो किसी देवपुरुष में ही हो सकते हैं। काश मैं उससे मिल सका होता !

इस बार दसाई ने सरिता की ओर देखा जो गुमसुम सारा इतिहास सुन रही थी। बोला— और बहन, इस विवाह से तुम क्या इंकार कर रही हो ?

भाई साहब आपने सारा इतिहास तो सुना दिया। मैं वसंत से शादी कर नहीं सकती थी लेकिन चाचाजी को वही पसंद था जिसके लिए उन्होंने इतना बखेड़ा खड़ा कर रखा है। और जिस युवक को आप देव पुरुष कह रहे हैं— भद्र और सच्चा बतला रहे हैं गांधर्व रीति से वह मेरा स्वामी बन चुका है— मैं उसके चरणों में पत्नी रूप में समर्पित हो चुकी हूं—लेकिन चाचाजी उससे मेरा संबंध मंजूर नहीं कर रहे हैं! अब आप ही बतलाएं मैं क्या करूं ? मैं कोई खिलौना तो नहीं कि एक हाथ से निकल कर चली जाऊं दूसरे के हाथ में उसका मन बहलाने! मैं एक भारतीय नारी हूं—और भारतीय नारी जब एक बार किसी को अपना मान लेती है तो फिर उसी की होकर रहती है।'

चाचाजी क्या बात है ? बहन के विचार बुरे तो नहीं हैं! मनहर दसाई ने श्यामलाल जी से कहा—'आप इसे मत रोकिए।

"अब मेरा फैसला रहा ही कहां, दसाई ? अब तो फिक्र लगी हुई है, इज्जत कैसे बचाऊं ?'

क्या अभी जिक्र ही क्या है ? सरिता ने जिसका चुनाव किया, वह लड़का इस समय कहां है ?' दसाई ने पूछा।

भाई साहब वे मेरे पास हैं—मेरे कमरे में। चाचाजी की चली होती तो वे कब के चल गए होते। लेकिन मैंने उन्हें रोक रखा है। वे आज [illegible] से परेशान हैं— रात हो रही है, दुखी होने के कारण उन्होंने सवेरे से

/
/

[illegible] 1940)
का [illegible] ([illegible] 19 1)
([illegible] 1941)
[illegible] —47/3)

अन का एक दाना भी अपनी जबान पर नही रखा।'

श्यामलाल जी चौंके—'तो सुनील भूखा है ?'

'हा, भूखे हैं। और आप जानते ही हैं कि व अगर भूखे हैं तो मुझ को खाना पीना कहा अच्छा लगेगा ?'

"इसका मतलब है, तुम दोनो ही भूखे हो!" श्यामलालजी पछताव के स्वर म बोले—"और इसके लिए कसूरवार हू मैं! बेटी, मुझे माफ कर दे! एक बेटी के सामने पिता अपनी हार स्वीकार कर रहा है। तू जो चाहती है, वही होगा। जा जल्दी म तू भी कुछ खा ले और सुनील को भी खिला द। फिर विवाह का जोडा पहनकर तुम दोनो तयार हो जाओ—इसी मडप म सामाजिक रीति रस्मो के अनुसार हम, तुम दोनो को एक सूत्र म बाध देते हैं।' श्यामलालजी आसू पोछते हुए बोले।

'यह हुई न बाई बात! जा, बहन! जल्दी कर बहुत देर हो चुकी है।" दसाई प्रसन्न होकर बोले।

सरिता के आनद की सीमा न रही। वह आया मा! आया मा!!—सुनील!—सुनील!!' पुकारती, लपटकर भीतर की ओर भागी।

मडप म विवाह की वेदी पर दुल्हन के रूप म सजी-संवरी बैठी थी सरिता और उसकी बगल म दूल्हा बना बैठा था सुनील। पडितो का मत्र-पाठ विधिवत जारी था। पिता की हैसियत स कन्यादान का फर्ज अदा करने को तत्पर खडे थे श्यामलाल जी। बाहर लॉन म बैंड बाजो और शहनाइयो की मधुर आवाजें दर्शको और मेहमानो को आत्मविभोर किए हुए थी। बाहर से लेकर भीतर मडप तक लोगो का मजमा लगा था।

पडितो न श्यामलाल जी का नाम लिया कन्यादान के लिए। इसी की प्रतीक्षा म वव स खडे थ। पुकार होते ही वेदी पर जा

विधिवत पिता का फर्ज निभाया। पंडितों ने दुल्हन और दूल्हा को अग्नि-देव के फेरे का आदेश दिया और दोनों के वस्त्रों को खींच गांठ लगा दी। आगे आगे सुनील और उसके उठते कदमों का अनुकरण करती हुई सरिता अग्निदेव के चक्कर काटने लगे। छह पूरे कर चुके थे। मंजिल का अंतिम छोर मानवा पूरा होने वाला था। इसी समय अचानक भीड़ में हलचल-सी मची। भाग-भाग चीखते चिल्लाते भागे—"डाकू-डाकू-डाकू भागो! भागो! भागो!" गिरते पड़ते, एक पर एक को कुचलते—चोट खाते लोग भागे।

तभी अचानक बिजली गुल हो गई—और रोशनी के जाते ही सुनाई पड़ा— धाय! धाय!! धाय!!!' फिर गुत्थमगुत्थी।

मंडप में गोली? सरिता भयभीत हो उठी उसके मुख से जोर की चीख निकली—"सुनील!"

बगल में ही खड़ा था सुनील—हाथ बढ़ाकर भयभीत हिरनी सी सरिता को अपनी बाहों में समेट लिया और बोला—"डरो नहीं, सरु! मैं पास हूं। अंधेरे के कारण कुछ सुझाई नहीं देता।'

सहसा गोलियों की आवाज बंद हो गई—श्याम भवन के गेट के बाहर गूंज उठा ध्वनि विस्तारक यंत्र—"अटेंशन प्लीज! डाकुओं पर पुलिस ने नियंत्रण पा लिया है आप लोग घबराएं नहीं!'

दस मिनट ही तो गुल रही बिजली—इसी में सारी घटना घट गई। रोशनी आई। लोगों के भयभीत दिलों को राहत मिली। मंडप सूना-सा लगा रहा था—खून में लथपथ एक पुरुष काया के नीचे दबी पड़ी थी एक नारी, जो उसकी गिरफ्त से छूटने का संघर्ष कर रही थी—उसके हाथ का पिस्तौल छूटकर जा गिरा था सरिता और सुनील के कदमों के पास!

तेजी में लपकता आ पहुंचा पुलिस इंस्पेक्टर और साथ में चार छह पुलिस जवान— गिरफ्तार कर लो? चुड़ैल ने वर्षों में पुलिस की नाक में दम

[illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible]

चर रखा था।'

इस्पेक्टर यही समझ रहा था—गोली उस स्त्री को लगी है। लेकिन औरत की गिरफ्तारी के बाद जब पुरुष हटाया गया तो पता चला—गोली आदमी को लगी है। उसके मुख से निकला— भाई माफ मुझे माफ करो भाइ, मैंने तो समझा गोली इसे ।

"नहीं इस्पेक्टर, आपकी गोली किधर गई मुझे पता नहीं। यह गोली इस औरत की है, जो इसने मेरे दोस्त पर चलाई थी, लेकिन सामने आ गया मैं शुक्र है, मेरे दोस्त—मेरे भाई मेरी भाभी का कुछ नहीं बिगडा भगवान ने मेरी प्रार्थना सुन ली सुनील—मेरे भाई सरिता भाभी! मुझे माफ कर देना!' और अटक-अटककर निकलती उसकी यह जबान एकाएक बंद हो गई वह सो गया चिरनिद्रा में!

अपना नाम पुकारे जाने पर सुनील और सरिता की निगाह नीचे की ओर गई—सूरत देखते ही चीख पडा सुनील —'वसंत! मेरे भाइ! तूने यह क्या किया! मुझे बचाने के लिए तूने अपनी जिन्दगी दाव पर लगा दी!"

सरिता की आंखों से चिनगारियां छूट रही थीं। उस नारी की ओर थूक मारती वह बोली— 'तू नारी जाति पर कलंक है, रजनी! तुझे तो कभी का मर जाना चाहिए था।'

पुलिस रजनी और वसंत की लाश को उठा ही रही थी कि हैड कांस्टेबिल ने इस्पेक्टर के पास आकर कहा— 'सर, इसके भाई की लाश मिली है, आपकी गोली से मारा गया है सुनते ही चिल्लाई रजनी—' अनिल!

लेकिन अनिल अपनी गुमराह बहन की आवाज के यहां कहां था! वह अपने किए गुनाहों की सजा पा चुका था!